धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सुप्रभात
रांची, रविवार
20.04.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

## न्यूज डायरी

### लातेहार में सिलेंडर बम बरामद, निष्क्रिय किया

**लातेहार।** लातेहार पुलिस ने शनिवार को गारू थाना क्षेत्र के साल्वे जंगल में सर्च अभियान चला कर सिलेंडर बम बरामद किया। बाद में सिलेंडर बम को बम निरोधक दस्ते ने विस्फोट कर निष्क्रिय कर दिया। एसपी कुमार गौरव ने बताया कि ऐसी संभावना जतायी जा रही है कि नक्सलियों ने पुलिस और सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए सिलेंडर बम लगाया होगा। उन्होंने कहा कि नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

### युवक की गोली मारकर हत्या, व्यवसायी घायल

**पूर्वी सिंहभूम/सरायकेला।** पूर्वी सिंहभूम के उलीडीह थाना क्षेत्र के खड़िया बस्ती में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान इलाके के ही ननकू लाल के रूप में हुई है। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। उधर सरायकेला-खरसावां जिले के कांड्रा थाना क्षेत्र में शनिवार को दिनदहाड़े अज्ञात बाइक सवार अपराधियों ने एक व्यवसायी को गोली मार दी। घायल व्यवसायी को प्राथमिक उपचार के बाद टीएमएच भेजा गया है।

### सऊदी अरब की यात्रा पर जायेंगे प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22-23 अप्रैल को सऊदी अरब के दौरे पर रहेंगे। उन्हें इस यात्रा का निमंत्रण क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान ने दिया है। 2016 और 2019 के बाद यह पीएम मोदी की सऊदी अरब की तीसरी यात्रा होगी। वर्ष 2023 में सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस नई दिल्ली की राजकीय यात्रा पर आए थे। उन्होंने जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लिया था और भारत-सऊदी अरब रणनीतिक साझेदारी परिषद की बैठक की सह-अध्यक्षता भी की थी।

### कैप्टन शुभांशु शुक्ला मई में जायेंगे आइएसएस

**नयी दिल्ली।** अगले महीने निर्धारित अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष मिशन में एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री के शामिल होने के साथ ही भारत अपनी अंतरिक्ष यात्रा में एक निर्णायक अध्याय लिखने के लिए तैयार है। इसरो के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने जानकारी दी कि भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला मई में एक्सिओम स्पेस के एएक्स-4 मिशन के हिस्से के रूप में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए उड़ान भरेंगे।

### टाटा-खड़गपुर ट्रेन का ब्रेक फेल, बड़ा हादसा टला

पूर्वी सिंहभूम। घाटशिला स्टेशन के पास शनिवार को टाटा-खड़गपुर मेमू ट्रेन में अचानक आग लग गयी। तकनीकी गड़बड़ी के कारण ट्रेन के ब्रेक फेल हो गये, जिससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गयी। जान बचाने के लिए कई यात्री चलती ट्रेन से कूद पड़े। ब्रेक सिस्टम ने काम करना बंद कर दिया तो ट्रेन तेज रफ्तार में आगे बढ़ती रही। इससे चक्कों और रेल पटरियों के बीच घर्षण से उठी चिंगारी ने आग का रूप ले लिया।

## आसमान में अद्भुत और हैरतअंगेज नजारा दिखा

# वायुसेना का शौर्य-पराक्रम देखकर लोग हुए रोमांचित



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** भारतीय वायुसेना की सूर्य किरण एरोबेटिक्स टीम ने शनिवार को रांची के नामकुम स्थित आर्मी ग्राउंड में एयर शो किया। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह की मौजूदगी में वायुसेना के जांबाज पायलटों ने अपने हैरतअंगेज करतबों से सबका दिल जीत लिया। करीब एक घंटे के इस एयर शो में जब उन्होंने धरती के बेहद करीब आकर करतब दिखाने शुरू किए तो आर्मी ग्राउंड में एयर शो देखने पहुंचे हजारों लोगों ने भारत माता की जय के नारे लगाने शुरू कर दिए।

भारतीय वायुसेना के पायलटों ने लड़ाकू विमानों को आसमान में एक-दूसरे के बेहद करीब उड़ाकर कलाबाजियां कीं और कभी आसमान में तिरंगा फैलाया तो कभी दिल की आकृति बनायी। इस दौरान वायुसेना के विमान 5 मीटर की दूरी बनाकर एक साथ उड़ान भरते नजर आये। कुछ विमानों ने तो उल्टी दिशा में भी उड़ान भरी। दूसरे दिन रविवार (आज) को भी एयर शो किया जाएगा। बता दें कि भारतीय वायुसेना की सूर्य किरण टीम ने थाईलैंड में एयर शो करने के बाद रांची में एयर शो किया है। टीम अब तक देश-विदेश में करीब 700 एयर शो कर चुकी है।



**सूर्य किरण भारतीय वायुसेना की 52वीं स्क्वाड्रन का हिस्सा :** भारतीय वायुसेना की एरोबेटिक डिस्प्ले टीम का नाम सूर्य किरण है। यह भारतीय वायुसेना की 52वीं स्क्वाड्रन का हिस्सा है। इसकी स्थापना 1996 में हुई थी। सूर्य किरण का उद्देश्य वायुसेना के हवाई कौशल व क्षमताओं का प्रदर्शन करना है। एयर शो के दौरान जब पायलट ने विमान के कॉकपिट से लोगों को संबोधित किया तो उत्साह चरम पर पहुंच गया। राजधानी के लोग हर तरफ से वंदे मातरम और भारत माता की जय का नारा लगाकर अपने जांबाज पायलटों का हौसला बढ़ाते नजर आए।

### राज्यपाल ने 'एयर शो' को बताया ऐतिहासिक



राज्यपाल संतोष गंगवार ने भी रांची में हुए एयर शो को अद्भुत और ऐतिहासिक बताया। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए एयर शो की सराहना की और इसके लिए सभी आयोजकों के साथ रांची सांसद सह केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और इंडियन एयर फोर्स को बधाई दी।



### जांबाजों ने अविस्मरणीय कौशल का किया प्रदर्शन :रक्षा राज्य मंत्री



**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री और रांची सांसद संजय सेठ ने मौके पर इस दिन को ऐतिहासिक बताते कहा कि एयर शो में वायुसेना प्रमुख एपी सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में हमारे जाबांजों ने अद्भुत व अविस्मरणीय कौशल का प्रदर्शन किया। वायुसेना ने आम जनमानस के मन में अमिट छाप बनाई है। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हैं। उनकी प्रेरणा से रांची में यह ऐतिहासिक एयर शो कार्यक्रम हो रहा है। रांची की जनता ने जिस उत्साह के साथ वायुसेना का हौसला बढ़ाया है, वह भी प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि एयर शो का प्रदर्शन रविवार को भी किया जाएगा। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि भारतीय वायुसेना की सूर्य किरण एयरोबेटिक्स टीम 23 अप्रैल को पटना में भी एयर शो करेगी।

पीड़ितों ने राज्यपाल से बयां किया अपना दर्द


## हर हाल में ठोस कार्रवाई की जायेगी : सीबी बोस

मुर्शिदाबाद हिंसा

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीबी आनंद बोस शनिवार को मुर्शिदाबाद पहुंचे। राज्यपाल ने हिंसा में जान गंवाने वाले लोगों के परिवार और शिविर में मौजूद लोगों से मुलाकात की। हिंसा पीड़ितों ने रोते-रोते दुखड़ा सुनाया। श्री बोस ने कहा, कि निश्चित रूप से ठोस कार्रवाई की जायेगी। पूरी रिपोर्ट केंद्र को भेजूंगा। परिजनों ने घटना की सीबीआई जांच की मांग की है। राज्यपाल जिले के धुलियान, सुती और जंगीपुर में अन्य हिंसा प्रभावित इलाकों का भी दौरा करेंगे।

**गवर्नर ने अपना फोन नंबर दिया**
राज्यपाल ने कहा कि पीड़ितों को फोन नंबर उपलब्ध कराया गया है, जिससे लोग मुझसे सीधे बात करने के लिए स्वतंत्र हैं। वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ बंगाल के कई जिलों में खूब हिंसा हुई थी।



मुर्शिदाबाद में एक वर्ग विशेष ने सर्वाधिक उत्पात मचाया था। हिंसा में तीन लोगों की जान गयी है।

**महिला आयोग की टीम भी पहुंची :** राष्ट्रीय महिला आयोग के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को अध्यक्ष विजया रहाटकर के नेतृत्व में हिंसा प्रभावित लोगों से मिलने के लिए धुलियान का दौरा किया। बातचीत के दौरान कई महिलाएं रो पड़ीं और केंद्रीय बलों की स्थायी तैनाती की गुहार लगायी। एक महिला ने रोते हुए कहा कि हम यहां स्थायी बीएसएफ शिविरों के बिना जीवित नहीं रह सकते। एनसीडब्ल्यू की टीम ने स्थानीय लोगों को आश्वासन दिया कि उनकी चिंताओं को केंद्रीय गृह मंत्रालय तक पहुंचाया जायेगा।

## हजारीबाग के तत्कालीन एसडीएम अशोक कुमार निलंबित जामताड़ा के एलआरडीसी प्रभात कुमार को निदंन की सजा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा के दो अफसरों पर गाज गिरी है। हजारीबाग के तत्कालीन एसडीएम अशोक कुमार को पत्नी की हत्या के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। उन्हें 10 फरवरी 2025 को जेल भेजे जाने की तिथि से निलंबित किया गया है। उपायुक्त हजारीबाग द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग ने उन्हें निलंबित किया है। निलंबन संबंधी आदेश में कहा गया है कि कारा से बाहर आने के बाद वह कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग में योगदान देंगे।

वहीं जामताड़ा के एलआरडीसी पद पर प्रभात कुमार को 2021 में पदस्थापित किया गया था, लेकिन उन्होंने पद पर योगदान नहीं दिया। इस आरोप में उन्हें 14 जून 2024 को निलंबित कर दिया गया था। विभागीय कार्यवाही में पूछे गए स्पष्टीकरण का जवाब देते हुए प्रभात कुमार ने कई परेशानियों का जिक्र किया, लेकिन ठोस प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया। इस आधार पर उन्हें निलंबन मुक्त तो कर दिया गया, लेकिन निंदन की सजा दी गई। द्वितीय स्पष्टीकरण में भी स्पष्ट प्रमाण संलग्न नहीं किए जाने के कारण उनको दी गई निंदन की सजा को बरकरार रखा गया है।

## झारखंड में निवेश को ले वार्सिलोना में बैठकें शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** विदेश दौरे पर झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन स्पेन के वार्सिलोना शहर पहुंचे। स्पेन में भारत की एक्टिंग कंसल्टेंट जनरल आरशा एनएस ने सीएम और उनकी टीम का स्वागत किया। सीएम के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल भारतीय प्रवासी उद्यमियों और स्पेनिश के खास लोगों के साथ मुलाकात का सिलसिला शुरू हो गया। भविष्य के सहयोग के लिए फिरा डे बार्सिलोना और एफसी बार्सिलोना के साथ भी बैठकें होंगी। स्पेन और



स्वीडन के दौरे के क्रम में झारखंड की खदानों की नीलामी में भाग लेने के लिए निवेशकों को आमंत्रित किया जायेगा। विदेशी उद्योगपतियों को राज्य की औद्योगिक नीति और उपलब्ध खनिज संसाधनों से अवगत कराया जायेगा। मैड्रिड के एक होटल में निवेशकों के साथ एक बैठक आयोजित की गयी है।

### 2000 से ज्यादा के ट्रांजेक्शन पर जीएसटी नहीं : केंद्र

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि 2000 से अधिक के यूपीआई ट्रांजेक्शन पर जीएसटी लगाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि यह दावा कि सरकार ₹2000 से अधिक के यूपीआई ट्रांजेक्शन पर जीएसटी लगाने पर विचार कर रही है, पूरी तरह से गलत, भ्रामक और निराधार है। फिलहाल सरकार के पास ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है। यह भी बताया कि किसी खास इंस्ट्रूमेंट्स का इस्तेमाल की जाने वाली पेमेंट से जुड़े एमडीआर जैसे चार्जेस पर लगाया जाता है।

## पीएम मोदी ने देशवासियों से संयमित खान-पान अपनाने और मोटापे से लड़ने का किया आग्रह

विश्व लीवर डे


एजेंसी

**नयी दिल्ली।** विश्व लीवर दिवस के अवसर पर शनिवार को पीएम नरेन्द्र मोदी ने सभी नागरिकों से संयमित खान-पान अपनाने और स्वस्थ जीवनशैली को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। पीएम मोदी ने छोटे लेकिन प्रभावी बदलावों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि तेल का सेवन कम करने जैसे उपाय समग्र स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण



योगदान दे सकते हैं। वहीं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने एक्स पर लिखा कि जब हम भोजन को दवा की तरह इस्तेमाल करते हैं तो छोटे-छोटे बदलाव बड़े नतीजे दे सकते हैं। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी जी के आह्वान के जवाब में कहा- आइए मोटापे और हमारे समाज पर इसके बढ़ते प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाने का भी संकल्प लें। वहीं, जेपी नड्डा के पोस्ट का जवाब देते हुए पीएम ने कहा- आइए, हम सब मिलकर मोटापे के बारे में जागरूकता बढ़ाकर एक स्वस्थ और तंदुरुस्त भारत का निर्माण करें। दरअसल, प्रधानमंत्री मोदी ने फरवरी, 2025 में मन की बात के 119वें एपिसोड में लोगों में बढ़ते मोटापे पर चिंता जाहिर की थी, जो लोगों के स्वास्थ्य पर प्रभाव डाल रहा है।

**गृह मंत्री बोले- 'नहीं लेता हूं दवा या इंसुलिन' :** विश्व लिवर दिवस पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह लीवर और पित्त विज्ञान संस्थान के कार्यक्रम में शामिल हुए। श्री शाह ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के अपने व्यक्तिगत अनुभव को साझा करते हुए बेहतर स्वास्थ्य का श्रेय नियमित व्यायाम, उचित नींद और आहार को दिया। उन्होंने कहा कि आवश्यक मात्रा में नींद, पानी, आहार और नियमित व्यायाम ने उनको बहुत कुछ दिया है। अमित शाह ने कहा कि आज भी वो किसी भी तरह की दवा और इंसुलिन नहीं लेते हैं।



## अमृत योजना के चार निकाय के योजनाओं के संवेदक को चेतावनी

**रांची।** नगर विकास विभाग ने अमृत योजना से स्वीकृत योजनाओं के क्रियान्वयन में धीमी गति पर नाराजगी जतायी है। धनबाद शहरी जलापूर्ति योजना, आदित्यपुर सिवरेज योजना, हजारीबाग एवं देवघर सेप्टेज योजना की धीमी प्रगति है। नगर विकास विभाग ने इस पर नाराजगी भी जतायी है ओर नगरीय प्रशासन निदेशालय को निर्देश दिया है कि अविलंब इन निकायों में कार्य कर रहे संवेदकों के साथ बैठक कर काम तेजी से कराने का निर्देश दें। अगर इसके बाद भी काम की प्रगति असंतोषजनक रहता है तो संवेदक पर एकरारनामा के प्रावधानों के अनुसार कड़ी कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया गया है। विभाग यह प्रयास कर रहा है की चारों शहरों की इन स्वीकृत योजनाओं को जल्द से जल्द पूरा करा दिया जाये ताकि आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलबध करायी जा सके।

# 18 साल की लूट खत्म, अब सिस्टम को मिलेगा इलाज : डॉ इरफान

### भ्रष्टाचार मुक्त होगा स्वास्थ्य विभाग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने एक बार फिर से भाजपा को निशाने पर लिया है। कहा है कि 18 साल की लूट खत्म, अब सिस्टम को इलाज मिलेगा। स्वास्थ्य विभाग भ्रष्टाचार मुक्त होगा। अब लूट नहीं, सुधार होगा। डॉ इरफान ने कहा कि जब हाथी बाजार से निकलता है तो ..... आम है। लेकिन हाथी रुकता नहीं है। सरकारी कर्मियों की कोई जाति नहीं होती सिर्फ कर्तव्य होता है। ईमानदारी हमने राहुल गांधी से सीखी है और हिम्मत हमें हेमंत सोरेन से मिली है। अब झारखंड को लूटने का सपना छोड़ दीजिए।



**स्वास्थ्य विभाग अब नहीं रहेगा किसी का चारागाह :** उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि एक बात बिलकुल साफ कर देना चाहता हूं, झारखंड का स्वास्थ्य विभाग अब किसी का चारागाह नहीं रहेगा और न ही खाद्य आपूर्ति विभाग या आपदा प्रबंधन। अब जो काम करेगा, वो रहेगा। जो कामचोर और भ्रष्ट है, वह बाहर जायेगा। ये विभाग अब काम के नाम पर आरामगाह नहीं बने रहेंगे।

**भाई साहब, व्यवस्थाएं यूं ही नहीं बदलतीं :** मंत्री ने आगे कहा कि भाई साहब, व्यवस्थाएं यूं ही नहीं बदलतीं। कुछ कड़े फैसले लेने पड़ते हैं और मैं वो फैसले लेने के लिए तैयार हूं। भाजपा ने 18 सालों तक स्वास्थ्य विभाग को ऐसा लूटा जैसे ये कोई खान हो, लेकिन अब खनन बंद हो गया है। अब वक्त सिस्टम और माफियाओं के इलाज का है। जनता के प्रति स्वास्थ्य विभाग में हर यूनिट, हर विंग एक कमिटमेंट है। यहां कोई भी सुस्ती, ढील या दलाली अब नहीं चलेगी।

**सुधर जाइए, नहीं तो पर्दा उठेगा और किरदार सामने आयेगा :** जो अफसर काम में टांग अड़ाते हैं या बाहर से उंगली पकड़कर किसी को खींचने की कोशिश करते हैं। उनसे बस यही कहूंगा कि अबकी बार, सुधर जाइये। नहीं तो पर्दा उठेगा और किरदार सामने आयेगा। नेताओं के बीच कुछ ऐसे भी हैं, जो हर जगह करप्शन ही सूंघते हैं, जैसे गाड़ी में पेट्रोल की जगह बासी घी डाल दिया हो। अरे भाई, थोड़ा जनता के काम पर भी ध्यान दे लिया कीजिए।

### ... तो राजनीति से संन्यास लेने पर कीजिए विचार

हेमंत सरकार हाथी है और हम झारखंड के लोगों की उम्मीद हैं। याद रखिए, हेमंत है तो हिम्मत है। कुछ बुजुर्ग नेता बाबूलाल जीऔर सरयू राय जी, जिनका हम सम्मान करते हैं। उनसे भी मैं कहना चाहता हूं, अब एआई का जमाना है। आप लोग अब भी रेडियो की तरह पुराने ख्याल में फंसे हैं। जरा धैर्य रखिए, मेडिकल व्यवस्था सुधारने में वक्त लगेगा। कोई जादू की छड़ी नहीं है हमारे पास। अगर धैर्य नहीं है, तो अब राजनीति से संन्यास लेने पर विचार कीजिए, क्योंकि नेताओं को मार्गदर्शक बनना चाहिए, मलबा नहीं।

### सावधान, अब हम एक्स-रे से सब कुछ देख सकते

अब न किसी को लूटने दिया जायेगा, न घुसपैठ की इजाजत मिलेगी और जो भी करप्शन को ढाल बनाकर छिपना चाहता है। उससे बस यही कहना है, सावधान, अब हम सब कुछ एक्स-रे से देख सकते हैं!

## खबर एक नजर में

### पद से अधिकारी हटाये जाते हैं जातियां नहीं बाबूलाल जी इसे तूल नहीं दे : सोनाल शांति



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने रिम्स निदेशक को हटाए जाने मसले पर बाबूलाल मरांडी द्वारा दिये गये बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि बाबूलाल जी, रिम्स निदेशक को हटाए जाने के मामले को जातिगत मसला बनाने की कोशिश ना करें,पद से अधिकारी हटाए जाते हैं जातियां नहीं। वर्तमान सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाने से पहले उन्हे यह याद रखना चाहिए कि झारखंड में भ्रष्टाचार की गंगोत्री का उद्गम उनके कार्यकाल में ही हुआ था जो डेढ़ दशक से ज्यादा भाजपा के नेतृत्व में चलने वाली सरकार के कार्यकाल में गहरा हो गया। सोनाल शांति ने कहा है कि भ्रष्टाचार पर वार भाजपा के गले नहीं उतर रहा है। सरकार के निर्णय के इतर रिम्स निदेशक के कार्यकलाप थे, जिससे व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही थी, इसे नियंत्रण में रखने हेतु रिम्स निदेशक का हटाना जरूरी था। भाजपा के कार्यकाल में मजबूत की गई भ्रष्टाचार की जड़ों पर महागठबंधन सरकार द्वारा प्रहार किए जाने के कारण भाजपा में बौखलाहट है। उन्होंने कहा है कि भाजपा के कार्यकाल में ही प्रथम जेपीएससी परीक्षा में घोटाला हुआ जिसका दंश झारखंड का युवा आज भी झेल रहा है। इस आयोग के सभी सदस्य जेल में रहे हैं। बाबूलाल जी जिस नेता को भ्रष्टाचारी कहते हैं उसी भ्रष्टाचारी को भाजपा में शामिल करते हैं। दवा घोटाले के आरोपी भानु प्रताप शाही इसके उदाहरण मात्र है। एक पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ने अपने कार्यकाल में ही कई सरकारी सुविधाओं से अपने मेडिकल कॉलेज को लाभान्वित किया। भाजपा के कार्यकाल में हुए घोटाले के कारण कई अधिकारी जेल जा चुके हैं जिसकी सूची बाबूलाल जी के पास है उन्हें यह सूची जारी करनी चाहिए। सोनाल शांति ने कहा है कि महागठबंधन सरकार भ्रष्टाचार पर वार करने वाली सरकार है। बाबूलाल जी को इस अभियान में सहायक बनना चाहिए रोड़ा नही। 2014 से लेकर 2019 तक के भाजपा के मुख्यमंत्री रघुवर दास के काले कार्यकाल को जनता भूली नहीं है।

### अलग-अलग मामलों में राज्य सरकार, सीआइएल और एनसीटीइ पर हाइकोर्ट ने लगाया 10-10 हजार का जुर्माना

**रांची।** प्रतिवादियों को समय दिए जाने के बावजूद भी शपथ पत्र/ प्रतिशपथ पत्र दाखिल नहीं करना महंगा पड़ा है। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति आनंदा सेन की कोर्ट ने एक ही दिन में 8 अलग-अलग सर्विस से जुड़े केस में प्रतिशत पत्र /शपथ पत्र दाखिल नहीं किए जाने पर प्रतिवादियों (राज्य सरकारी एवं अन्य, नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन और कोल इंडिया लिमिटेड) पर 10-10 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया है। जुमार्ना की यह राशि वैसे दोषी अधिकारियों से वसूली जाएगी जिन्होंने कोर्ट द्वारा अवसर दिए जाने के बावजूद भी शपथ पत्र/ प्रतिशपथ दाखिल नहीं किया। जुमार्ना की राशि प्रतिवादियों को एडवोकेट वेलफेयर फंड ट्रस्टी कमेटी में जमा करने का निर्देश दिया गया है। अगली सुनवाई के पूर्व प्रतिवादियों को जुमार्ना के साथ के साथ शपथ पत्र /प्रतिशपथ पत्र दाखिल करना है। जिन 8 अलग- अलग सर्विस मैटर में हाईकोर्ट ने प्रतिवादियों पर जुमार्ना लगाया है उनमें उषा देवी, दीपक कुमार, मोहन प्रसाद सिंह, राजीव कुमार, विनोद कुमार, भादू महतो और मनोज कुमार अन्य शामिल है।

### एशियन गेम्स की सिल्वर गर्ल मधुमिता कुमारी की शादी में शामिल हुए आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो, दी बधाई

**रांची।** झारखंड की अंतर्राष्ट्रीय तीरंदाज और एशियन गेम्स की सिल्वर मेडलिस्ट मधुमिता कुमारी ने अपने पारिवारिक जीवन की नई शुरूआत की। आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो ने मधुमिता कुमारी के विवाह समारोह में शामिल होकर अपनी शुभकामनाएं दीं। मधुमिता कुमारी ने तीरंदाजी में प्रदेश और देश का नाम रौशन किया है। सुदेश महतो ने मधुमिता कुमारी को उनके नए जीवन के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, बिरसा मुंडा आर्चरी अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक प्रकाश राम, शिशिर महतो,आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह एफसीएस रोहित प्रकाश प्रीत, शशि भूषण, मीडिया प्रभारी सोनू अग्रहरी ने भी मधुमिता कुमारी के सुखी जीवन की कामना की। मधुमिता कुमारी बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकेडमी सिल्ली की प्रशिक्षु हैं और उनकी उपलब्धियों पर सभी को गर्व है। सुदेश महतो के अलावा कई गणमान्य व्यक्ति विवाह समारोह में शामिल हुए और अपनी शुभकामनाएं दीं।

## स्वास्थ्य बीमा योजना में कार्ड जारी होने के बाद भी 70 हजार से अधिक कर्मियों का वेरिफिकेशन पेंडिंग

### डीडीओ की सुस्त चाल से कर्मियों के साथ आश्रितों का भी नहीं हो पा रहा है सत्यापन

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्यकर्मियों के लिए लागू की गई स्वास्थ्य बीमा योजना में सत्यापन का काम काफी धीमा चल रहा है। इस योजना के तहत कर्मियों का कार्ड भी जारी हो गया है। परंतु डीडीओ की सुस्त चाल से कर्मियों के साथ आश्रितों का भी सत्यापन नहीं हो पा रहा है। जानकारी के अनुसार, 70 हजार से अधिक कर्मियों के साथ आश्रितों का वेरिफिकेशन डीडीओ के स्तर पर लंबित हो गया है। बीमा योजना के कवरेज में शामिल होने वाले राज्यकर्मियों से प्रतिमाह 500 रुपए की कटौती भी की जा रही है।

#### कर्मियों के आश्रितों के इलाज पर संशय

डीडीओ लेवल पर सत्यापन नहीं होने से कर्मियों के आश्रितों के इलाज पर भी संशय खड़ा हो गया है। इसकी वजह यह है कि जब तक डीडीओ स्तर से कर्मियों के आश्रितों का सत्यापन नहीं हो जाता, तब तक आश्रितों का इलाज नहीं हो पाएगा। जानकारी के अनुसार, अब तक लगभग 50 हजार कर्मियों के साथ उनके आश्रितों का वेरिफिकेशन हो पाया है।

**24 से 48 घंटे के अंदर पूरी की जानी है सत्यापन की प्रक्रिया :** बीमा का लाभ पाने के लिए डीडीओ स्तर से 24 से 48 घंटे के अंदर सत्यापन की प्रक्रिया पूरी की जानी है। कर्मी जिस विभाग से जुड़ा होगा, उस विभाग के डीडीओ के पास ऑनलाइन वेरिफेशन होगा। इसके लिए स्टेट इंप्लोई हेल्थ इंश्योरेंस के साइट पर पूरा विवरण अपलोड करना होता है।

#### योजना के लिए सरकार ने किए हैं ये प्रावधान

योजना के कार्यान्वयन के लिए राज्य सरकार आकस्मिकता निधि से 150 करोड़ रुपये की राशि का उपयोग करेगी, जबकि 50 करोड़ रुपये बफर स्टॉक के रूप में राज्य आरोग्य सोसायटी के ट्रस्ट में रखे जाएंगे। सरकार ने इस योजना के लिए टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी के साथ करार किया है।

#### क्या है योजना का फैक्ट फाइल

राज्य सरकार ने राज्यकर्मियों और उनके परिजनों के लिए स्वास्थ्य बीमा शुरू की है। सरकारी कर्मी के साथ उनके आश्रितों को भी सामान्य बीमारी में प्रति वर्ष पांच लाख और गंभीर बीमारी में 10 लाख रुपए तक के कैशलेश इलाज की सुविधा प्राप्त होगी। इस योजना को तहत 1.75 लाख राज्यकर्मियों और 2.25 लाख सेवानिवृत्त कर्मियों को मिलना है लाभ। स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत लगभग 1.75 लाख राज्यकर्मियों और 2.25 लाख सेवानिवृत्त कर्मियों को लाभ मिलना है। अखिल भारतीय सेवाओं के सेवारत या सेवानिवृत्त पदाधिकारी एवं कर्मी, विधानसभा के पूर्व सदस्य, पदाधिकारी-कर्मचारी, विभिन्न बोर्ड-निगम और संस्थानों में काम करने वाले या सेवानिवृत्त कर्मी भी अपनी इच्छा के आधार पर योजना का कवरेज ले सकते हैं।

## सतर्क रहे राज्य की जनता, कहीं मुर्शिदाबाद जैसी स्थिति झारखंड में भी न हो जाये: मरांडी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को फिर एक बार राज्य सरकार पर निशाना साधा। मरांडी गिरिडीह में मंत्री हफीजूल हसन की बर्खास्तगी को लेकर किए जा रहे प्रदर्शन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संविधान से ऊपर शरिया को मानने वाले मंत्री के दिल की बात जुबान पर आ गई। मंत्री जी यहीं पर नहीं रुके। उन्होंने तो खून खराबे की बात भी कर डाली है। मंत्री का ही बयान है, जो मीडिया में जोर शोर से वायरल हो रहा है। इसमें उन्होंने कहा है कि मुसलमान कब्र में नहीं है,सब्र में है। सड़क पर उतर गया, तो खून खराबा होगा ये उनकी भाषा है। जिनकी पार्टी और गठबंधन के नेता पॉकेट में संविधान लेकर घूमते है, संविधान बचाने की बात करते हैं। मंत्री के संविधान विरोधी बयान के बाद कांग्रेस और झामुमो की चुप्पी यह बता रही कि इसमें उनकी सहमति है। तुष्टीकरण और वोट बैंक की राजनीति में यह इंडी गठबंधन अंधा हो चुका है।

जनता को सावधान और जागरूक रहने की जरूरत

झारखंड की जनता को सावधान और जागरूक रहने की जरूरत है, नहीं तो ये सत्ता भोगी और तुष्टीकरण में आकंठ डूबे लोग झारखंड में भी मुर्शिदाबाद जैसी घटना करा सकते हैं। संविधान बचाने की बात करने वाली कांग्रेस झामुमो ने बार बार संविधान की मयार्दाओं को तार तार किया है। कांग्रेस राज में तो सत्ता सुख और तुष्टीकरण के खातिर अनेक संशोधन किए। 90 बार से अधिक धारा 356 का उपयोग करते हुए लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकारों को बर्खास्त किया, राष्ट्रपति शासन थोपा।ऐसे सत्तालोलुप और तुष्टीकरण की राजनीति करने वालों को बड़ा सबक सिखाने की जरूरत है ताकि भविष्य में ये ऐसी भाषा नहीं बोल सकें। ऐसे मंत्री को अविलंब बर्खास्त किया जाना चाहिए

## विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल ने प. बंगाल में सांप्रदायिक हिंसा पर जताया आक्रोश

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल रांची महानगर, रांची ग्रामीण जिला एवं विभिन्न धार्मिक, सामाजिक तथा सभी समविचारी हिन्दू संगठनों के तत्वावधान में शनिवार को राजभवन के समक्ष धरना दिया गया। पश्चिम बंगाल में सांप्रदायिक हिंसा पर आक्रोश व्यक्त करते हुए हिंदुओं की सुरक्षा पर चिंता व्यक्त की गई। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि बंगाल में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। सैकड़ों हिंदू परिवार मुर्शिदाबाद एवं अन्य जिलों से पलायन कर रहे हैं। उनमें एक भय का माहौल व्याप्त है। वर्तमान ममता सरकार हिंदुओं को सुरक्षा प्रदान करने में असमर्थ है। कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। अतः विश्व हिंदू परिषद ममता सरकार को बर्खास्त कर पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग करती है।

धरना कार्यक्रम के बाद पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग को लेकर एक प्रतिनिधि मंडल ने उपायुक्त, रांची के माध्यम से राष्ट्रपति महोदया के नाम ज्ञापन उपायुक्त कार्यालय रांची में जाकर सौंपा। प्रतिनिधि मंडल में विहिप महानगर अध्यक्ष कैलाश केशरी, उपाध्यक्ष गोपाल पारिख, रांची ग्रामीण जिला मंत्री लाल लोकनाथ शाहदेव, बजरंग दल जिला संयोजक विक्रम साहू एवं अनिल तिवारी नीति थे।

धरना कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद यादव, सुनील गुप्ता, प्रान्त मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र, बजरंग दल प्रांत संयोजक रंगनाथ महतो, प्रांत प्रचार-प्रसार प्रमुख प्रकाश रंजन, युगल किशोर प्रसाद, पवन मंत्री, राजीव रंजन मिश्र, सिद्धार्थ सचदेवा, चंद्रदीप दुबे ,शुभाशीष चटर्जी ,योगेश खेडवाल, अजय राजगढ़िया, प्रदीप मिश्रा, प्रकाशचंद्र सिन्हा, रणधीर सिंह, रेनू अग्रवाल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## व्यवसायियों पर हो रहे हमले से चैंबर ऑफ कॉमर्स नाराज, पुलिस प्रशासन पर खड़े किये सवाल

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्य में गिरती कानून व्यवस्था के खिलाफ व्यवसायी खुलकर सामने आ गए हैं। झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने आए दिन व्यवसायियों पर हो रहे घटना पर नाराजगी जताते हुए सरकार से पुलिस व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त करने की मांग की है। चेंबर भवन में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि जिस तरह से हमले की घटना आम हो गई है, उससे लगता है कि राज्य में कानून का राज नहीं है। हालत यह है कि व्यवसायी भय के माहौल में काम कर रहे हैं, जिन्हें देखने वाला कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि आज मुख्यमंत्री विदेश दौरे पर हैं और विदेशी पूंजी निवेश की कवायद चल रही है, मगर यदि विधि व्यवस्था सुचारू नहीं रहेगी तो कैसे राज्य में उद्योग धंधे लगेंगे। जो उद्योगपति हैं वह भय के माहौल में हैं। उन्होंने कहा कि एक व्यापारी अपने जीवन काल में कर देकर जिससे सरकार चलती है उसे देने का काम करता है। किसी भी राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ व्यवसाय ही होता है, मगर आज उद्योग और व्यवसायी चिंता में हैं। हर दिन राज्य भर से आने को वारदात की खबरें आती है। कोई भी व्यवसायी भय के माहौल में अपना व्यवसाय बढ़ाना नहीं चाहता है। आपराधिक घटनाओं में हुई वृद्धि पर नाराजगी जताते हुए झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने सरकार से पुलिस अनुसंधान के तरीके बदलने के साथ-साथ बड़े शहरों में पुलिस कमिश्नर की नियुक्ति करने का अनुरोध किया है।

झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के महासचिव आदित्य मल्होत्रा के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने कानून व्यवस्था को लेकर सवाल खड़ा करते हुए सरकार से पुलिस और व्यवसायियों की एक संयुक्त कमेटी पूर्व की तरह बनाने का आग्रह किया है। आपराधिक घटना के लिए पुलिस थाना को जिम्मेदार ठहराने की मांग करते हुए चैंबर ऑफ कॉमर्स ने कहा है कि पुलिस की गलती पर बड़े अधिकारी नजर रखें। चौकसी बढ़ाने की आवश्यकता है। गौरतलब है कि हाल के दिनों में व्यवसायियों पर हो रहे हमले के खिलाफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के नेतृत्व में राज्य के सभी जिलों में एक साथ शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सरकार के विरोध में नाराजगी जताई गई।

# झारखंड कांग्रेस कमेटी में अब गणेश परिक्रमा करने वालों को स्थान नहीं जमीनी स्तर पर काम करने वाले नेताओं और कार्यकर्ताओं को मिलेगी जगह

सत्येन्द्र

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश द्वारा कही गई बातों को माने तो झारखंड कांग्रेस की नई प्रदेश कमेटी 15 जुलाई 2025 से पहले पुनर्गठित हो जाएगी। प्रदेश कांग्रेस इस कवायद की शुरूआत झारखंड विधानसभा चुनाव के उपरांत ही शुरू कर दिया था। इसके लिए कांग्रेस आलाकमान ने नई प्रदेश कमेटी में शामिल होनेवाले कार्यकर्त्ताओं से कांग्रेस के प्रति किये गये कार्यो के ब्योरा के साथ अपने नाम का प्रस्ताव खुद देने के लिए कहा था। इसके लिए कांग्रेस आलाकमान ने कुछ शर्ते भी रखी थी। इसके तहत अगर किसी कांग्रेस नेता या कार्यकताओं को लगता है कि उन्होंने पार्टी के सभी टास्क को पूरा किया है और अपने क्षेत्र में जनता के बीच उनका व्यापक जनाधार है। साथ ही यदि उन्हें लगता है कि वह प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) में पदाधिकारी के तौर पर सभी जिम्मेवारियों को निभाने के लिए योग्य हैं तो वह अपने नाम की अनुशंसा खुद प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश प्रभारी के समक्ष कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें किसी गॉड फादर को ढूंढने की जरूरत अब नहीं है।




**वर्तमान पीसीसी पदाधिकारी को बताना होगा योगदान :** ज्ञात हो कि इस बार पीसीसी पुनर्गठन के लिए गूगल फार्म भरते समय पीसीसी के वर्तमान सदस्यों को एक खास निर्देश दिया गया है कि वह यह भी बताएं कि पीसीसी में वर्तमान में जिस पद पर आप हैं उस पद के साथ आपने कितना न्याय किया है। पार्टी के कार्यक्रमों और नीतियों को आगे बढ़ाने में कितना योगदान किया है। यह नई पुनर्गठित होने वाली पीसीसी में जगह पाने का मजबूत आधार बनेगा।

### कांग्रेस का कोई कार्यकर्ता भर सकता है फार्म: सोनाल

झारखंड कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि एक सरल गूगल फार्म को भर कर झारखंड का कोई भी कांग्रेस कार्यकर्ता पीसीसी पदाधिकारी बनने की अपनी इच्छा व्यक्त कर सकता है। इसके लिए वह जय कांग्रेस लिखकर 9059808833 नंबर पर व्हाट्सएप कर सकते हैं या कांग्रेस के अधिकृत साइट पर क्लिक कर सकते है। इतना ही नहीं पार्टी की ओर से जारी दफकोड स्कैन कर फार्म डाउनलोड कर सकते हैं।

### परिक्रमा कर पद पाने वालों से छुटकारा मिलेगा : निरंजन

प्रदेश कांग्रेस कमेटी में जगह पाने के लिए किसी बड़े नेता की पैरवी और अनुशंसा की जगह सीधे फार्म भर कर अपनी बात आलाकमान तक पहुंचाने की इस प्रक्रिया से बेहद खुश प्रदेश प्रवक्ता निरंजन पासवान ने कहा कि इस प्रक्रिया से गणेश परिक्रमा कर पद पाने वालों पर रोक लगेगी। साथ ही ग्रासरूट पर काम करने वाले और जनाधार वाले नेताओं की पहुंच पीसीसी तक होगी।

### कांग्रेसियों में उत्साह

कांग्रेस पार्टी के इस निर्णय से पार्टी के कार्यकताओं में उत्साह है। कांग्रेस कार्यकताओं का कहना है कि अब असली कार्यकर्ता को पार्टी में जगह मिलेगी, जिसको कोई पूछता नहीं था उसको भी पदाधिकारी बनने का मौका मिल सकेगा। वहीं कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति उर्फ रिंकू तिवारी ने कहा कि इस प्रक्रिया के तहत गूगल फार्म में अलग-अलग तरह की 18 जानकारियां मांगी गई हैं। पीसीसी पदाधिकारी बनने की इच्छा रखने वाले नेता-कार्यकर्ता जब उसे भर कर देंगे तो वह कांग्रेस के ऐप के डाउनलोड हो जाएगा और पार्टी आलाकमान तक पूरी जानकारी पहुंच जाएगी। सोनाल शांति ने कहा कि इस प्रक्रिया से पार्टी के पास एक डेटा बेस भी तैयार होगा। 22 अप्रैल तक गूगल फार्म भरने की अंतिम तिथि निर्धारित है।



उत्तराखण्ड शासन
देवभूमि उत्तराखण्ड
श्री यमुनोत्री
30 अप्रैल, 2025
श्री गंगोत्री
30 अप्रैल, 2025
श्री केदारनाथ
2 मई, 2025
श्री बदरीनाथ
4 मई, 2025
श्री हेमकुंट साहिब
25 मई, 2025
हरित
चारधाम यात्रा
आप सभी का
हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन
पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
सुगम एवं सुरक्षित चारधाम यात्रा
चारधाम मार्ग के समीप आध्यात्मिक और प्राकृतिक रत्न
यमुनोत्री के पास: जानकी चट्टी, हनुमान चट्टी, खरसाली गांव, सप्तऋषि कुंड, पांडव गुफा, लाखा मण्डल, केदारकांठा ट्रैक, राणा चट्टी
गंगोत्री के पास: गौमुख ट्रैक, भोजबासा, तपोवन, सूर्यकुंड व गौरीकुंड, हर्षिल वैली, मुखीमठ (मुखबा), दयारा बुग्याल ट्रैक, गरतांग गली, काशी विश्वनाथ मन्दिर, नचिकेताताल, डौडीताल
केदारनाथ के पास: भैरवनाथ मन्दिर, वासुकीताल, गौरीकुंड, त्रियुगीनारायण मन्दिर, चोपता-तुंगनाथ-चंद्रशिला, गुप्तकाशी, देवरियाताल
बदरीनाथ के पास: माणा गांव, व्यास गुफा और गणेश गुफा, भीमशिला, औली, फूलों की घाटी, वसुधारा जलप्रपात, चरणपादुका, तप्तकुंड, नारदकुंड, ज्योतिर्मठ (जोशीमठ), सतोपंथ झील, पाण्डुकेश्वर, आदिबदरी मन्दिर, हेमकुंट साहिब
यात्रा के लिए जरुरी सामान
रेनकोट
सनग्लासेस
पानी की बोतल
मास्क
ग्लूकोस बिस्कुट
लाठी
कोल्ड क्रीम
टार्च
मंकी कैप
मफलर
कैनवास जूते
कैश
मोज़े
सैनिटाइज़र
स्वेटर
छाता
पहचान पत्र
दस्ताने
पंजीकरण के लिए
registrationandtouristcare.uk.gov.in
Toll Free number 0135 1364
Download the App:
touristcareuttarakhand
हेलीकॉप्टर/अधिक जानकारी के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं
www.heliyatra.irctc.co.in
आईआरसीटीसी हेल्पलाइन नं 1800110139
080-44647998/080-35734998
उत्तराखण्ड पर्यटन टोल फ्री नंबर:
1364/0135 3520100
महत्वपूर्ण सूचना
• यात्रा से पूर्व पंजीकरण अवश्य करायें।
• रजिस्ट्रेशन में सही मोबाईल नम्बर दर्ज करें।
• धामों पर "दर्शन टोकन" अवश्य प्राप्त करें।
• यात्रा मार्ग पर विभिन्न पड़ावों पर विश्राम करते हुए प्रस्थान करें।
• यात्रा मार्गों पर गंदगी न फैलायें एवं मार्ग को स्वच्छ रखने में सहयोग करें।
• कृपया वाहनों की गति नियंत्रित रखें एवं वाहनों को निर्धारित स्थलों पर ही पार्क करें।
• greencard.uk.gov.in पर अपने वाहन का रजिस्ट्रेशन करवाएं।
• यात्रा के दौरान सिंगल यूज़ प्लास्टिक का प्रयोग न करें।
स्वास्थ्य का रखें खास ख्याल
• यात्रा आरंभ करने से पहले निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में अपनी जांच अवश्य करायें।
• जिन्हें हृदय संबंधी दिक्कतें तथा हाइपरटेंशन है, वे अतिरिक्त सावधान रहें।
• रास्ते में कहीं भी लगे कि आपकी तबीयत ठीक नहीं है तो आगे यात्रा न करें और नजदीकी चिकित्सा केंद्र से संपर्क करें।
• जरुरी दवाइयां, फर्स्ट ऐड किट एवं मेडिकल हिस्ट्री सम्बन्धी रिपोर्ट साथ लेकर चलें।
आपकी यात्रा मंगलमय हो
त्रियुगी नारायण मन्दिर
गरतांग गली
फूलों की घाटी
हर्षिल वैली
देवप्रयाग
ऋषिकेश
औली
सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी
www.uttarainformation.gov.in
uttarakhandDIPR
DIPR_UK
uttarakhand DIPR

## स्पीड न्यूज

### वक्फ कानून के खिलाफ जुलूस 21 को



**हुसैनाबाद।** केंद्र सरकार के वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के मुस्लिम समाज में गहरी नाराजगी देखने को मिल रही है। इसके खिलाफ 21 अप्रैल को निकलने वाले जुलूस को लेकर शनिवार को शहर के मदरसा खैरुल इस्लाम परिसर में मुस्लिम समुदाय के प्रबुद्धजनों की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता समाजसेवी ऐजाज हुसैन उर्फ छेदी खान ने की। निर्णय लिया गया कि जुलूस शहर की लंबी गली स्थित शेख मुजाहिद हुसैन के घर के समीप इमली पेड़ से शुरू कर शहर के प्रमुख चौक चौराहों व मुख्य बाजार होते हुए अनुमंडल कार्यालय तक जायेगा। वहां एक शिष्टमंडल एसडीओ को एक ज्ञापन सौंपेगा। ज्ञापन सौंपने के बाद जुलूस की समाप्त होगा।

### ज्योति कलश रथ यात्रा पहुंचा विश्रामपुर



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय में शनिवार की शाम छह बजे अखिल विश्व गायत्री परिवार का ज्योति कलश रथ यात्रा का आगमन हुआ। जहां विशेष आरती के बाद धार्मिक अनुष्ठान सहित कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान गायत्री परिवार के द्वारा श्रद्धालुओं के बीच धार्मिक पुस्तक भी बांटे गये। योगेश श्रीवास्तव ने बताया कि अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वधान में परम वंदनीय माताजी की जन्म शताब्दी के शुभ अवसर पर विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय में ज्योति कलश रथ यात्रा का आगमन हुआ है। जिसमें ओमप्रकाश गुप्ता गुड्डू, अच्युतानंद पांडेय, राजन पांडेय, अंबिका सिंह, अशोक महाराज, शिव कुमार, राज कुमार, संजय ठाकुर, विकास गुप्ता मोनू, अमित सोनी भी थे।

### सैरात बंदोबस्ती की स्थगित तसीली को ले 21 को नप कार्यालय में समीक्षा बैठक



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर व रेहला में सैरात बंदोबस्ती की स्थगित तसीलि को लेकर नगर परिषद कार्यालय में 21 अप्रैल को समीक्षा बैठक होगी। जानकारी शनिवार को नप के कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडेत ने पत्रकारों को दी। बताया कि विश्रामपुर नगर परिषद द्वारा क्षेत्र में लगने वाले साप्ताहिक, प्रतिदिन बाजार,हाट व ठेला - गुमटी की बंदोबस्ती के लिये मार्च महीने में नीलामी की गयी थी। जिसका तसीलि एक अप्रैल से शुरू हुआ था। बैठक में पलामू सांसद, विधायक, बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी सहित कई अधिकारी व स्थानीय दुकानदार भी आमंत्रित किये गये हैं।

### सहायिका चयन में लगा आरोप गलत और निराधार : बीडीओ सह सीडीपीओ



**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के बीडीओ सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अमित झा ने जयपुर की प्रतिमा देवी द्वारा गड़िवा टोला में सहायिका चयन को लेकर लगाये गये आरोप को गलत एवं निराधार बताया है। नावाखास थाना अंतर्गत जयपुर की प्रतिमा देवी ने पाटन बीडीओ सह सीडीपीओ को आवेदन देकर गड़िवा टोला में चयन को गलत बताते हुए जांच करने की मांग की थी। जिसके आलोक में इन्होंने बताया कि मुलिया गड़िवा टोला में कोड संख्या 257 में सहायिका पद के लिए चार आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें सबसे ज्यादा अंक वाले का सर्टिफिकेट फर्जी था। उसके बाद ज्यादा अंक वाले अभ्यर्थी को चुना गया है।

### ट्रैफिक प्रभारी ने की सघन वाहन जांच



**मेदिनीनगर।** ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने शहर के सदीक चौक के पास सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान चार पहिया एवं दोपहिया वाहनों की जांच की गयी। 19 को जिला परिवहन कार्यालय पलामू से 14 दोपहिया का चालान फाइन 18,671 और टोटल 35,006 रुपये आया है।

### फायरिंग करनेवाला नरेंद्र महतो गिरफ्तार



**पाटन पलामू (मनीष दूबे)।** पाटन पुलिस ने जमीन विवाद में फायरिंग करनेवाला बैदा कला का नरेंद्र महतो पिता स्व पृथ्वीनाथ महतो को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नरेंद्र के पास से हथियार, तलवार, खोखा व कारतूस भी बरामद किया है। पाटन थाना प्रभारी लालजी ने बताया कि शनिवार को करीब 07:40 बजे डायल 112 से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बैदाकला में एक व्यक्ति जमीन विवाद को लेकर फायरिंग कर रहा है। त्वरित संज्ञान लेकर वरीय पदाधिकारी को सूचित किया गया। उनके निर्देश पर पाटन थाना से सशस्त्र बल के साथ टीम बैदाकला गांव स्थित आहर के पास पहुंची, तो एक व्यक्ति पुलिस को देख भागने लगा। सशस्त्र बल द्वारा तत्परता दिखाते हुए उक्त व्यक्ति को दौड़ाकर पकड़ा गया। उसने अपना नाम नरेन्द्र महतो, उम्र 65 वर्ष, पिता - स्व. पृथ्वी नाथ महतो, निवासी - बैदाकला, थाना - पाटन बताया।

### जनसंपर्क सूचना विभाग ने मेला प्रदर्शनी व नुक्कड़ सभा किया आयोजित



**पाटन पलामू।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग प्रमंडल के द्वारा पाटन प्रखंड मुख्यालय में सरकार के द्वारा जो भी जनकल्याणकारी योजनाएं चलायी जा रही है उसका प्रचार प्रसार किया गया। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के द्वारा पाटन प्रखंड मुख्यालय में मेला प्रदर्शनी नुक्कड़ सभा नाटक के द्वारा योजनाओं की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख शोभा देवी, पाटन बीडीओ अमित कुमार झा व सीओ राकेश श्रीवास्तव ने फिता काटकर किया। मौके पर पाटन प्रमुख ने कहा कि जन संपर्क विभाग द्वारा नुक्कड़ सभा व प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है जो सराहनीय है। पाटन प्रखंड के लोग योजनाओं का लाभ उठायें। पाटन बीडीओ अमित कुमार झा ने कहा कि सरकार के द्वारा अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है।

# सांसद के प्रयास से रेलवे बोर्ड ने लहर बंजारी में लाइट आरओबी निर्माण की स्वीकृति दी

- निविदा के निस्तारण के बाद आरओबी निर्माण कार्य होगा शुरू : सांसद बीडी राम
- जनता की कठिनाइयों को देख सांसद ने लोकसभा में उठाया था मामला, शीघ्र निर्माण कराने का अनुरोध किया था
- निर्माण के लिए बहुत जल्द प्रकाशित होगी निविदा, निविदा के निस्तारण के तत्पश्चात कार्य प्रारंभ किया जायेगा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बीडी राम, पलामू सांसद।

**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम के अथक प्रयासों के फलस्वरूप पलामू जिला अंतर्गत उटारी रोड़ प्रखंड के लहर बंजारी में फोब वीथ रेंप (लाइट आरओबी) निर्माण की स्वीकृति रेलवे बोर्ड के द्वारा दी गयी है। इस संबंध में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 16 अप्रैल को अपने पत्र के माध्यम से स्वीकृति की सूचना दी है। सांसद श्री राम ने कहा कि ग्राम लहर बंजारी, उंटारी रोड एवं आसपास के गांव के लोगों को आवागमन करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जनता की कठिनाइयों को देखते हुए उक्त मामले को लोकसभा में धनबाद डिविजनल बैठक, पत्राचार एवं रेल मंत्री से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उक्त स्थान पर फोब वीथ रेंप (लाइट आरओबी) निर्माण कराने का अनुरोध किया था। उक्त फोब वीथ रेंप (लाइट आरओबी) निर्माण के लिए बहुत जल्द निविदा प्रकाशित की जायेगी तथा निविदा के निस्तारण के तत्पश्चात कार्य प्रारंभ किया जायेगा। मौके पर सांसद श्री राम ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति अपनी ओर से एवं समस्त जनता की ओर से आभार प्रकट किया है। इसकी जानकारी सांसद के निजी सचिव अलखा दूबे ने दी।

# भाजपा नेत्री स्मिता आनंद ने श्री वंशीधर नगर मंदिर में की पूजा अर्चना





पूजा-अर्चना के बाद लोगों से कुशलक्षेम जानतीं भाजपा नेत्री व उपस्थित अन्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- क्षेत्रवासियों के लिए सुख समृद्धि की कामना की

**मेदिनीनगर।** पलामू संसदीय क्षेत्र के सांसद की बेटी सह भाजपा नेत्री स्मिता आनंद ने श्री बंशीधर नगर मंदिर में पूजा अर्चना कर पलामू संसदीय क्षेत्र वासियों के सुख समृद्धि की कामना की। इसके उपरांत सुश्री स्मिता ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य रघुराज पांडेय की सुपुत्री कुमारी दिव्या के शुभ विवाह के अवसर पर उनके घर ग्राम चितविश्राम में पहुंचकर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता ईश्वरी पांडेय, चेतन चौहान, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे सहित पार्टी के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

विधायक ने क्षेत्र में बिजली समस्या को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक, बोले

# जर्जर तार व पोल बदले जायेंगे काम में शीघ्र तेजी लाये विभाग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बिजली समस्या पर चर्चा करते विधायक व अन्य।

**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमण्डल कार्यालय में क्षेत्रीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव व एसडीएम गौरांग महतो ने अधिक्षण अभियंता विधुत विभाग पलामू,संतोष कुमार, सहायक विधुत अभियंता छतरपुर गुणवंत कुमार, सहायक विधुत अभियंता हुसैनाबाद रामप्रसाद महतो के साथ बैठक की। जिसमें क्षेत्र में बिजली वितरण से लेकर विधुतीकरण योजना कार्यों की समीक्षा की गयी, जिसमें ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में जर्जर हालत में तार व पॉल को बदलने, लोड सीडिंग की बंटवारा, जर्जर ट्रांसफार्मर को चिह्नित कर बदले, विद्युतीकरण योजना द्वारा चल रही कार्यों की प्रगति रिपोर्ट आदि कई बिंदुओं पर चर्चा की गयी। इस दौरान विधायक ने सख्त लहजे में अधिकारियों को निर्देश दिया कि काम में तेजी लाइये टारगेट बनाकर काम कीजिये, खेती किसानी से पूर्व किसी भी हाल में ग्रामीण क्षेत्रों में काम दुरुस्त चाहिए। साथ ही शहरी क्षेत्रों दुर्घनाग्रस्त जर्जर तार पॉल को जल्द बदलवाईये ताकि शहर में कोई दुर्घटना ना हो। उन्होंने कहा कि केवल छापामारी कर जनता को परेशान ना करे आप लोग उपभोक्ता की सुविधा पंहुचना आपका कर्तव्य होना चाहिए। वहीं विभाग के एसी संतोष कुमार ने काम कर रहे संवेदक को ससमय कार्य को पूरा करने, साथ ही स्थानीय अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर स्थल निरीक्षण कर जल्द कार्य पूरा करने का निर्देश दिया । साथ ही उन्होंने सहायक विधुत अभियंता को कार्य मे लापरवाहीं नहीं करने की चेतावनी दी।

# रूद गांव में हुए कुलदीप हत्याकांड का पुलिस ने किया उद्भेदन, दो गिरफ्तार

अभियुक्त की ममेरी बहन से था मृतक का अवैध संबंध, इसलिए की गयी हत्या : डीएसपी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



हत्याकांड के बारे में जानकारी देते प्रशासनिक अधिकारी व अन्य।

**छतरपुर पलामू।** छतरपुर थाना क्षेत्र के रूद गांव में 18 अप्रैल को कुलदीप भुईयां उर्फ कईला की हत्या घातक हथियार से हमला कर की गई थी। इस मामले में पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने छतरपुर एसडीपीओ अवध यादव के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन कर मामले का उद्भेदन करने का निर्देश दिया था। छापेमारी टीम ने त्वरित कार्रवाई कर गुप्त सूचना व तकनीकी शाखा के सहयोग से हत्याकांड में शामिल दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। प्रेस वार्ता कर छतरपुर एसडीपीओ अवध यादव ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में उपयोग किया गया टांगी व खुन लगा कपड़ा बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त पूछताछ में घटना को स्वीकार करते हुए बताया कि मेरी ममेरी बहन से मृतक कुलदीप भुईयां का अवैध संबंध था जिसे लेकर उसे पूर्व में भी डांट फटकार कर चेतावनी दी गई थी लेकिन वह अपने हरकतों से बाज नहीं आ रहा था। 17 अप्रैल को अभियुक्त मृतक व अन्य दो व्यक्ति के साथ ताश खेल रहा था जिसमें मृतक 3300 रुपये जीत लिया था। इसके बाद सभी नशापान किये। तब अभियुक्त द्वारा मृतक को ताना दिया जाने लगा। उसके बाद दिलीप भुईयां ने टांगी से कईल भुइयां के सिर पर तीन वार किया जिस कारण उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इसके बाद दिलीप भुइयां व नंददेव भुईयां ने नाना नंददेव भुइयां के साथ मिलकर शव को रात में छिपा दिया।

## सोना महल में अक्षय तृतीया को लेकर ज्वेलरी की बुकिंग प्रारंभ

- ग्राहकों को अग्रिम बुकिंग की दी जा रही सुविधा : धनंजय सोनी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** अक्षय तृतीया 30 अप्रैल को मनाया जायेगा। इस शुभ मुहूर्त पर लोग ज्वेलरी की खरीद दारी करना शुभ मानते हैं। अक्षय तृतीया को लेकर लोगों में चहल कदमी बढ़ गई है। वहीं दूसरी ओर पलामू जिले के प्रतिष्ठित ज्वेलरी मॉल सोना महल अक्षय तृतीया को लेकर आकर्षक उपहारों के साथ प्रदर्शनी लगाया है। सोना महल के प्रोपराईटर सह पलामू जिला स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष धनंजय सोनी ने बताया कि ज्वेलरी शो रूम में 20 से 30 अप्रैल तक ज्वेलरी बुकिंग की जा रही है। जिसमें ग्राहक न्यूनतम भाव में अपने पसंद के अनुसार आभूषण को 25 प्रतिशत अग्रिम राशि जमा कर बुकिंग करा सकते हैं। जिसका डिलिवरी अक्षय तृतीया के दिन कराया जायेगा। शो रूम में गोल्ड डायमंड फेस्टिवल रखा गया है जिसमें छह हजार के डायमंड अंगूठी से लेकर 11 हजार के डायमंड टॉप्स से 70 हजार के डायमंड हार के अलावे कई आभूषण उपलब्ध हैं।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में विद्यार्थी परिषद् का गठन और अलंकरण

- प्राचार्य ने पदधारकों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में शनिवार को विद्यार्थी परिषद् का अलंकरण समारोह मनाया गया। सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलन प्राचार्य डॉ एके सिंह ने किया। पश्चात प्रातः प्रार्थना सभा में प्राचार्य ने विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों की घोषणा की जिसमें विद्यालय के हेड बॉय-अल्तमस खान बाहरवीं, हेड गर्ल-प्रतीक्षा प्रभात बारहवीं तथा स्पोर्ट्स को-ऑर्डिनेटर अभिषेक राज कक्षा बारहवीं एवं जिया चंद्रा कक्षा दसवीं सहित तथा सभी सदन के कप्तानों का चयन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ॰ ए॰ के॰ सिंह ने सभी चयनित पदाधिकारियों को बैज तथा सैसे से अलंकृत किया। समारोह में विद्यालय के चारों सदनों के लिए कप्तान, उपकप्तान, स्पोर्ट्स कप्तान तथा लिटरेरी कप्तान का चयन किया गया, जो इस प्रकार हैं। बायरन हाउस व इलियट हाउस के विद्यार्थियों के क्रमशः नाम हैं।

### अनियंत्रित कार पलटने से चालक घायल



**पाटन पलामू।** प्रखंड के कारीगर में अनियंत्रित कार पलट गयी, जिससे कार चालक रेड़मा निवासी मनीष तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गया। वी अपने रिश्तेदार को करर कला छोड़ने गया था। लौटते समय कार अनियंत्रित होकर मुख्य पथ के किनारे रखे ईंट से टकरा गयी, जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। साथ ही कार चालक को गंभीर चोटें लगी है। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। परिजन घटनास्थल पहुंच घायल मनीष को इलाज के लिए सदर अस्पताल मेदिनीनगर ले आये हैं। जहां उसका इलाज किया जा रहा है।

### कोशियारा के नौवीं का छात्र लापता



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के कोशियारा, पो-कटुवल, थाना-चैनपुर के धनंजय कुमार पिता वशिष्ठ महतो 17 अप्रैल से लापता है। लापता धनंजय वर्ग 9 का छात्र है। इसके गुम होने की सूचना चैनपुर थाना में धनंजय की बहन रिंकी कुमारी ने दी है। इसके आवेदन पर चैनपुर थाना में सनहा दर्ज करायी गयी है। वहीं परिवार के लोगों ने एक अनजान मोबाइल पर संपर्क की तो किसी ने बताया कि हम कानपुर से बोल रहे हैं। लड़का यहीं काम करने आया है। चिंतित परिवार जनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं आमजनों से गुहार भी लगायी है कि पता चलने पर हमें मोबाइल नंबर 9110111363 पर सूचना जरूर दें।

### पश्चिम बंगाल में हिंदुओं पर हो रहे वक्फ की आड़ में हमले के विरुद्ध विहिप ने किया प्रदर्शन



**मेदिनीनगर।** भारत सरकार ने वक्फ संशोधन बिल लोकसभा व राज्यसभा से पारित कर दिया। इसके विरोध में पूरे देशस्तर पर धरना, जुलूस व प्रदर्शन किया जा रहा है। वहीं वक्फ की आड़ में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की शह पर मुस्लिम कटरपंथी हिंदुओं को लक्ष्य कर हमले कर रहे हैं। इसके विरोध में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने समाहरणालय में एक दिवसीय धरना दिया। धरना के बाद राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। विभाग मंत्री महेंद्रनाथ ने कहा कि वक्फ के हाड़ में मुस्लिम कटरपंथियों द्वारा विरोध के बदले हिंदुओं को लक्ष्य करते हुए उनके साथ मारपीट व उनके घर संपत्ति को अगजनित घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है जो सरासर गलत है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इसे रोकने में विफल साबित हो रही है।

## छह दिवसीय गुजरात प्रवास के बाद घर लौटे पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल

- साबरमती गांधी आश्रम में पौधा रोपण कर किया समापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर / अहमदाबाद/ गुजरात।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने गुजरात के अहमदाबाद साबर नदी के तट पर स्थित महात्मा गांधी जी के आश्रम में कर्नाटक के चंदन का पौधा लगाकर गुजरात के छह दिवसीय यात्रा का समापन किया। इसके पहले वनराखी मूवमेंट के प्रणेता डॉ कौशल ने बताया कि नागेश्वर, सोमनाथ, द्वारिका, जूनागढ़, भेट द्वारका में कपूर का पौधा वितरण और वृक्षों पर रक्षाबंधन के बाद यात्रा के अंतिम दिन आश्रम के लोगों को पर्यावरण धर्म की प्रार्थना के साथ पौधरोपण कर उन्हें पर्यावरण धर्म की आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलायी।

## ऑक्सफोर्ड विद्यालय में फ्रूट्स विद फन (फ्रूट्स पार्टी) एक्टिविटी का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



फ्रूट्स पार्टी में शामिल ऑक्सफोर्ड के टीचर व स्टूडेंट्स।

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में शनिवार को प्रातः फ्रूट्स विद फन (फ्रूट्स पार्टी) एक्टिविटी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ एके सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। जिसमें फाउंडेशनल स्टेज प्री-नर्सरी से कक्षा द्वितीय (नई शिक्षा नीति के तहत) तक के छात्रों ने भागीदारी निभायी।

विदित हो कि नये शिक्षा सत्र के आरंभिक अवसर पर बच्चों के नवीन कक्षा के प्रति विशिष्ट रुचि और विद्यालय के प्रति लगाव हेतु इस प्रकार की अनेक गतिविधियां करायी जाती है।

मौके पर बच्चों ने फलों से निर्मित विभिन्न प्रकार की मनोहारी आकृति एवं सजावट का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिसमें खरबूजा, अंगूर, सेब और केला इत्यादि फलों द्वारा बालकला का प्रदर्शन किया गया। प्राचार्य डॉ एके सिंह ने कहा कि फलों के इस्तेमाल से हमारे शरीर में प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है।

# ससुराल गये युवक का शव संदेहास्पद स्थिति में मिला, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

- चचेरे साले की शादी में ससुराल गया था मृतक

**बीरेंद्र यादव**



घटना के बाद बिलखते परिजन और इनसेट में मृतक।

**रामगढ़ पलामू।** चचेरे साले की शादी में ससुराल गये एक युवक का शव संदेहास्पद स्थिति में फंदे पर लटका मिला। ससुराल से 500 मीटर दूर उसका शव लोगों ने देखा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मेदिनीनगर एमएमसीएच भेजकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। मृतक का दाह संस्कार शनिवार की सुबह 9 बजे किया गया।

यह मामला रामगढ़ थाना क्षेत्र के बाजार स्थित कुसुम टोला का है। युवक की पहचान यहां के रहने वाले 25 साल के मंटू भुइयां पिता रामवृक्ष भुइयां के रूप में हुई है। घटना के बाद से मृतक की पत्नी, मां समेत अन्य परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल बना हुआ है। मंटू की मां हिरोइया देवी और भाई चंदन कुमार ने मृतक के सास और साले पर मारपीट कर फांसी के फंदे पर लटका देने का आरोप लगाया है। कहा कि ससुराल में रहते हुए मंटू ने घर में बंद कर सास और साले पर मारपीट करने की जानकारी दी थी। बाद में फांसी लगा लेने की जानकारी दी गयी। उनके घटनास्थल पर पहुंचने से पहले ही ससुराल पक्ष के लोग पुलिस के सहयोग से डेड बॉडी को फंदे से उतार दिया था। पोस्टमार्टम के लिए ले जाते समय रास्ते में टेंपो में शव दिखाया गया। मृतक की मां के अनुसार 14 अप्रैल को मंटू अपने घर से 10 किलोमीटर दूर हुटार पंचायत के चाड़ो ससुराल गया था। उसके चचेरे साले का तिलक था। शादी कार्यक्रम में ही सास और साले ने पिटाई की और फिर फंदे पर लटका दिया। मां ने मृतक के शरीर पर चोट के निशान होने की जानकारी दी है। भाई चंदन ने आरोप लगाते हुए कहा कि रात में जब उसकी पिटाई की जा रही थी तो फोन पर मंटू ने मारपीट की जानकारी दी थी।

# लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर ने सदीक चौक पर किया सत्तू वितरण

- समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सेवा देकर एक आत्मसंतोष की अनुभूति होती है जो लायंस क्लब का मूल मंत्र भी है : लायन डॉ रवीश कुमार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



सदीक चौक पर सत्तू का वितरण करते लोग।

**मेदिनीनगर।** लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर ने सदीक चौक पर गर्मी को ध्यान में रखते हुए जरूरतमंदों के बीच 300 सत्तू के पैकेट का वितरण किया। जिसमें प्रत्येक पैकेट में सत्तू के साथ अचार, हरी मिर्च, नमक और प्याज दिया गया ताकि इस गर्मी में जरूरत मंदों को राहत पहुंचायी जा सके। मौके पर लायन डॉ रवीश कुमार ने कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सेवा देकर एक आत्मसंतोष की अनुभूति होती है जो लायंस क्लब का मूल मंत्र भी है। लायन अनुप कुमार ने बताया कि लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर समाज के हर वर्ग के लिए समय-समय पर सेवा कार्य चलाते रहता है। लायंस गुरबीर सिंह ने कहा कि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। कार्यक्रम को सफल बनाने में लायन रोहित जैन एवं लायन मनोज सोनी की विशेष भूमिका रही। मौके पर सचिव लायन नीलेश चंद्रा, लायन अमुक प्रियदर्शी, लायन मुकेश अग्रवाल, लायन रंजीत मिश्रा एवं लायन ऋषिकेश दुबे सेवा कार्य को सफल बनाने में सक्रिय रहे।

# नाबालिक के अपहरण मामले में दो को सश्रम कारावास

## पांच हजार जुर्माना व चार वर्ष सश्रम कारावास , अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय संजय कुमार चौधरी की आदालत ने सुनायी सजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के जयनगर थाना कांड संख्या 46/22 एसटी 80/22 नाबालिक की अपहरण किए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय संजय कुमार चौधरी की अदालत ने दो आरोपियों सुनील सोनी उर्फ बड़का पिता वासुदेव सोनार, सोनार मोहल्ला जयनगर एवं रहमतुल्ला पिता स्व.नूर इस्लाम कोटियाघाट वार्ड नंबर 2 जिला अररिया बिहार को आईपीसी की धारा 366ए/34 के तहत दोषी पाते हुए चार वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है, साथ ही पांच हजार जुर्माना भी लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर तीन माह अतिरिक्तसजा भुगतनी होगी। इसे लेकर नाबालिक की मां ने जयनगर थाना में मामला दर्ज करायी थी। वहीं अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक शिव शंकर राम ने किया। इस दौरान



सभी 8 गवाहों का परीक्षण कराया गया। लोक अभियोजक ने कार्रवाई के दौरान न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनवर हुसैन एवं अधिवक्ता राम विनय सिंह ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की एवं जुर्माना लगाया।

### मंजुला शर्मा मेमोरियल प्लस टू अकादमी का 11वां वार्षिकोत्सव बड़े ही धूम-धाम से मना

# वर्तमान समय में कोडरमा शिक्षा के क्षेत्र में हब के रूप में उभरी है : अन्नपूर्णा देवी

## बच्चियां समाज के नवनिर्माण में नयी कृतिमान स्थापित कर रही हैं : मनोज यादव

खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** मंजुला शर्मा मेमोरियल प्लस टू अकादमी डोमचांच का 11वां वार्षिकोत्सव बड़े ही धूम-धाम से मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में महिला एवं बाल विकास मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी व विशिष्ट अतिथि के रूप में बरही विधायक मनोज यादव, रिटायर्ड आईजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह, डीपीएस स्कूल के सचिव श्रद्धानंद, विद्यालय के निदेशक रजनीश शर्मा मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुवात दिवंगत मंजुला शर्मा की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर व द्वीप प्रज्वलन के साथ किया गया। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ व शॉल भेंट कर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय के शिक्षाविद डॉ.प्रो. कुरेश प्रसाद शर्मा ने कार्यक्रम का विषय प्रवेश कराते हुए विद्यालय के विकास और शिक्षा की महत्ता पर प्रकाश डाला। इसके बाद सांसतिक कार्यक्रमों का दौर चला जिसमें प्रारम्भ में बच्चों द्वारा



स्वागत गीत की प्रस्तुति की गई। विद्यालय के बच्चों ने आकर्षक नृत्य संगीत व एकांकी प्रस्तुत कर कार्यक्रम में समां बांधा। वहीं अभिभावकों ने उनकी प्रस्तुतियों की काफी सराहना की। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि वर्तमान समय में कोडरमा जिला शिक्षा के क्षेत्र में हब के रूप में उभरी है। वहीं उन्होंने प्रबंधन समिति से अभिभावकों की अपेक्षा पर खरा उतरते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की अपील की। वहीं मनोज यादव ने कहा कि अभिभावकों की सोंच में अब सकारात्मक परिवर्तन आ रहे हैं, जिससे वे लड़के व लड़कियों के शिक्षा मे समान अवसर प्रदान कर रहे हैं। इससे बच्चियां समाज के नवनिर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए नित्य नये कृतिमान स्थापित कर रहे हैं। वहीं लक्ष्मण सिंह ने बच्चों से कहा कि शिक्षा ग्रहण कर उसे व्यवहार में लाइए। यदि शिक्षा को व्यवहार में नहीं लाया गया तो वह वरदान के बजाय अभिशाप बन जाती है। वहीं रजनीश शर्मा ने कहा कि विद्यालय नित दिन बच्चों के सर्वांगीण विकास में अपनी भागीदारी निभाने की कोशिश कर रहा है। विद्यालय में न सिर्फ किताबें ज्ञान बल्कि बच्चों में व्यावहारिक ज्ञान देने का कार्य किया जा रहा है। वहीं कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधन समिति की ओर से शिक्षाविद प्रोफेसर केपी शर्मा ने शैक्षणिक, सांस्कृतिक व खेल-कूद के क्षेत्र में उत्ष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। इस दौरान उन्होंने अपने पुत्र अवनीश शर्मा के संस्मृति में नवम व दशम के ऐसे छात्र जो प्रथम व द्वितीय श्रेणी लाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे उन्हें दशवीं व इंटर में निःशुल्क शिक्षा दिए जाने की घोषणा किये। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक कुमार ने किया। मौके पर अभिषेक कुमार, शिव कुमार साव, राकेश रोशन, राजन कुमार, अलख कुमार सिंह, प्रीति कुमारी चौधरी, रीता कुमारी, अमिता सिंह, मधु कुमारी, रिया सिंह, कुमुदनी लकड़ा, आरची कुमारी, एहसान अली समेत सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारी आदि मौजूद थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शुल्क समिति की बैठक संपन्न

**कोडरमा।** झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण संशोधन अधिनियम-2017 के आलोक में सरकार द्वारा निजी विद्यालयों द्वारा लगाये गये शुल्क को विनियमित करने के लिए प्रत्येक विद्यालय स्तर पर शुल्क समिति तथा निर्धारित शुल्क के विरुद्ध विद्यालय स्तरीय शुल्क समितियां प्रबंधन द्वारा बनायी गयी हैं। इसका अनुपालन करने के लिए जिला स्तरीय शुल्क समिति गठित की गयी है। वहीं समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शुल्क समिति की बैठक संपन्न हुआ। बैठक में अभिभावक संघ द्वारा निजी विद्यालयों में फीस बढ़ोतरी, विद्यालय के द्वारा एक ही दुकान से किताबों का क्रय करवाना, विकास शुल्क, पुनः नामांकन, जीएसटी, एसएमएस शुल्क, हर साल किताबों में बदलाव करने समेत कई बिंदुओं को उपायुक्त के समक्ष रखा गया। वहीं उपायुक्त ने सभी निजी विद्यालयों के संचालक और उनके प्रतिनिधियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी विद्यालय अभिभावकों के संग शुल्क समिति का बैठक करेंगे और उनके साथ विद्यालय में किसी भी प्रकार के फीस बढ़ोतरी पर समिति की बैठक में निर्णय लेने का निर्देश दिये।

## बालू लदा ट्रैक्टर पलटा, चालक की मौत

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नईटांड स्थित शिव मंदिर के पास शनिवार की सुबह एक बालू लदा ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत हो गई है। वहीं मृतक का पहचान 22 वर्षीय बैजू कुमार डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत चितरपुर निवासी के रूप हुई है। मिली जानकारी के अनुसार डोमचांच के निमाडीह से बालू लदे ट्रैक्टर का टायर फट गया, इसके बाद चालक ने सड़क पर अपने ट्रैक्टर का बालू उतार दिया और टायर की मरम्मत के लिए पंचर दुकान चला गया। वहीं ग्रामीणों के अनुसार निमाडीह की ओर से तेज रफ्तार से आ रहा दूसरा बालू लदा ट्रैक्टर सड़क पर पड़े बालू पर चढ़ गया, जिस कारण ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया और चालक अपने ही ट्रैक्टर के नीचे जा गिरा, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

## स्पीड न्यूज

### डोमचांच में हाउस कैप्टन के गठन को लेकर किया गया मतदान

**डोमचांच (कोडरमा)।** डीएवी पब्लिक स्कूल डोमचांच में सत्र 2025-26 के लिए हाउस कैप्टन के गठन के लिए विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने मतदान किया। जिसमें रेड, ब्लू, येलो एवं ग्रीनहाउस के नामांकित प्रतिभागियों के लिए वोट डाला गया। प्रतिभागियों में रेड हाउस से दिव्यानंद, रिषिका कुमारी, सुधीर कुमार, राजवीर कुमार, सन्नी कुमार, कुमकुम कुमारी, नंदनी कुमारी और शेखर कुमारय ब्लू हाउस से तोहिद नाजिर, क्षितिज कुमार, रंजन कुमार, प्रिंस कुमार, सत्यम कुमार, चंदन कुमार, सचिन कुमार, एंजल परि, रुपा कुमारीय येलो हाउस से ऋषि कुमार, रौशन कुमार, रागिनी कुमारी, अभिनंदन कुमार, संदीप कुमार, आयुष कुमार ने अपना नामांकन करवाया।

### आदर्श विद्यालय में निःशुल्क डेंटल चेकअप कैंप का आयोजन

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर के गांधी स्कूल रोड़ स्थित आदर्श विद्यालय में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला शाखा के तत्वावधान में नि:शुल्क डेंटल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के 100 विद्यार्थियों के दांतों की जांच की गई। वहीं डॉ.अविनाश गुप्ता ने बच्चों को दांतों की देखभाल और नियमित जांच के महत्व पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। वहीं उन्होंने स्वस्थ दांतों के लिए रोजमर्रा की आदतों को सुधारने की सलाह दी। वहीं संस्था एवं विद्यालय द्वारा डॉ. गुप्ता को पौधा व शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं शाखा अध्यक्ष उषा शर्मा ने बताया कि संगठन समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय है और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कार्य करता रहा है। वहीं निर्देशिका शीतल शर्मा ने कहा कि आदर्श विद्यालय पिछले 51 वर्षों से शिक्षा और संस्कार की परंपरा को निभा रहा है, यहां बच्चों को केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि जीवन के मूल्य और मजबूत आधार भी दिए जाते हैं।

### चालू वित्तीय वर्ष के प्रथम तिमाही तक होल्डिंग टैक्स जमा करने पर 15 प्रतिशत तक की छूट

**कोडरमा।** नगर पंचायत प्रशासक शंभू प्रसाद कुशवाहा द्वारा बताया गया कि नगर पंचायत कोडरमा क्षेत्र अंतर्गत चालू वित्तीय वर्ष के प्रथम तिमाही तक होल्डिंग टैक्स जमा करने पर करदाताओं को वित्तीय वर्ष 2025-26 के कर में अधिकतम 15 प्रतिशत तक की छूट मिल रही है। इस प्रकार है कर में छूट सभी कर दाताओं को 5 प्रतिशत की छूट मिल रही है। इसके अतिरिक्तहोल्डिंग महिला के नाम होने से 5 प्रतिशत की छूट, वरिष्ठ नागरिक होने से 5 प्रतिशत की छूट, स्वयं कार्यालय में आकर जमा करने पर 2.5 प्रतिशत की छूट, आर्मी, ट्रांसजेंडर होने पर 5 प्रतिशत की छूट एवं विकलांग होने पर 5 प्रतिशत की छूट, साथ ही यह छूट केवल आवासीय घृतियो पर लागू होगी। यदि आप बिना कार्यालय गए होल्डिंग टैक्स भरना चाहते हैं तो आप ऑनलाइन होल्डिंग टैक्स भी भर सकते हैं, जिसमें आपको 5 प्रतिशत की छूट का प्रावधान है। ऑनलाइन के लिए वेबसाइट पर जाकर अपना नगर निकाय चयन करना होगा, इसके बाद वार्ड नंबर व होल्डिंग नंबर डालते ही भुगतान का विकल्प आ जाएगा। इसमें क्रेडिट कार्ड व डेबिट कार्ड से पेमेंट कर सकेंगे। 30 जून के बाद बकाया टैक्स पर प्रतिमाह एक प्रतिशत की दर से ब्याज देना होगा।

### बिजली की चपेट में आने से दो गाय की मौत

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मध्य पंचायत स्थित ग्राम पांडेयडीह में बिजली की चपेट में आने से दो गाय की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार गाय प्रतिदिन की भांति शनिवार को भी गांव के बाहर चरने गयी थी। वहीं गांव के बाहर 11 हजार वोल्ट की तार गिर गया, जिसमें करंट प्रवाहित रहने के कारण गाय को अपने चपेट में ले लिया, जिससे दोनों गाय की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी।

## मोटरसाइकिल सवार युवक ने महिला को लिया अपने चपेट में, रिम्स रेफर

**मरकच्चो (कोडरमा)।** बरियारडीह-मरकच्चो मुख्य मार्ग स्थित नहर के समीप एक मोटरसाईकिल चालक ने राहगीर महिला को टककर मार दिया, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गईं। वहीं घायल महिला की पहचान 50 वर्षीय सरिता देवी पति स्वः कुंवर सिंह मरकच्चो मध्य पंचायत दरगाह मुहल्ला निवासी के रूप में की गईं। वहीं ग्रामीणों ने आनन-फानन में समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं चिकित्सको ने बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया।

# ग्रिजली विद्यालय में विशेष करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** ग्रिजली विद्यालय के ऑडिटोरियम में कक्षा 11वीं और 12वीं के वाणिज्य संकाय के छात्रों के लिए सीए, सीएस एवं सीएमए, पाठ्यक्रमों पर आधारित एक विशेष करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में रूही अग्रवाल (प्रमाणित सीए सीएस एवं सीएफए) तथा गौतम पांडे उपस्थित रहे। वक्ताओं ने छात्रों को चार्टर्ड अकाउंटेंसी सीए कंपनी सेक्रेटरी (सीएस) तथा कॉस्ट एंड मैनेजमेंट अकाउंटेंसी (सीएमए) के विभिन्न स्तरों, पाठ्यक्रम की संरचना एवं तैयारी की रणनीतियों



के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सीए कोर्स के अंतर्गत फाउंडेशन, इंटरमीडिएट, आईसीआईटी एसएस आसीईटी ट्रेनिंग, आर्टिकलशिप, फाइनल परीक्षा एवं हाल ही में जोड़े गए सेल्फ-पेस्ड कोर्सेस की चर्चा की। वहीं उन्होंने बताया कि सीएस कोर्स की संरचना काफी हद तक सीए के समान है, किंतु यह तुलनात्मक रूप से सरल है और मुख्यतः कानूनी पहलुओं पर केंद्रित होता है। सीएमये कोर्स के अंतर्गत लागत की अवधारणा, इसकी प्रबंधन भूमिका, समय-समय पर पाठ्यक्रम में होने वाले संशोधन एवं इसकी मान्यता को विस्तार से समझाया गया। वहीं वक्ताओं ने जानकारी दी कि छात्र 10वीं कक्षा के बाद इन कोर्सेस में नामांकन ले सकते हैं, लेकिन परीक्षाएं केवल 12वीं के बाद ही दी जा सकती हैं। वहीं उन्होंने छात्रों को मोबाइल से ध्यान भटकाव से बचने, 100 प्रतिशत स्पष्ट कॉन्सेप्ट, बिना शॉर्टकट के कठिन परिश्रम, सही अध्ययन तकनीक, नियमित पुनरावृत्ति, रणनीतिक योजना और आत्मविश्वास जैसे गुणों को अपनाने की प्रेरणा दी।

## जिला स्तरीय व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** डीआरडीए सभागार में जिला स्तरीय व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें परियोजना की चयनित प्रथम, द्वितीय और तृतीय सहायिकाओं ने अपने द्वारा तैयार किए गए विभिन्न पारंपरिक व्यंजन प्रदर्शित किए। इस प्रतियोगिता में मुख्य रूप से मडुवा के आटे का लड्डू, पुआ, महुआ की रोटी, हलुआ, लेटो, रेडी टू ईट पैकेट का नीमकी, लड्डू, ठेकुआ, कचरी, छिलका, सखुआ फूल का ठेकुआ, ड्राई फ्राई, सहजन का पकोड़ा, मूचरी साग का पकोड़ा, सुनसुनिया साग का नमकीन पुआ समेत सैकड़ों अन्य व्यंजन शामिल थे। व्यंजन प्रतियोगिता की निर्णायक टीम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रीना साहू, बल विकास परियोजना पदाधिकारी अनीता, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अरुणा प्रसाद, और शंभू बड़ाइक, क्षेत्रीय प्रबंधक चतरा, समर कार्यक्रम ने भाग लिया।

## मॉडर्न पब्लिक स्कूल में हैप्पी स्टूडेंट विषय पर प्रेरणादायक सत्र आयोजित

**कोडरमा।** मॉडर्न पब्लिक स्कूल में कक्षा नवमी से बारहवीं के छात्रों के लिए एक प्रेरणादायक सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर और खुशी क्लासेस के संस्थापक मुकेश चौहान द्वारा लिया गया। सत्र का विषय था हैप्पी स्टूडेंट जिसमें छात्रों को सकारात्मक सोच, आत्म-विश्वास, तनाव प्रबंधन और लक्ष्य निर्धारण जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर मार्गदर्शन देना। वहीं मुख्य वक्ता मुकेश चौहान ने विद्यार्थियों से संवादात्मक शैली में बात करते हुए उन्हें जीवन में खुश रहने और संतुलन बनाए रखने के सरल व प्रभावी उपाय बताए। वहीं उन्होंने कहा कि एक खुशहाल छात्र ही एक सफल जीवन की नींव रखता है।

# मनरेगा मजदूरों को करीब तीन महीने से भुगतान नहीं

## पलायन करने पर मजबूर

खबर मन्त्र संवाददाता

**पत्थलगड़ा/चतरा।** भारत सरकार द्वारा संचालित महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत संचालित योजना अब पूरी तरह से विफल होती नजर आ रही है। यह योजना, जिसे भारत में सबसे बड़ा और सबसे महत्वाकांक्षी सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम माना जाता है, अब मजदूरों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। मनरेगा योजना के अंतर्गत, ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब परिवारों को प्रत्येक वित्तीय वर्ष में कम से कम




100 दिनों का गारंटीकृत रोजगार प्रदान किया जाता है, ताकि विकास कार्यों में ग्रामीण युवा व वयस्क शारीरिक श्रम का योगदान दे सकें। हालांकि, पिछले 3 महीनों से चतरा जिले के मनरेगा मजदूरों को मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है। इसके अलावा, कई योजनाओं की समाप्ति के बाद भी मैटेरियल का भुगतान लंबित पड़ा है।इस देरी ने मजदूरों की हालत गंभीर बना दी है। कई लाभुकों के पास इतना पैसा नहीं बचा है कि वे अपनी मजदूरी का भुगतान कर सकें। कुछ मजदूरों ने तो योजनाओं को पूरा करने के लिए कर्ज लिया था, लेकिन अब तक कोई भुगतान नहीं होने के कारण वे दिन-प्रतिदिन कर्ज में डूबते जा रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप, मनरेगा योजना अब अधूरी होती दिख रही है और मजदूरों की हालत भुखमरी के कगार तक पहुंच गई है। चतरा जिले के पत्थलगड़ा प्रखंड से कई मजदूर अब पलायन करने पर मजबूर हो गए हैं। यदि इस माह भी मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया, तो हजारों की संख्या में मजदूरों का पलायन होना तय है। इस स्थिति ने ग्रामीणों में गहरा आक्रोश उत्पन्न किया है और अब सवाल यह उठता है कि जब देश की सबसे बड़ी रोजगार योजना ही विफल हो रही है, तो गरीब मजदूरों का क्या होगा?

## एक नजर में

### चापानल ठीक करने से पानी संकट का समाधान

**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के बारीसाखी पंचायत में पीने के पानी की समस्या को ध्यान में रखते हुए शनिवार को पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय के नेतृत्व में चापानल की मरोमति कार्य किया गया। यह कार्य पूरे क्षेत्र में घूम-घूम कर किया जा रहा है, ताकि ग्रामीणों को पानी की आपूर्ति में कोई परेशानी न हो। उप मुखिया विकास कुमार पांडेय ने बताया कि चापानल की सुविधा पहले सभी जगहों पर थी, लेकिन मरोमति के अभाव में कई चापानल महीनों से बंद पड़े थे, जिससे गांव के लोगों को पीने के पानी की भारी किल्लत हो रही थी। अब चापानल के मरम्मत कार्य के बाद ग्रामवासियों को राहत मिल रही है और वे खुशी से पानी का उपयोग कर पा रहे हैं। इस मौके पर अभिषेक कुमार पांडे, प्रदीप पांडे और अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### पंचायत सचिव ने कूप और एसीबी का किया निरीक्षण

**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के बारीसाखी पंचायत में शनिवार को मनरेगा से संचालित योजनाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय और मुखिया प्रतिनिधि दिनेश भारती ने कूप और एसीबी का बारीकी से निरीक्षण किया। साथ ही जॉब कार्ड से संबंधित भी पूछताछ की गई, ताकि योजनाओं के सही क्रियान्वयन की स्थिति का आकलन किया जा सके। इस मौके पर लाभुक भी उपस्थित थे और उन्होंने योजनाओं के बारे में अपनी जानकारी साझा की।

### पुलिस ने फरार एनडीपीएस एक्ट के आरोपी के घर चिपकाया इश्तेहार

**गिद्धौर।** पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के फरार आरोपी पत्थलगड़ा गांव निवासी मनोज गिरी पिता शक्ति गिरी के घर शनिवार को ढोल बजाकर इश्तेहार चिपकाया। इस दौरान सहायक अवर निरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने बताया कि चतरा न्यायालय द्वारा निर्गत इश्तेहार को सार्वजनिक रूप से चिपकाया गया है।एनडीपीएस एक्ट के तहत आरोपी के खिलाफ गिद्धौर थाना में प्राथमिकी दर्ज है, और वह तब से फरार चल रहा है। पुलिस अब आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। मौके पर पत्थलगड़ा गांव के लोग भी उपस्थित थे।

### छीकलता जंगल में पुलिस ने बरामद किया अज्ञात अधेड़ का शव

**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र के तिलैया गांव जाने वाले रास्ते पर स्थित छीकलता जंगल के ट्रेंच से पुलिस ने शनिवार को एक 55 वर्षीय अज्ञात अधेड़ का शव बरामद किया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया गया। इस घटना की जानकारी सहायक अवर निरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि महुआ चुनने वाले ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी कि जंगल में एक शव पड़ा हुआ है। जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया। पुलिस के मुताबिक, मृतक व्यक्ति मानसिक रूप से विक्षिप्त था और उसे सड़क तथा गांव में अक्सर घूमते हुए देखा गया था। फिलहाल, शव की पहचान नहीं हो पाई है, और इसे शीत गृह चतरा में रखा गया है, ताकि पहचान की प्रक्रिया जारी रह सके। मौके पर निरीक्षक विद्यानंद शर्मा और अन्य पुलिसकर्मी भी उपस्थित थे।

### इटखोरी बीडीओ को रक्तदान प्रमाण पत्र सौंपा गया

**इटखोरी।** इटखोरी प्रखंड में योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बंकिरा को शनिवार को रक्त मित्र इटखोरी की ओर से रक्तदान प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।गौरतलब है कि श्री बंकिरा ने 4 अप्रैल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वेच्छा से रक्तदान कर एक सराहनीय पहल की थी। इस योगदान के लिए रक्त मित्र इटखोरी के सक्रिय सदस्य राम चौरसिया एवं आशीष मिश्रा ने उन्हें यह प्रमाण पत्र सौंपा।

कार्यालय नगर परिषद, चतरा
पुराना कचहरी के समीप,
चतरा (झारखण्ड)– 825401 दुरभाष : 06541–253030,
ई–मेल : npchatra@gmail.com

CORRIGENDUM
CANCELLATION OF TENDER

इस कार्यालय के पत्रांक–12/न0प0, दिनांक–07.01.2025 के द्वारा e-Tender Reference No.- UDD /CH/ NPC/08/2024-25 (2nd call) दिनांक–07.01.2025 के द्वारा नगर परिषद, चतरा अन्तर्गत 15वें वित्त आयोग तहत रोड एवं नाली निर्माण कार्य हेतु दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से ई–निविदा आमंत्रित की गई थी, जिसका PR. No.- 343756 Urban Development (24-25)D है।

उक्त आमंत्रित ई–निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

ह0/–
प्रशासक,
नगर परिषद, चतरा

PR 350661 (Urban Development)25-26*D

कार्यालय:–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115 Pin Code - 835207

पत्रांक ......................../ दिनांक ......................../

आवश्यक सूचना

सूचित किया जाता है कि दिनांक 08.03.2025 को गुप्त सूचना के आधार पर बुढ़ा महादेव मंदिर, करमटोली, गुमला के पास से 30 बोरा लकड़ी कोयला सहित पीकअप सं0–HP06B1787 को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर गुमला वन परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ के विरुद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 03.05.2025 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

:–वन है,तो जीवन है–:

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल

PR 350641 (Forest, Environment and Climate Changes)25-26*D

कार्यालय:-वन प्रमंडल पदाधिकारी,सिमडेगा वन प्रमंडल,सिमडेगा
E-mail – dfo-simdega@gov.in
Mobile No – 8987790117, Pin Code - 835235

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि M/s ESL Steel Limited, सियालजोरी, चंदनकियारी झारखंड द्वारा वनभूमि अपयोजन के बदले सिमडेगा जिला अन्तर्गत मौजा–कदमडीह, थाना–ठेठईटांगर, थाना सं0–141, अंचल–ठेठईटांगर में क्षतिपूरक वनरोपण योजना हेतु वन विभाग को उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से उपयुक्तता प्रमाण पत्र प्राप्त करने के उपरांत रैयत से भूमि क्रय करने के उपरांत निबंधन डीड (Deed) सं0–2024/SIM/367/BK1/365, एवं 2024/SIM/368/BK1/366 तथा नामांतरण केस सं0–12/R27 2024–25 एवं 13/R27 2024–25 द्वारा रैयती भूमि खाता सं0–20 के कुल रकबा – 8.33 एकड़ (आठ एकड़ तैतीस डिसमील) को अपने पक्ष में करा लिया है।

तदोपरांत M/s ESL Steel Limited, सियालजोरी, चंदनकियारी झारखंड द्वारा उपरोक्त भूमि की कुल रकबा–8.33 एकड़ को वन विभाग के पक्ष में निबंधन, नामांतरण एवं हस्तांतरण की कार्रवाई किये जाने हेतु अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में आवेदन समर्पित किया गया है।

उपरोक्त भूमि के वन विभाग के पक्ष में निबंधन, नामांतरण एवं हस्तांतरण होने से खतियानी रैयत के संबंधी/रिश्तेदार को यदि किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वन प्रमंडल पदाधिकारी, प्रादेशिक वन प्रमंडल, सिमडेगा के कार्यालय में कार्य दिवस की कार्यालय अवधि (10:00 बजे पूर्वाह्न से 5:00 अपराह्न तक) में अपना आपत्ति/शिकायत संबंधी आवेदन आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 7 दिनों के अंदर समर्पित करेंगे, अन्यथा यह माना जायेगा कि किसी को कोई आपत्ति नहीं है। 7 दिनों की अवधि समाप्ति के उपरांत आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
सिमडेगा वन प्रमंडल, सिमडेगा

PR 350648 Simdega(25-26).D

## समय संवाद

आदि कैलास एक अद्भुत और आध्यात्मिक स्थल है, जो पिथौरागढ़ जिले में स्थित है। यह स्थान भगवान शिव के निवास स्थल के रूप में जाना जाता है और इसकी यात्रा को एक चुनौतीपूर्ण लेकिन दिव्य अनुभव माना जाता है। हाल ही में यहां सड़क मार्ग की सुविधाओं में सुधार हुआ है, जिससे भक्तों के लिए यात्रा आसान हो गई है। आदि कैलास न केवल आध्यात्मिक तृप्ति का केंद्र है, बल्कि यहां की प्राकृतिक सुंदरता और शांति भी अद्वितीय है।

# आदि कैलास: भौगोलिक चुनौतियों के साथ आस्था की यात्रा

**मनोज वार्ष्णेय**

**उत्तराखंड** के चारधामों के बाद आदि कैलास, कल्पेशवर महोदव के बाद आसानी तथा कम कठिनाइयों से पहुंच जाने के कारण भक्तों की आस्था का केन्द्र बनकर उभर रहा है। शिव के धामों में सर्वाधिक कठिनाई कैलास-मानसरोवर की यात्रा में होती है और उसके बाद केदारनाथ, मद्यमहेश्वर, तुंगनाथ, रुद्रनाथ की यात्रा आती हैं। ऐसा माना जाता है कि यह भगवान शिव का सांसारिक निवास स्थान है। यहां पर वह अपनी पत्नी देवी पार्वती के साथ निवास करते हैं। पौराणिक ग्रंथों के आधार पर कहा जाता है कि यहां पर भगवान शिव ने गहन ध्यान लगाया था।

आदि कैलास की ऊंची चोटी लगभग 6.191 मीटर तक है। यहां की यात्रा साहस के साथ ही आश्चर्य में डालने वाली होती है। सही अर्थों में यहां आना न सिर्फ आध्यात्मिक तृप्ति का केन्द्र बनता है बल्कि हमारे शरीर को चुनौती के लिए भी जागरूक करता है। पिथौरागढ़ जिले में स्थित आदि कैलास मंदिर के पट वर्ष 2024 में मई के अंत में खुले थे और लगभग 150 दिनों की यात्रा में 32 हजार से अधिक यात्रियों ने दिव्य दर्शन किए। वर्ष 2023 में यहां पर लगभग दस हजार भक्त



आए थे। अब जब यहां पर सड़क की बेहतर सुविधा के साथ ही रहने आदि की भी अच्छी सुविधाएं उपलब्ध हो गई हैं तो इस वर्ष एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। हालांकि, अभी यात्रा की आधिकारिक तिथि घोषित नहीं हुई है पर अप्रैल के तीसरे सप्ताह में इस यात्रा के आरंभ होने की संभावना बन रही है।

**गौरी कुंड** आदि कैलास की यात्रा के लिए ऐसे तो कई द्वार हैं पर सर्वाधिक प्रचलित रास्ता और सुरक्षित मार्ग काठगोदाम से होकर जाता है। काठगोदाम से भीमताल होते हुए कैचीधाम, चितई गोलू देवता, जागेश्वर महादेव होते हुए धारचूला तक पहुंचा जा सकता है। इसके बाद गुंजी/नाभि होते हुए ओम पर्वत के दर्शन होते हैं। अपेक्षाकृत रास्ते पहले के मुकाबले काफी अच्छे हो गए हैं, इसलिए यदि कम समय में यात्रा करनी हो तो काठगोदाम से सीधे धारचूला और वहां से ओम पर्वत होते हुए आदि कैलास की यात्रा चार दिनों में पूरी की जा सकती है। रास्ते में टनकपुर में माता पूर्णागिरी के धाम के दर्शनों का लाभ भी लिया जा सकता है। गुंजी मोटरयात्रा का आखिरी पड़ाव है उसके बाद ट्रैकिंग करके आदि कैलास के दर्शन किए जा सकते हैं। अभी भी करीब चार से पांच किलोमीटर की ट्रैक यात्रा का रोमांच यहां पर मिलता है।

आदि कैलास यात्रा के साथ ही ओम पर्वत की यात्रा भी हो जाती है। ओम पर्वत पिथौरागढ़ जिला मुख्यालय से 170 किलोमीटर दूर नाभी में स्थित है। मान्यता है कि इस पर्वत पर शिव की मौजूदगी हमेशा रहती है। स्कंद पुराण में ओमपर्वत की यात्रा को कैलास मानसरोवर की यात्रा के समान ही महत्व दिया गया है। ओम पर्वत पर जब बर्फ होती है तो इस पर ओम की आकृति साफ नजर आती है। माना जाता है कि दुनिया में ओम की आकृति के आठ पर्वत हैं लेकिन अभी तक इसी पर्वत के दर्शन आसानी से होत हैं। इधर डीडीहाट क्षेत्र में भी एक ओम पर्वत पूर्व दिशा में कुछ दिनों से नजर आ रहा है। मुनस्यारी तथा धारचूला के बीच में इसकी लोकेशन ट्रेस हुई है। इस ओम पर्वत के दर्शन दोपहर को बेहतर हो रहे हैं। आदि कैलास-ओम पर्वत यात्रा के साथ ही पवित्र पार्वती सरोवर भी आपको देवी पार्वती की अर्चना करने को आमंत्रित करता है।

आदि कैलास-ओमपर्वत यात्रा के दौरान कुछ सावधानियां जरूरी हैं। दूसरी तीर्थों के मुकाबले यहां पर दुश्वारियां अधिक हैं और सुविधाएं कम। इसलिए आपका सेहतमंद होना बहुत जरूरी है। इस यात्रा में जाने की अनुमति से पहले स्वास्थ्य प्रमाण पत्र देना अनिवार्य होता है तभी आपको इनरलाइन परमिट उपलब्ध होगा। चूकि यहां पर अभी पहाड़ों के माल रोड जैसी व्यवस्था नहीं है और न ही कोई स्टार होटल आदि हैं इसलिए पहले ही से डॉरमैट्री व्यवस्था में रहने के लिए खुद को तैयार रखना चाहिए। सर्दी-गर्मी इस यात्रा की विशेषता है। कुछ स्थानों पर आपको तापमान 37-39 डिग्री तक मिल सकता है तो जैसे-जैसे आप शिवधाम के नजदीक पहुंचते हैं वैसे-वैसे यह तापमान दो-तीन डिग्री तक जा सकता है। बेहतर होगा कि आप गर्म कपड़ों के साथ कान-सिर को बचाने के लिए ऊनी वस्त्र आदि प्रचुर मात्रा में लेकर चलें।

# भक्ति किसकी?

**स्वामी सत्यानंद जी परमहंस**



भक्ति से ज्ञान और ज्ञान से वैराग्य होता है। लेकिन सवाल है कि भक्ति किसकी? भक्ति गुरु की होती है।

ब्रम्ह विद्यालय एवं आश्रम छोटका राजपुर बक्सर बिहार का गुरु दरबार संसार में अपनी भक्ति के प्रचार प्रसार के लिये पूरी दुनिया में अनूठा है। जितने लंबे समय तक वहां गुरु भक्ति स्थापित हुई वैसा कहीं और देखने को नहीं मिलता है। स्वामी जी समाधि सरकार ने जिस प्रकार पचास साल तक तत्व ज्ञान का केन्द्र गंगा के किनारे स्थापित किया और महात्मा दर्शनानंद जी के साथ पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बनाने के लिये हर पल प्रयास किया उसका कोई दूसरा उदाहरण देखने को नहीं मिलता है। उन्होंने 40 वर्ष तक गुरु दरबार की सेवा की। वर्तमान समय में यह भक्ति दुर्लभ है जो मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार को त्याग कर गुरु आज्ञा में अपना सब कुछ समर्पित कर देता है उसे ही भक्ति के माध्मय से मुक्ति मिलती है। वर्तमान समय में हमारे महात्मा व्यासानंद जी भी तीन दशक से अपने आप को गुरु सेवा में समर्पित कर दिया है। उनका समर्पण आज भक्ति जगत का एक उदाहरण है। उनका त्याग ही इतना बलबती था कि उनके माता-पिता और परिजन में ब्रम्ह विद्यालय एंव आश्रम की सेवा में आ गये। किसी भी काल में यह एक अद्धितीय समर्पण है।

आज ब्रम्ह विद्यालय का जो तत्व ज्ञान का स्वरूप है वह कहीं और नहीं है। आज संसारिक अपने मन के प्रभाव में रहता है। जब तक अपना मन और बुद्धि सदगुरु के चरणों में समर्पित नहीं करेगा तब तक मुक्ति नहीं मिलेगी।

महर्षि विश्वामित्र ने अपने तपोबल से समाधि की अवस्था प्राप्त कर ली थी। उन्होंने अन्य जनों को भीइस समाधि का लाभ देना आंरभ कर दिया था। चारों ओर चर्चा हो गयी थी कि महर्षि ब्रम्हज्ञानी हो गये हैं। लेकिन गुरु वशिष्ठ यह मानने को तैयार नहीं रहते थे कि विश्वामित्र ब्रम्हज्ञानी हैं। इस बात को लेकिर विश्वामित्र को मन में क्रोध हुआ और उन्होंने तय किया कि वे गुरु वशिष्ठ की हत्या कर देंगे। कटार लेकन वे गुरु वशिष्ठ के कुटी तक पहुंच गये। संयोग से तब गुरु वशिष्ठ की पत्नी उनसे विश्वामित्र के बारे में ही बात कर रही थी कि जब पूरी दुनिया विश्वामित्र को ब्रम्हज्ञानी मानती है तो आप क्यों नहीं मानते? विश्वामित्र ने कहा कि वह अहंकार से भरा है और समर्पण विशेषकर गुरु के आगे समर्पण का कोई भाव नहीं रखता है इस कारण उसका तपऔर समाधि परिपूर्ण नहीं माना जायेगा। कुटी के बाहर विश्वामित्र ने यह बात सुन ली। उन्होंने तुरंत अपना कटार फेंक दिया और गुरु वशिष्ठ के चरणों में जाकर साष्टांग दंडवत करते हुये कहा कि मैं विश्वामित्र गुरु वशिष्ठ के चरणों में अपने आप को समर्पित करता हूं। अपना सबकुछ आपको अर्पण करता हूं। तब गुरु वशिष्ठ ने कहा उठो ब्रम्हज्ञानी विश्वामित्र अपने तपोबल से विश्व का कल्याण करो।

भक्ति का मूल गुरु के प्रति समर्पण में ही है। संपूर्ण समर्पण के भाव से गुरु के प्रति निवेदन से ही मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। ब्रम्ह विद्यालय एवं आश्रम यर्थात पर चलता है। 125 वर्ष से परमहंस दयाल जी ने तो मार्ग तय किया है कि भक्त आयेंगे सुनेंगे, समझेंगे उनकी जिज्ञासा बढ़ेगी और वे सन्यास मार्ग पर आगे जायेंगे। उनकी जन्म भूमि छपरा है। जब मैं उनसे मिला तब भी उनकी यह अपेक्षा थी कि छपरा की भक्ति छपरा चली जाये। उनकी वाणी थी वह आप पूरी हो गयी है छपरा की भक्ति छपरा पहुंच गयी है। आज नागंली वाले भी छपरा पहुंचते हैं भविष्य में जैसे बौद्ध गया में सभी बौद्धिस्ट देशों ने अपना मंदिर बनाया है वैसा छपरा में भी स्वामी परमहंस दयाल जी के सभी मानने वाले वहां जुटने लगेंगे। भक्ति का मर्म परमहंस दयाल जी ने पकड़ा।

स्वामी दयाल जी धर्म के व्यवहारिक स्वरूप को जितने अच्छे प्रकार से प्रतिपादित किया उससे उसका विस्तार होता ही जा रहा है। वे गंगा स्नान भी करते थे और कहते भी थे कि गंगा स्नान से मुक्ति नहीं होगी। वे जनसधारण के बीच के होकर अपने ज्ञान का विस्तार भी करते थे। उन्होंने छपरा से टेरी जो अब पाकिस्तान में है वहां तक की धर्म स्थापना के पुर्नजागरण की यात्रा की। फिर धर्म नांगली,गढ़वा घाट काशी, छोटका राजपुर होते हुए छपरा तक लौटा। यह उनके भक्ति बल का प्रभाव है कि आज भी तत्वज्ञान मूल रुप में छोटका राजपुर में ब्रम्ह विद्यालय आश्रम के रूप में जीवित है और प्रचार-प्रसार पा रहा है।

सत्य सदैव एक होता है। सत्य दो हो ही नहीं सकता। विज्ञान और धर्म में मेल है क्या? विज्ञान ने बुद्धि को ही आधार बताया है जबकि संसार बिंदु से आती हैऔर फिर वहीं लुप्त हो जाती है। आज अरबों साल से बिग बेन फेरी के सिद्धांत के अनुसार संसार विस्तार पा रहा है अनंत विस्तार। साढ़े तेरह अरब साल से विस्तार पा रहा है यह ब्रह्माण्ड। आत्मा मर जायेगी ऐसा तो होही नहीं सकता। चूंकि यह सर्वत्र है। इसका विस्तार व्यापक है।

गुरु व्यापक होता है। उसका विस्तार अनंत होता है। वह सबका होता है सबके लिये होता है। उसके पास कोई भेद भाव नहीं होता। जो ज्ञान गुरु से मिल सकता है वह दूसरे स्थान या किसी भी दूसरे प्रकार से नहीं मिल सकता है। हमारे स्वामी जी गुरुदेव का एक ही उदेश्य था कि संसार का दुख कैसे समाप्त किया जाए। मनुष्य की तन-मन औरधन की शक्ति सीमित होती है। आपको दुनिया का सबसे बड़ा आनंद भक्ति में मिलता है और यह भक्ति बिना सद्गुरु से ही प्राप्त होता है। गुरु जो सेवा देते हैं उसी का नाम है भक्ति। तर्क से फर्क मिट जाताहै। जिस प्रकार ताशके खेल में एक ट्रंप कार्ड होता है उसी प्रकार मनुष्य के जीवन में भक्ति एक ट्रंप कार्ड है।

**अस संयोग ईष्ट जब करही**

गुरु की कृपा भी प्रबल संयोग से ही प्राप्त होती है। मैंने अपने जीवन में कई प्रकार की धार्मिक कृत्यों का निर्वाह किया लेकिन जब हमें हमारे गुरुदेव मिले तब हमारे मन का शंका समाप्त होता गया और मैं अपने जीवन के उदेश्य को समझ पाया।

**गुरु जी की महिमा सब पर भारी। जो समझे सो अधिकारी।।**

हनुमान जीसे अगस्त मुनि ने कहा था राम आयेंगे और तुम राम का सेवक बनकर कार्य करना। हनुमान किनका काम कर रहें थे। हनुमान गुरुभक्ति कर रहें थे जबवे राम की सेवा कर रहें थे क्योंक यही उनके गुरु अगस्त जी का आदेश था। शबरी भी गुरु आज्ञा से ही राम जी का इंतजारकर रही थी।

(ब्रह्म विद्यालय आश्रम छोटका राजपुर बक्सर बिहार शाखा कुटी बसारगढ़ टीपूदाना रांची।)

सत्संग पर आधारित प्रस्तुति- मुरलीधर

# बच्चों में खाने की बेहतर आदत

**रवि सिन्हा**

**आजकल** बच्चे जंक फूड खाना ज्यादा पसंद करते हैं, जैसे पिज्जा, बरगर, न्यूडलस। लेकिन शायद आप यह नही जानते कि ऐसा खाना आपके बच्चे की सेहत को तो नुक्सान पहुंचाता ही हैं, साथ ही साथ दिमाग के विकास पर भी बुरा असर डालता है।

पैकड फूड और जंक फूड में हाई कैलोरी तो होती है लेकिन इसमें पौषक तत्वों की बहुत कमी होती है। जिससे उनका विकास रूक सकता है। बच्चे के खाने की आदत का उनके मानसिक स्वास्थ्य को भी बहुत प्रभवित करता है।

यादाशत और सोचने में कमी, सुस्ती, नींद न आना बच्चे के खाने की आदतों के ही सभी परिणाम होते हैं। शारीरीक और मानसिक तंदरुस्ती अच्छे खाने से ही आती हैं।

जो हैल्दी खाना बच्चे रोजाना खा रहें हैं, उसका उनके स्वास्थ्य मानसिक विकास और प्रतिरोधक क्षमता पर भी असर पड़ता है। हम बच्चों को घर पर बने हुए स्नैक्स और उनकी पसंदीदा जूस का फ्लेवर भी दे सकते है। जिसे उन्हें पूरा पोषण भी मिलेगा और खाने में भी टेस्टी होगें।

**बच्चों के लिए फायदेमंद आहार...**

**-शहद में कुदरती मिठास होती है और हैल्दी भी होता है।**

**-बादाम दिमाग के विकास के लिए बहुत अच्छे होते हैं। गर्मियों में रात को भिगो कर रखे हुए बादामों को दूध के साथ खाना फायदेमंद होता है।**

**-केला और दूध कैल्शियम से भरपूर होता है और बच्चे के विकास के लिए बहुत जरूरी है।**

**-पनीर और योगर्ट विटामिन और मिनरल्स से भरपूर होते हैं।**

**-हरी सब्जियां और सी फूड बच्चे के खाने में जरूर शामिल करें।**

**-केला, बादाम और शहद खाने से बच्चों की स्टैमिना पावर पर अच्छा असर पड़ता है।**

**-ब्रोकली, गाजर को सलाद में जरूर शामिल करना चाहिए।**

**-दोपहर के खाने के बाद फलों को सेवन करना फायदेमंद होता है।**

**-मक्खन और घी बच्चों के खाने में देने से वह हैल्दी रहते हैं।**

# पांच ग्राम से अधिक नमक को ना कहें



**जीवीएस शास्त्री**

नमक एक ऐसा खाद्य पदार्थहै, जिसके बिना किसी का भी काम नहीं चल सकता है। खाने में इसका इस्तेमाल सिर्फ स्वाद बढ़ाने के लिए ही नहीं किया जाता है बल्कि इसके कई फायदे भी हैं।

अगर आपके गले में खराश है, दर्द है या फिर सूजन, नमक के पानी से कुल्ला करने या गरारा करने से काफी राहत मिलती है। दरअसल, यह एक एंटीसेप्टिक की तरह काम करता है और संक्रमण से लड़ने में मदद करता है। इस कोरोना काल में भी लोगों को नमक पानी से गरारा करने की सलाह दी जा रही है और नमक के बिना खाना तो एकदम बेस्वाद ही लगता है। लेकिन क्या कभी आपने ये सोचा है कि ज्यादा नमक नुकसानदायक भी हो सकता है?

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने सलाह दी है कि लोगों को रोजाना मात्र पांच ग्राम ही नमक का सेवन करना चाहिए, जबकि अधिकतर लोग इसका दोगुना नमक रोज खाते हैं। संगठन का कहना है कि अधिक नमक खाने से हर साल तीन मिलियन यानी 30 लाख लोगों की मौत हो जाती है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि अधिक नमक खाने से हृदय रोगों और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। संगठन की पिछले साल की एक रिपोर्ट के मुताबिक, वयस्कों के लिए प्रति दिन पांच ग्राम से कम नमक का सेवन रक्तचाप, हृदय रोग, स्ट्रोक और कोरोनरी हार्ट अटैक के जोखिम को कम करने में मदद करता है।

कई विशेषज्ञों का यह भी मानना है कि अधिक नमक के सेवन से किडनी में पथरी होने की संभावना अधिक होती है, क्योंकि यह मूत्र में कैल्शियम का स्तर बढ़ाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, वैश्विक स्तर पर अगर नमक की खपत को अनुशंसित स्तर तक कम कर दिया जाए तो अनुमानित 2.5 मिलियन यानी 25 लाख मौतों को हर साल रोका जा सकता है।

अगर आप पैकेट बंद खाद्य पदार्थों (चिप्स वगैरह) का सेवन अधिक करते हैं, तो संभल जाइए, क्योंकि जाने-अनजाने में आप इसी के जरिए वो नमक की ज्यादा मात्रा ले लेते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। इसलिए ध्यान रखें और रोजाना तय मात्रा से अधिक नमक का सेवन न करें।

# बोतल का पानी है खतरनाक

**शशि**

**जल** ही जीवन है, ये बात हम बचपन से सुनते आ रहे हैं। हमारे शरीर के सभी अंग ठीक से काम करते रहें इसके लिए बॉडी में पानी का होना बहुत जरूरी है। खासतौर पर गर्मियों में पसीना ज्यादा निकल जाने से डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है। इससे कई तरह की परेशानियां हो सकती हैं।

शरीर में बैक्टीरिया, वायरस जैसे इन्फेक्शन होने पर भी डॉक्टर्स ज्यादा से ज्यादा पानी पीने की सलाह देते हैं। अब सवाल यह उठता है, क्या पानी पीने का भी कोई सही या गलत तरीका होता है?

हालांकि इस बात का कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है लेकिन आयुर्वेद में ऐसा माना जाता है कि खड़े होकर पानी पीने के नुकसान हो सकते हैं। बताया जाता है कि जब हम खड़े होकर पानी पीते हैं तो शरीर में तरल पदार्थों का बैलेंस बिगड़ जाता है। ऐसा होने पर जोड़ो से जुड़ी समस्या जैसी समस्याएं हो सकती हैं। हालांकि डॉक्टर्स की सहमति इस बात पर नहीं है।

अक्सर लोग बॉटल से डायरेक्ट पानी पी लेते हैं। घर के बड़े इसको लेकर टोकते भी हैं पर कोई ध्यान नहीं देता। बोतल से पानी पीना ठीक नहीं।

हमें हमेशा ग्लास में पानी लेकर घूंट-घूंट करके पीना चाहिए। इसकी एक वजह यह बताई जाती है कि जब हम बॉटल से डायरेक्ट पानी पीते हैं तो एक-दो घूंट में उस वक्त के लिए गला तर हो जाता है और हम पानी कम पीते हैं। अगर आप ग्लास में लेकर पानी पीते हैं तो पूरा ग्लास खत्म करते हैं और शरीर में ज्यादा पानी पहुंचता है।

# गर्मी में डायरिया से भी रहें सावधान

**जीवीएस शास्त्री**

**आजकल** के वातावरण में सफाई के लिए कहा जा रहा है। साफ-सफाई तो हमेशा जरूरी होती है। कोविड के इस दौर में डायरिया जैसी बीमारी से भी सावधान रहने की जरूरत है। झारखंड सहित देश का तापमान 40 डिग्री से उपर जा रहा है एसे में यह एक सामान्य रोग हो सकता है। वैसे विशेषज्ञ मुख्य वजह साफ-सफाई का अभाव ही मानते हैं। अगर दूषित खाना या अस्वच्छ जगह पर भोजन या खाने-पीने की कोई और चीज बनी हो तो वह डायरिया की मुख्य वजह हो सकती है।

असल में डायरिया को दस्त से जुड़ी समस्या के रूप में जाना जाता है लेकिन इसके हरेक केस में परिस्थितियां अलग-अलग होती हैं। इस संबंध में सीनियर फिजिशयन डॉ. शशांक शर्मा कहते हैं कि डायरिया मुख्य रूप से लोगों को तीन रूपों में परेशान करता है। अक्यूट डायरिया सबसे कम दिनों तक होता है। यह एक सप्ताह तक रह सकता है, जबकि, पर्सिस्टेंट डायरिया लगभग तीन सप्ताह तक बना रह सकता है। इसके साथ ही क्रॉनिक डायरिया मरीजो को चार सप्ताह से अधिक समय तक रह सकता है जो कि जानलेवा हो सकता है। डॉ शर्मा बताते हैं कि वयस्क, बच्चों और शिशुओं में डायरिया के लक्षण अलग-अलग होते हैं, जिसकी वजह से डायरिया का इलाज भी अलग-अलग तरह से किया जाता है।

### मुख्य लक्षण

छोटे बच्चों में डायरिया की शिकायत होने पर थकान, सिरदर्द, पेशाब की कमी, चिड़चिड़ापन, रूखी त्वचा, बुखार, मल का रंग काला होना जैसे लक्षण दिखने लगते हैं। वहीं वयस्कों को डायरिया में जी मिचलाना, उल्टी, अनिद्रा, वजन कम होना जैसी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इनके अलावा दस्त होना और उसमें खून आना आम लक्षण हैं जो सभी आयुवर्ग के मरीजों में पाए जा सकते हैं। इसलिए ऐसे लक्षण हों तो आपको डॉक्टर से सलाह लेकर उचित समय पर इसका इलाज करवा लेना चाहिए ताकि बीमारी आपको ज्यादा दिनों तक तंग न कर सके।

### डायरिया होने के कारण

डायरिया होने के मुख्य कारण हैं आपके आहार एवं आसपास के वातावरण में स्वच्छता का अभाव तथा आंतों का कमजोर होना। क्योंकि खराब खानपान के कारण आंतों के कमजोर होने की समस्या सामने आती है।

इसके अलावा अगर व्यक्ति को किसी तरह की फूड एलर्जी है तो उस फूड को खाने पर भी डायरिया हो सकता है। विशेषज्ञ कई बार बताते हैं कि आप खान-पान की ऐसी चीज को समझें जिससे आपको दिक्कत होती है। कई बार हमें पता चल जाता है कि हमें कोई फल या किसी खास तरह की सब्जी नहीं पचती है तो उसकी पहचान कर उसे खाना बंद कर दें। डायरिया आंतों में संक्रमण के कारण भी हो सकता है। क्योंकि ये आपकी लैक्टोज पचाने में आई क्षमता में कमी को दशार्ता है। ऐसे लोग आसानी से डायरिया से ग्रस्त हो सकते हैं।

### डायरिया से बचाव

सबसे पहले तो शरीर में हुई पानी की कमी दूर करने के लिए इलेक्ट्रोलाइट या स्पोर्ट्स ड्रिंक, लेना चाहिए। ओआरस भी ऐसे में दिया जाता है। क्रॉनिक डायरिया होने अथवा स्थिति ज्यादा बिगड़ जाने पर इंट्रावीनस के जरिए शरीर में तरल पदार्थ पहुंचाना पड़ सकता है। अतः डॉक्टर के पास जाने में देर मत करें। अगर डायरिया की शिकायत बैक्टीरिया के कारण हुई हो तो डॉक्टर एंटीबायोटिक दवा भी लिख सकते हैं। अपने आसपास और लिए जा रहे फूड्स में हाइजीन का हमेशा ख्याल रखें और आंतो को स्वस्थ रखने का प्रयास करें। समय से सोना-जागना, खाने के तुरंत बाद अधिक मात्रा में कोई लिक्विड लेने से परहेज, तनावमुक्त रहना और योग करना आपकी आंतों को हेल्दी रखने में सहायता करेगा। साथ ही रात में खाने और सोने के बीच एक से दो घंटे का अंतराल जरूर रखें।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# डिग्री नहीं, दक्षता चाहिए- नई अर्थव्यवस्था की नई जरूरतें

**-डॉ. सत्यवान सौरभ**


**वर्तमान** में उच्च शिक्षा प्रणाली उद्योग की तेजी से बदलती आवश्यकताओं से मेल नहीं खाती, जिसके परिणामस्वरूप अधिकांश स्नातक रोजगार के लिए अयोग्य माने जाते हैं।एक रिपोर्ट के अनुसार केवल 45.9% स्नातक ही रोजगार योग्य हैं, जबकि तकनीकी क्षेत्र में भी यह आंकड़ा बहुत कम है। विश्वविद्यालयों को अपने पाठ्यक्रमों को नियमित रूप से उद्योग के विशेषज्ञों से समीक्षा कराना चाहिए, ताकि छात्रों को भविष्य की नौकरी के लिए तैयार किया जा सके। इसके अलावा, शिक्षा में मानवीय मूल्यों, सॉफ्ट स्किल्स और सामाजिक उत्तरदायित्व के पहलुओं को भी शामिल किया जाना चाहिए, जिससे छात्रों को न केवल पेशेवर, बल्कि सामाजिक दृष्टिकोण से भी तैयार किया जा सके। विश्वविद्यालयों और उद्योगों के बीच अधिक समन्वय से भारत को एक अधिक सक्षम, समावेशी और प्रतिस्पर्धी कार्यबल मिल सकता है जो देश को 2047 तक एक विकासशील राष्ट्र बनने में मदद करेगा।

भारत आज दुनिया की सबसे बड़ी युवा जनसंख्या वाला देश है। यह जनसांख्यिकीय लाभांश एक वरदान बन सकता है, यदि हम इसे कुशलता, योग्यता और आधुनिक जरूरतों के मुताबिक तैयार करें। परंतु अफसोस कि हमारी उच्च शिक्षा प्रणाली आज एक गहरे संकट से जूझ रही है। विश्वविद्यालयों में जो पढ़ाया जा रहा है और उद्योगों को जो चाहिए, इन दोनों के बीच की खाई लगातार चौड़ी होती जा रही है। यह खाई केवल छात्रों की रोजगार क्षमता को ही नहीं, बल्कि भारत की आर्थिक प्रगति और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को भी गंभीर रूप से बाधित कर रही है।

इंडिया स्किल्स रिपोर्ट-2024 के अनुसार, भारत में केवल 45.9% स्नातक ही रोजगार के योग्य पाए गए। इसका अर्थ यह है कि हर दो में से एक छात्र, जिसने उच्च शिक्षा प्राप्त की है, वह नौकरी के लायक कौशल से लैस नहीं है। तकनीकी संस्थानों की स्थिति भी निराशाजनक है। नैसकॉम की रिपोर्ट के अनुसार, केवल 25% इंजीनियरिंग स्नातक ही आईटी सेक्टर में कार्य के लिए उपयुक्त पाए गए। यह स्थिति न केवल शिक्षा प्रणाली की विफलता है, बल्कि देश के करोड़ों युवाओं के सपनों के टूटने की त्रासदी भी है। इस समस्या की जड़ है, सैद्धांतिक और अकादमिक दृष्टिकोण वाली शिक्षा प्रणाली जो व्यावहारिक दुनिया की जरूरतों से कटी हुई है। विश्वविद्यालयों का पाठ्यक्रम दशकों पुराना है, जो आज के डेटा-संचालित, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-प्रेरित, नवाचार-प्रधान उद्योग की जरूरतों से मेल नहीं खाता।

आज की नौकरियाँ पहले जैसी नहीं रहीं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डेटा एनालिटिक्स, ब्लॉकचेन, साइबर सुरक्षा और ग्रीन टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्र तेजी से बढ़ रहे हैं। लेकिन इन उभरते क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए पाठ्यक्रमों में जरूरी बदलाव नहीं हो पा रहा है। उदाहरणस्वरूप, आईआईटी हैदराबाद ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में बीटेक प्रोग्राम शुरू किया है, जो कि एक दूरदर्शी कदम है। लेकिन अधिकांश विश्वविद्यालय अब भी पुरानी पाठ्य पुस्तकों और व्याख्यानों पर निर्भर हैं। यह स्थिति केवल तकनीकी पाठ्यक्रमों की नहीं है। वाणिज्य, मानविकी, समाजशास्त्र, मीडिया, कानून और अन्य विषयों में भी छात्रों को भविष्य की जरूरतों से लैस नहीं किया जा रहा है। परिणामस्वरूप वह न तो नौकरी के लिए तैयार होते हैं, न ही नवाचार या उद्यमिता की दिशा में सोच पाते हैं।

**विश्व शांति को समर्पित...**



साभार कार्टूनमूवमेंट डॉट कॉम

## स्पीड न्यूज

### खिलाड़ी को डीसी ने किया सम्मानित



रामगढ़। 15 से 17 अप्रैल तक नवाब अली पार्क कोलकाता में आयोजित प्रो नेशनल ओपन किक बॉक्सिंग लीग में रामगढ़ शहर के जारा टोला निवासी खिलाड़ी कार्तिक शौर्य द्वारा गोल्ड मेडल एवं प्रो चैंपियनशिप बेल्ट प्राप्त करने पर शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में खिलाड़ी कार्तिक शौर्य को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर उपायुक्त ने कार्तिक शौर्य से उनके खेल के बारे में कई जानकारियां ली एवं आगे भी इसी तरह अपना व देश का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

### सांस्कृतिक विकास संघ की स्थापना



रामगढ़। होटल वेल्स के सभागार में शुक्रवार को झारखंड कला सांस्कृतिक विकास संघ की स्थापना की गई। संघ का मुख्य उद्देश्य सामाजिक, सांस्कृतिक क्षेत्र में सभी प्रकार के कलाकारों के लिए कार्य करना होगा। साथ ही कलाकरों को उनको अर्थिक रूप से मदद करना, उभरते हुए कलाकारों को सही दिशा और मंच प्रदान करना, सुरक्षा देना, जरूरत मंद लोगों की मदद करना संघ का कार्य होगा। इस मौके पर सर्वसम्मति से कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष . अध्यक्ष जितेन्द्र कैंथ ,सचिव घमेंद्र राठौर, कोषाध्यक्ष पूष्प रोमेल ,रितेश दास, उपाध्यक्ष शल्भ स्वप्न , सह सचिव अभय पाल, प्रवक्ता सूरज जायसवाल, प्रभारी मनोज कुमार पंडा को बनाया गया। जबकि कार्यकारिणी सदस्य अजय सिंह, ऋषि केश कुमार, रवि , प्रदीप भाटिया, राजा कालरा को बनाया गया।

### भामाशाह की जयंती 23 अप्रैल को

रामगढ़। 23 अप्रैल को साहू भवन में दानवीर भामाशाह की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। 20 अप्रैल को 10 :00 बजे कक्षा 1 से 5 तक के बच्चे एवं बच्चियों के बीच क्विज प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता, महिलाओं के बीच कुर्सी रेस प्रतियोगिता एवं 23 अप्रैल को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। विजेताओं को भामाशाह जयंती के दिन पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अलावे साहू समाज के जिन विद्यार्थियों ने स्कूल के फाइनल परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया है उन्हें भी 23 अप्रैल को सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए विद्यार्थियों को अपना मार्कशीट 22 अप्रैल से पूर्व जमा करना होगा। भामाशाह जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम में साहू भवन के फाउंडर सदस्यों का स्वागत करने के साथ उन्हें सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है।

### जय भारत मंच के अध्यक्ष बने रामेश्वर



भुरकुंडा (रामगढ़)। सामाजिक संगठन जय भारत मंच ने झारखंड प्रदेश में अपने संगठनात्मक ढांचे को सशक्त करते हुए रामेश्वर गोप को झारखंड प्रांत अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति की घोषणा के बाद रामेश्वर गोप ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। रामेश्वर गोप ने विशेष रूप से मंच के मार्गदर्शक इंद्रेश कुमार ( राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ), संरक्षक गिरीश जुयाल राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पराज तिवारी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नरेन्द्र शुक्ल, राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज कुमार वाजपेई, राष्ट्रीय महामंत्री सूर्यकुमार शुक्ल तथा महामंत्री अर्जुन सिंह के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए गौरव का विषय है कि मुझे संगठन ने इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। मैं इस जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा के साथ निभाते हुए समाज के विकास एवं उत्थान के लिए कार्य करूंगा। उन्होंने कहा कि जय भारत मंच के मार्गदर्शन में जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता दी जाएगी। जय भारत मंच एक राष्ट्रवादी विचारधारा पर आधारित सामाजिक संगठन है, जो देशभर में सामाजिक समरसता, राष्ट्र प्रेम, शिक्षा और जागरूकता जैसे विषयों पर कार्य करता है। श्री गोप की नियुक्ति से झारखंड में संगठन की गतिविधियों को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### पुस्तक का विमोचन सोमवार को



रामगढ़। राधा गोविंद विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर रश्मि, कुलसचिव डॉ निर्मल मंडल एवं पुस्तक के लेखक डॉ संजय प्रसाद सिंह ने कहा कि 21 अप्रैल को होगा पुस्तक विमोचन । डॉ रश्मि ने कहा संस्कृति – संस्कार के सुपथ नामक पुस्तक के लेखक डॉ संजय प्रसाद सिंह की नव प्रकाशित पुस्तक का विमोचन विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है । कुलसचिव डॉ निर्मल कुमार मंडल ने कहा कि डॉक्टर संजय प्रसाद सिंह द्वारा लिखित पुस्तक समाज को एक नई दिशा – दशा प्रदान करेगा । पुस्तक विमोचन कार्यक्रम की रूपरेखा की तैयारी विश्वविद्यालय परिवार द्वारा की जा रही है । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन शाह करेंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि चतरा के सांसद कालीचरण सिंह एवं हजारीबाग के पूर्व सांसद डॉ यदुनाथ पांडे के कर कमलों द्वारा सामूहिक रूप से पुस्तक का विमोचन किया जाएगा।

### तोपा में क्वार्टर से बाइक चोरी

कुजू। तोपा न्यू माइनस निवासी शनिचरवा मांझी ने बाइक चोरी होने को लेकर कुजू ओपी में आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि शुक्रवार रात अपनी काले रंग की स्पलेंडर संख्या जेएच 24 एफ– 8388 क्वार्टर में खड़ा कर अपने दोस्त के साथ ड्यूटी करने के लिए चले गए। जब सुबह 6 :30 बजे क्वार्टर पहुंचे तो देखा कि बाइक अपनी जगह पर नही है। काफी खोजबीन करने के बाद भी कहीं कुछ पता नहीं चला। उन्होंने पुलिस से छानबीन कर बाइक बरामदगी के लिए आग्रह किया।

# केरेडारी के पगार में बिरहोर महिला की मौत

## दो महीने से बीमार थी गीता, हजारीबाग में चल रहा था इलाज

खबर मन्त्र संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग जिले के केरेडारी थाना क्षेत्र स्थित पगार बिरहोर कॉलोनी की गीता बिरहोर (36) की शुक्रवार रात एनीमिया से मौत हो गई। वह दो महीने से बीमार थी और हजारीबाग में इलाज चल रहा था। मौत के बाद बिरहोर समुदाय में आक्रोश फैल गया। लोगों ने चट्टीबरियतू कोल परियोजना से दूर पुनर्वास की मांग की। सूचना पर केरेडारी बीडीओ विवेक कुमार, एसडीपीओ पवन कुमार समेत अधिकारी पहुंचे और परिवार को आर्थिक सहायता दी। गीता अपने पीछे चार बच्चे छोड़ गई हैं। बीडीओ ने कहा कि परिवार को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा और पुनर्वास के लिए बड़कागांव के ढेंगा भेजने की योजना है। कहा कि बिरहोर इस जगह को किसी कीमत पर छोड़ना नहीं चाहते जिसके कारण परेशानी हो रही है।

### परिवार को मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ : बीडीओ

**चट्टी बरियातू बना मौत की खान** : हजारीबाग जिले के केरेडारी प्रखंड में स्थित चट्टी बरियातू कोल परियोजना जहां विकास और रोजगार की उम्मीद जगाती है, वहीं यह परियोजना अब आदिवासी बिरहोर समुदाय के लिए अभिशाप बनती जा रही है। परियोजना शुरू होते ही बिरहोर कॉलोनी में मौतों की रहस्यमयी कड़ी शुरू हो चुकी है, जिसने स्थानीय लोगों के दिलों में डर और असुरक्षा का माहौल पैदा कर दिया है। आरोप है कि कोयला खनन के कारण उत्पन्न प्रदूषण, कंपन और पेयजल संकट ने बिरहोर समुदाय की ज़िंदगी को नरक बना दिया है।

गीता से पहले भी कई बिरहोरों की असमय मौत हो चुकी है, जिनका सीधा संबंध खनन गतिविधियों से जोड़ा




जा रहा है। प्रशासन फिलहाल मौन है, लेकिन यह मौन अब प्रश्नों के कटघरे में है। क्या विकास की कीमत आदिवासी जानें होंगी? क्या कोई सुनेगा बिरहोरों की आवाज? या मौतों का यह सिलसिला यूं ही चलता रहेगा? ज्ञात हो कि हाल के महीनों में हजारीबाग जिले के केरेडारी प्रखंड के पगार गांव स्थित बिरहोर टोला में बिरहोर जनजाति के दो लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई थी। 9 अप्रैल 2024: 36 वर्षीय दुर्गा बिरहोर की अचानक मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया था कि पास की कोयला खनन परियोजना से निकलने वाले कोयले के डस्ट के कारण प्रदूषण बढ़ा है, जिससे सांस लेने में कठिनाई होती है और स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। 28 फरवरी 2024: 9 वर्षीय किरनी कुमारी, जो बीरू बिरहोर की बेटी थी, की पेट दर्द के कारण मौत हो गई। पोस्टमार्टम नहीं होने के कारण मौत के सटीक कारण की पुष्टि नहीं हो सकी। इस मुद्दे पर हजारीबाग जिला प्रशासन से जवाब तलब की गयी थी। इन दोनों घटनाओं के बाद स्थानीय बिरहोर समुदाय ने प्रशासन से प्रदूषण और स्वास्थ्य सेवाओं की कमी के मुद्दों पर ध्यान देने की मांग की थी।

# हजारीबाग : सड़क हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत

## इवेंट मैनेजमेंट से जुड़े थे केसरी और विशाल कुमार

खबर मन्त्र संवाददाता

**शुक्रवार रात जन्मदिन की पार्टी के लिए एक होटल में गए थे, लौटते समय शनिवार सुबह 4 बजे पेड़ से टकरा गयी बाइक,दोनों की मौत**



हजारीबाग। जिले की शांत फिजाओं को शनिवार सुबह एक हृदयविदारक सड़क दुर्घटना ने झकझोर कर रख दिया। शहर की नींद टूटी तो खबर आई दो युवाओं की असमय मौत की, जिनमें एक घर का इकलौता चिराग था विशाल केसरी। जानकारी के मुताबिक, यह दर्दनाक हादसा अहले सुबह झील के पास हुआ, जब पल्सर बाइक सवार दो युवक विशाल केसरी और उनके मित्र विशाल कुमार नगवा से लौट रहे थे। दोनों एक इवेंट मैनेजमेंट से जुड़े थे और शुक्रवार रात जन्मदिन की पार्टी के लिए नगवा स्थित एक होटल में गए थे। बताया जा रहा है कि पार्टी से लौटते वक्त तड़के करीब 4 बजे उनकी बाइक झील मार्ग पर सीआरपीएफ कमांडेंट आवास के पास अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। विशाल केसरी, जो लेपो रोड निवासी थे, घर का इकलौता बेटा था। वहीं दूसरा युवक विशाल कुमार गिद्दी थाना क्षेत्र का निवासी था। दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और परिजनों को सूचना दे दी गई है। हादसे की खबर फैलते ही घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। घटना की जांच में जुटी पुलिस जहां इसे महज एक हादसा मान रही है, वहीं स्थानीय लोग हत्या की आशंका भी जता रहे हैं। लोहसिगना थाना पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए हर पहलू की जांच शुरू कर दी है। इस बीच, हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने घटना पर गहरा शोक जताया और दिवंगत आत्माओं की शांति की प्रार्थना की। हादसा था या किसी साजिश का हिस्सा? जवाब पुलिस जांच के बाद सामने आएगा, लेकिन दो परिवारों के आंगन सूने हो गए।

### दनुआ घाटी में दो ट्रकों में टक्कर, चार घायल

हजारीबाग। एनएच-19 स्थित दनुआ घाटी में शनिवार को दो ट्रक आपस में टकरा गए। इस हादसे में दोनों ट्रकों के चालक और उपचालक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। यह दुर्घटना उसी मोड़ पर हुई, जहां शुक्रवार को भी दो ट्रकों की टक्कर हुई थी। लगातार हो रहे हादसों के कारण इस जगह को अब मौत की घाटी कहा जाने लगा है। स्थानीय निवासी का कहना है कि एनएच-19 की यह घाटी पिछले कई सालों से खतरनाक साबित हो रही है। एनएचएआई ने अब तक कोई सुरक्षा उपाय नहीं किए हैं। यहां हर महीने कई हादसे होते हैं। इन हादसों में कई लोगों की जान जा चुकी है। वहीं थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने बताया कि दो ट्रकों के आपस मे हुई टक्कर में दोनों वाहन के चालक और उपचालक घायल हो गए हैं।


## चुरचू व चरही में अधिकारियों के मिलीभगत से चलते हैं अवैध भट्ठे

खबर मन्त्र संवाददाता



हजारीबाग। जिले के चुरचू और चरही क्षेत्र में धुएं के गुबार से कहीं ज्यादा गहरा है भ्रष्टाचार का जाल। जहां नियम-कानून ताक पर रखकर अवैध ईंट भट्ठों का संचालन हो रहा है, वहीं सरकारी अफसरों की चुप्पी सवालों के घेरे में है। सूत्रों के अनुसार, चुरचू अंचल कार्यालय की मिलीभगत से इन इलाकों में कई चिमनी भट्ठे अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं। चिमनी भट्ठे के लिए सरकारी जमीन का होना अनिवार्य है, लेकिन ये भट्ठे गैरमजरूआ खास और जंगल दर्ज जमीन पर धड़ल्ले से चल रहे हैं। मिट्टी की अवैध खुदाई पहाड़ी और वन क्षेत्र से की जा रही है, जिससे पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है। एक स्कूल की दीवार गिरने की घटना से यह साफ जाहिर होता है कि ये भट्ठे सिर्फ कानून नहीं, जमीनी हकीकत को भी कुचल रहे हैं। स्थानीय निवासी बड़कू महतो ने जब आरटीआई के जरिए जानकारी मांगी, तो उन्हें गोलमोल जवाब मिला। इसके बाद उन्होंने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को शिकायत पत्र भेजा। शिकायत के बाद केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की अपर निदेशक अनामिका सागर ने झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को जांच के आदेश दिए। आनन-फानन में चुरचू अंचल कार्यालय ने 5 दिसंबर 2024 को जवाब दिया, जिसमें कबूल किया गया कि राम मार्का ईंट भट्ठा गैरमजरूआ खास और जंगल जमीन पर चल रहा है, जबकि जेएमटी मार्का भट्ठा बंद बताया गया–लेकिन उसी से मिट्टी उठाव भी स्वीकार किया गया। सवाल उठता है कि अगर भट्ठा बंद है, तो मिट्टी क्यों उठाई जा रही है? यह सिर्फ जांच का विषय नहीं, बल्कि एक पूरे सिस्टम पर सवालिया निशान है, जहां धुएं के पीछे धंधा और सत्ता की मिलीभगत सुलग रही है।

### उज्ज्वला फाउंडेशन ने सदस्य की पुत्री शादी में किया मदद



कुजू। मांडू प्रखंड के रतवे पंचायत अंतर्गत नावाटांड़ की गरीब विधवा सह फाउंडेशन सदस्य की पुत्री की शादी में सहयोग के लिए उज्जवला फाउंडेशन के अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने हाथ बढ़ाते हुए वस्त्र भेंटकर एक मिसाल पेश की है। फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति द्वारा नावाटांड़ निवासी प्रियंका देवी पति स्व सुरेश महतो की पुत्री की शादी के मौके पर सहयोग के तौर पर लहंगा और अंगवस्त्र भेंट स्वरूप दिया गया। मौके पर फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने कहा कि फाउंडेशन सदस्यों के उत्थान के लिए ही नहीं बल्कि गरीब व जरूरतमंद महिलाओं को हर संभव सहयोग भी पहुंचाने के लिए भी प्रयासरत है। प्रियंका देवी ने जगेश्वर प्रजापति का आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि हम जैसे लोगों को सहयोग मिलता रहेगा, तो निश्चित ही फाउंडेशन का नाम रौशन होगा।

### बंगाल में लागू हो राष्ट्रपति शासन



रामगढ़। पश्चिम बंगाल में हिन्दुओं पर हो रहे हिंसा के विरोध में विश्व हिंदू परिषद ने सुभाष चौक के निकट प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में मुख्य रूप से विश्व हिन्दू परिषद झारखंड प्रांत के प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार उपस्थित थे। विहिप के प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार ने कहा कि वक्फ कानून के विरोध की आड़ में संपूर्ण बंगाल को जिस प्रकार हिंसा की आग में जलाया जा रहा है, हिंदुओं को प्रताड़ित किया जा रहा है, राष्ट्र विरोधी और हिंदू विरोधी तत्वों को निर्वाध रूप से अपने षडयंत्रों को क्रियान्वित करने की खुली छूट दी जा रही है, उससे स्पष्ट लगता है कि बंगाल की स्थिति चिंताजनक है। मुर्शिदाबाद से प्रारम्भ हुई यह भीषण हिंसा अब संपूर्ण बंगाल में फैलती हुई दिखाई दे रही है। शासकीय तंत्र दंगाइयों के सामने केवल निष्क्रिय ही नहीं अपितु कई स्थानों पर इनका सहायक या प्रेरक बन गया है। इससे पहले कि स्थिति नियंत्रण से बाहर हो जाए, केंद्र सरकार को प्रशासन का नियंत्रण व संचालन अपने हाथ में लेकर राष्ट्र विरोधी व हिंदू विरोधी तत्वों को उनके कुकर्मों के लिए कठोरता सजा दिलवानी चाहिए। अब यह बंगाल तक भी सीमित नहीं रहेगी। इसलिए देश की जनता मांग करती है कि बंगाल में अविलंब राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल,जिला मंत्री छोटू वर्मा,सह मंत्री जगत नारायण शाह,बजरंग दल पूर्व संयोजक राजेश ठाकुर, बजरंग दल जिला संयोजक भागीरथ पोद्दार, जिला सत्संग प्रमुख संतोष सिंह,गौतम महतो, जोगेंद्र सिंह जग्गी, आदि मौजूद थे।

## लायंस क्लब भुरकुंडा ने शीतला मंदिर में किया भंडारा

खबर मन्त्र संवाददाता

### 300 लोगों ने किया भोजन, राज नर्सिंग होम में गर्भवती व शिशुओं का टीकाकरण




भुरकुंडा (रामगढ़)। लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने शनिवार को भुरकुंडा के पटेलनगर सयाल मोड़ स्थित मां शीतला देवी मंदिर में नर सेवा नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत भंडारा किया। सर्वप्रथम पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना की गई। साथ ही मां को लड्डू का भोग चढ़ाया गया। इसके बाद भव्य भंडारा का आयोजन कर लायंस क्लब के लोगों द्वारा फूड फॉर हंगर के तहत लगभग 300 लोगों को खिचड़ी रूपी प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद लिया गया। इसके पूर्व जिला 322 ए के कोषाध्यक्ष एचएन सोंधी का 37वां वैवाहिक वर्षगांठ मनाया गया। मौके पर जिला चेयरपर्सन अशोक सिन्हा ने बताया कि एचएन सोंधी के सौजन्य से ही आज का कार्यक्रम संपन्न हुआ है। उन्होंने बताया कि लायंस परिवार द्वारा प्रत्येक शनिवार को व्यक्तिगत सहयोग से इस तरह का आयोजन किया जाता रहा है। मौके पर क्लब की अध्यक्ष लायन रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी और कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद ने बताया कि लायंस क्लब समाज के निचले स्तर पर जीवन यापन कर रहे लोगो को ध्यान में रखकर समाजिक उत्थान का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि गरीबों को भोजन कराना बड़ा पूण्य का कार्य है। लायंस परिवार ने ऐसे नेक और सामाजिक कार्यों में सबों को सहयोग करने की अपील की। इधर परमानेंट प्रोजेक्ट वैक्सीनेशन के तहत लायंस क्लब ने राज नर्सिंग होम में गर्भवती महिलाओं व दर्जनों शिशुओं का टीकाकरण कराया।

मौके पर एचएन सोंधी के साथ लायन सुजीत कुमार भी उपस्थित थें। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद, जोन चेयरपर्सन एमजेएफ डॉ राजेंद्र महतो, जिला चेयरपर्सन अशोक सिन्हा, जिला चेयरपर्सन अखिलेश शर्मा, पूर्व अध्यक्ष माला शर्मा, लायन विजयंत कुमार, लायन डॉ एमके मंजुल, सूबेदार एचएन यादव, लायन दीनबंधु सिंह, लायन विजय वर्णवाल, एमजेएफ संजय जयसवाल, लायन भूपेंद्र सिंह सैनी उर्फ जीबु आदि का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर में

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से दंपती समेत पांच घायल

बरही। शनिवार सुबह करसो गांव में अनियंत्रित ट्रैक्टर ने करसो गांव निवासी 48 वर्षीय महेंद्र गोप, उनकी 32 वर्षीय पत्नी व करसो पंचायत की वार्ड सदस्य चिंता देवी, 11 वर्षीय बेटी रूपाली कुमारी, 6 वर्षीय बेटा सागर कुमार व तिलैया गुमो निवासी 52 वर्षीय लखन वर्मा को टक्कर मार दी। घायलों का इलाज बरही अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया, दो को रेफर कर दिया गया।

### बरही : ट्रैक्टर से टकरायी स्कॉर्पियो, दो घायल

बरही। बरही के करियातपुर जीटी रोड पर बांस लदे ट्रैक्टर से टकराई स्कॉर्पियो में जोरदार टक्कर हो गई। स्कॉर्पियो में सवार धनबाद से बिहारशरीफ आ रहे 42 वर्षीय अजय कुमार और 56 वर्षीय सुरेश पासवान गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बरही अनुमंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### पीएम आवास को लेकर बीडीओ ने की बैठक



बरही। नगर भवन में प्रधानमंत्री आवास के सर्वे को लेकर बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता बीडीओ जयपाल महतो ने की और संचालन कमलेश कुमार ने किया। बैठक में पंचायत सचिव, पर्यवेक्षक, जन सेवक, ग्राम रोजगार सेवक, आंगनबाड़ी सेविका तथा जेएसएलपीएस दीदी शामिल हुए। इस दौरान बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास का सर्वे तय समय के अंदर पूरा करना है। हर हाल में पात्र लाभुकों को आवास मिले यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार गरीबों को आवास उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही उन्होंने आवास पर्यवेक्षक को पंचायतवार सर्वे कार्य का स्थलीय निरीक्षण करने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने लोगों से बातचीत कर सर्वे कार्य का जायजा लेने का भी निर्देश दिया।

### आजसू के सचिव का इस्तीफा नामंजूर

बड़कागांव। आजसू पार्टी प्रखंड सचिव मनोज प्रसाद दांगी के द्वारा निजी कारणों को लेकर पद एवं सदस्यता से इस्तीफा देने के आवेदन को जिला कमेटी के द्वारा नामंजूर कर दिया गया है ।अब पूर्व की तरह मनोज प्रसाद दांगी आजसू पार्टी के प्रखंड सचिव पद पर बने रहेंगेऔर पार्टी के सभी निदेर्शों का पालन करेंगे। उक्त आशय की जानकारी पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा ने जिला के पदाधिकारी के साथ मनोज दांगी की आवास पहुंचकर उन्हें दी ।गौतम वर्मा ने कहा कि मनोज पार्टी के एक मजबूत स्तंभ है। पिछले 15 वर्षों से भी अधिक समय से पार्टी को सेवा देते आ रहे हैं ।मौके पर जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र दांगी,जिला उपसचिव गिरेंद्र प्रसाद, किसान संघ के सचिव सुरेश कुमार दांगी वरिष्ठ नेता दिनेश प्रसाद दांगी प्रखण्ड पदाधिकार अजीत कुमार दांगी व अन्य शामिल थे।

### जूड़ो कराटे से बच्चे बन रहे हैं आत्मनिर्भर



बड़कागांव। बी.एम. मेमोरियल स्कूल में विद्यार्थियों के बीच जूड़ो कराटे की प्रशिक्षण राष्ट्रीय स्तर पर ब्राउज तथा राज्य स्तर पर गोल्ड मेडल लाने वाले व झारखंड स्टेट चैंपियन शिक्षक अनु कुमारी के द्वारा दिया जा रहा है। विद्यालय के निदेशक संदीप कुशवाहा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाली बालिकाओं को राह चलते मनचले परेशान करते हैं। इस डर से तमाम बच्चियां पढ़ाई ही छोड़ देती हैं। बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने और इस सभी समस्याओं से निपटने के लिए के लिए यह जूडो कराटे का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आगे उन्होंने कहा कि हम विद्यालय परिवार बच्चों को शिक्षा के साथ–साथ संस्कार देते हैं ।वहीं विद्यालय के प्राचार्य कैलाश कुमार ने कहा कि हमारे विद्यालय में पढ़ाई के साथ–साथ बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जूडो कराटे के साथ–साथ खेलकूद की प्रशिक्षण भी दिया जाता है ताकि बच्चों का मानसिक विकास के साथ–साथ शारीरिक विकास हो सके। मौके पर विद्यालय उप निर्देशक पिंटू कुशवाहा दिनकर,उप प्राचार्य पूनम कुमारी,चेयरमैन रंजीत कुमार,वरिष्ठ शिक्षक ब्रह्मदेव सिंह चौहान,महेंद्र कुमार, मुकेश दास,आनन्द राज, ऋषभ अग्रवाल,सुमित कुमार,राजेश कुमार रवि,सचिन कुमार,ओम कुमार,मनीषा कुमारी,अनु कुमारी,देवंती कुमारी, स्नेहा कुमारी, सुमन कुमारी, अंजली मिश्रा,अंजनी कुमारी,विकास ठाकुर,सुभाष कुमार,अफसाना परवीन,गंगा भारती,दुर्गा देवी,अंजू देवी सहित सैकड़ों छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

### शादी का झांसा दे नबालिक का यौन शोषण

बरही। बरही थाना के एक गांव की 17 वर्षीय एक नाबालिक युवती को एक युवक द्वारा शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने एवं दवा खिलाकर गर्भपात कराने का मामला प्रकाश में आया है। इस बाबत नबालिक ने अपने ही जाति के एक युवक पर आरोप लगाते हुए बताया कि युवक ने उसे शादी का झांसा देकर यौन शोषण किया। उसके बाद वह गर्भवती हो गई ।जिसकी जानकारी उस युवक को दी तो उसके गर्भ में पल रहा करीब नौ माह का शिशु का गर्भपात करवाने के लिए युवक ने उसे दवा खिला दिया। जिसके कारण उसे मृत बच्चा पैदा हुआ। अब युवक शादी करने से भी साफ इंकार कर रहा है। इस संबंध में नाबालिक युवती ने बरही महिला थाना को आवेदन दे कर आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई का मांग रखा। वहीं दूसरी ओर युवक का कहना है कि उसपर गलत आरोप लगाया जा रहा है, नाबालिक के साथ उसने कोई संबंध नहीं बनाया है और युवती के गर्भ में जो बच्चा था वह उसका नहीं था। उक्त मामले के संदर्भ में पूछे जाने पर बरही एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल ने बताया कि पीड़िता के आवेदन आधार पर बरही महिला थाना में युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वहीं मृत नवजात शिशु के शव का पोस्टमार्टम गुरुवार को हजारीबाग सदर अस्पताल में करवाया गया है। आरोपी युवक की तलाश लगातार जारी है, युवक मिलता है तो उसका डीएनए टेस्ट भी करवाया जायेगा। पुलिस मामले की हर बिंदु पर अनुसंधान व छानबीन कर रही है।

### डीएवी पब्लिक स्कूल में मनी हंसराज की जयंती



**बरही।** बरही डीएवी पब्लिक स्कूल, बरही में शनिवार को महात्मा हंसराज जयंती बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने महात्मा हंसराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर की। शिक्षकों ने महात्मा हंसराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को याद किया। साथ ही बताया कि उन्होंने डीएवी आंदोलन की नींव रखी और भारतीय मूल्यों को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने का काम किया। विद्यार्थियों ने शिक्षक निर्मल कुमार की देखरेख में भजन, भाषण, प्रश्नोत्तरी सहित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसमें दयानंद सदन, विवेकानंद सदन और एनडी ग्रोवर सदन के विद्यार्थी सामूहिक रूप से विजेता रहे जबकि हंसराज सदन उपविजेता रहा। संगीत शिक्षक दीपक कुमार की देखरेख में संगीत प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रथम विजेता कक्षा 3ए की श्रेया अभिरामी, द्वितीय विजेता 3ए के विवेकानंद सदन के हर्षवर्धन दुबे, तृतीय विजेता हंसराज सदन 5ए की आद्या सिंह तथा 4ए की रूबी कुमारी रहीं।


## मनिका प्रखंड में दिन प्रतिदिन मनरेगा योजना में बढ़ रहे भ्रष्टाचार का खुल रहा पोल

# लाभुकों ने प्रशासन से जांच की शीघ्र जांच की मांग

- सिंजो पंचायत के रोजगार सेविका के द्वारा एमआर में साइन करने के लिए 5% का मांग
- महिला होने की वजह से लाभुकों को एफआईआर करने की देती है धमकी, लाभुकों में डर व्याप्त

खबर मंत्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड क्षेत्र में मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं में मनरेगा कर्मियों के द्वारा दिन प्रतिदिन बढ़ रहे भ्रष्टाचार का पोल खुल रहा है। एक तरफ जहां सरकार गरीब जरूरतमंद लोगों को रोजगार उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर ला रही है, तो दूसरी ओर मनरेगा कर्मियों के द्वारा लाभुकों के साथ खुलेआम भ्रष्टाचार का तांडव किया जा रहा है। ताजा मामला मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत सिंजो पंचायत का है,जहां पर रोजगार सेवक के पद पर कार्यरत सुमन कुमारी के द्वारा अबुआ आवास में मनरेगा के तहत मजदूरों को मिलने वाली मजदूरी के भुगतान एवं बिरसा हरित आम बागवानी के मास्टर रोल में साइन करने के लिए खुलेआम पांच प्रतिशत अवैध पैसा का मांग किया जा रहा है। वहीं दिन शनिवार को दर्जनों की संख्या में लाभुकों ने सिंजो पंचायत सचिवालय पहुंचकर पंचायत के मुखिया को अपनी समस्या के निवारण हेतु आवेदन दिया है। मौके पर अबुआ आवास के लाभुक सरिता देवी के पति ने बताया कि हमारे अबुआ आवास में मजदूरी के भुगतान के लिए मास्टर रोल में साइन करने के लिए रोजगार सेवक सुमन कुमारी के द्वारा 5% का मांग किया जा रहा है। वहीं सुनील यादव, चंदन कुमार यादव, पंकज कुमार यादव, अरुण कुमार यादव, समेत अन्यों ने बताया कि हम लोगों के नाम से बिरसा हरित आम बागवानी योजना का चयन हुआ है, जिसका जिओ टेक और डीपीआर रोजगार सेविका सुमन कुमारी के द्वारा किया गया है। अभी जब हम लोग आम बागवानी के पेमेंट के लिए मास्टर रोल में साइन करवाने रोजगार सेविका सुमन कुमारी के पास जा रहे हैं तो उनके द्वारा हम लोगों से खुलेआम 5% पैसा का मांग किया जा रहा है,रोजगार सेविका के द्वारा बोला जाता है कि पैसा देने के बाद ही साइन करेंगी। वहीं लाभुकों ने बताया कि सुमन कुमारी महिला होने के वजह से हम लोगों के ऊपर झूठा एफआईआर करवाने की धमकी देती है,जिससे रोजगार सेविका के प्रति हम लोगों में डर व्याप्त है। वहीं लाभुकों ने बताया कि काफी दिनों से हम लोग एमआर में साइन करवाने के लिए पंचायत सचिवालय का चक्कर काट रहे हैं, लेकिन रोजगार सेविका बिना पैसे लिए हम लोगों का काम करने को तैयार नहीं है। मौके पर उपस्थित लाभुकों ने मामले को जांच कर कार्रवाई करने का जिला प्रशासन से मांग किया है।


जानकारी देते लाभुक।

**क्या कहती हैं रोजगार सेविका**

वहीं मामले के संबंध में रोजगार सेविका सुमन कुमारी से दूरभाष के माध्यम से जब संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि लाभुकों के द्वारा लगाया गया सभी आरोप गलत है और मैं सभी लाभुकों के ऊपर एफआईआर दर्ज करवाऊंगी।

## भव्य कवि सम्मेलन से गूंज उठा लातेहार


शनिवार को आयोजित हुआ कवि सम्मेलन।

**लातेहार।** साहित्य संगम के तत्वावधान में शनिवार को आयोजित कवि सम्मेलन एवं साहित्यिक संगोष्ठी में जिले भर के प्रतिष्ठित व नवोदित कवियों ने विद्यार्थियों और साहित्यप्रेमियों को अपनी काव्यविष्कारों से मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण है, जो सामाजिक बदलाव की मशाल जलाता है। वहीं साहित्य हमारे आत्मिक सौंदर्य को निखारता है। उन्होंने आयोजकों को इस तरह के मंच स्थापित करने पर बधाई दी और लातेहार को साहित्यिक रूप से समृद्ध बनाने का संकल्प दोहराया। बनवारी शाहू महाविद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कु. तिवारी ऐसे मंचों को संवाद और सौहार्द बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण बताया। संस्थापक अमीन रहबर, संरक्षक हरिवंश प्रभात और समीम रिजवी ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई, जबकि गुरमीत सिंह मीत, एम.जे. अजहर, ज्योति चौधरी, रीना प्रेम दुबे, मनीष नंदन मिश्रा, किरण राज, बरकतउल्ला रिजवी, नैंसी गुप्ता, शिव प्रसाद साव और समीम रिजवी ने मनमोहक कवितयें सुनाई। सम्मेलन का संचालन परशुराम तिवारी ने और धन्यवाद ज्ञापन अनूप कुमार ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की सफलता में जिला उप सचिव सतेंद्र मेहरा, प्रवक्ता अनुपम कुमार मिश्रा, अतुल कुमार, दिनेश ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारियों की सराहनीय भूमिका रही।

## चंदवा: बीडीओ की अध्यक्षता में 15 वें वित से संचालित विकास योजनाओं की हुई समीक्षा बैठक


प्रखंड कार्यालय के सभागार में हुआ बैठक।

**चंदवा।** स्थानीय प्रखंड कार्यालय के सभागार में समीक्षात्मक बैठक का आयोजन शनिवार को किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद ने की। बैठक में पंचायती राज्य प्रखंड समन्वयक रितेश कुमार मौजूद थे। बैठक में 15 वे वित्त आयोग मद का अद्यतन व्यय प्रतिवेदन क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा की गई। इसके उपरांत ग्राम पंचायत सुदृढ़ीकरण राशि व्यय से संबंधित प्रतिवेदन, पंचायत ज्ञान केंद्र के संचालन संबंधी समीक्षा, पुस्तकालय प्रबंधन समिति गठन संबंधी समीक्षा, पंचायत सचिवालय में बायोमेट्रिक अधिष्ठापन एवं उपस्थिति दर्ज करने संबंधी समीक्षा, जीपीसीसी एवं स्थाई समिति की बैठक की स्थिति, पंचायत स्तर पर जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत होने की स्थिति, पंचायत स्तरीय कर्मियों का रोस्टर अनुपालन की स्थिति, पंचायत सहायकों के पंचायत भवन उपस्थिति की स्तिथि की समीक्षा, बालू घाट से संबंधित प्रतिवेदन के अलावे वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्लान प्रविष्टि की स्तिथि की समीक्षा बारी-बारी से की गई। बीडीओ चन्दन प्रसाद ने मुखिया व पंचायत सेवको को निर्देश देते हुए कहा कि सभी कार्य ससमय व ईमानदारी से पूरा करे। ताकि सरकारी योजनाओ का लाभ लाभुकों को मिल सके। मौके पर प्रभारी पंचायत सचिव चंदन प्रसाद, आरती सक्सेना गोपाल सिंह,विनोद प्रसाद, फेकू मोची,मुखिया अनिता भगत,पुष्पा देवी, समेत सभी पंचायत के मुखिया व पंचायत सचिव मौजूद थे।

## चंदवा: दुधारू गाय लेकर जा रहे वाहन के चालक से मारपीट व लूट

# आठ अज्ञात अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम

खबर मंत्र संवाददाता

- 13 हजार रुपए नकद लुटा, 15 हजार ऑनलाइन भी लिए अपराधी


जानकारी देते भुक्तभोगी चालक।

**चंदवा।** चंदवा चांपी लोहरदगा पथ पर चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत डेढ़ टंगवा घाटी में शनिवार की अहले सुबह लगभग 5 बजे ऑल्टो व वैगन आर कार में सवार 8 अज्ञात अपराधियों द्वारा दुधारू गाय लेकर लोहरदगा जा रहे वाहन चालक के साथ मारपीट एवं लगभग 28 हजार रुपए लुट लिए जाने का मामला सामने आया है। भुक्तभोगी वाहन चालक अशफाक आलम पिता जमीरुद्दीन (लापुर कुडू लोहरदगा) ने चंदवा थाना में सूचना दिए जाने की बात कही है। अशफाक आलम ने बताया कि शुक्रवार की देर रात्रि लगभग 12 बजे मनिका से 5 दुधारू गाय लेकर लोहरदगा के लिए निकले थे। रस्ते में लातेहार डेयरी के पास से एक ऑल्टो कार द्वारा पीछा किया जाने लगा, संदेह होने पर रात्रि लगभग 2 बजे चंदवा के इंदिरा गांधी चौक के समीप पशु वाहन को खड़ी कर चौक पर मौजूद पुलिस पार्टी को इसकी सूचना दी, पुलिस के कहे अनुसार काफी देर तक चंदवा चौक पर ही रुका रहा, लगभग 4 बजे के बाद पीछा कर रहे अपराधियों के चले जाने का अनुमान होने के बाद लोहरदगा के लिए निकले, इसी दौरान लुकुईया मोड के समीप से ऑल्टो कार के साथ वैगन आर वाहन पुनः पीछा करना शुरू कर दिया, जैसे ही पशु लोड वाहन डेढ़ टंगवा घाटी पहुंचा, कार सवार अपराधी उन्हें रोक लिए व वाहन में तोड़फोड़ एवं मारपीट की व जान से मारने की धमकी देते हुए नकद लगभग 13 हजार रुपए लुट लिए। इस दौरान कर सवार अपराधियों ने वाहन चालक से 15 हजार फोन पे के माध्यम से ऑनलाइन पैसे भी लिए। घटना के बाद बंटी नमक महाजन के पास पशु को उतारकर भुक्तभोगी चालक शनिवार की दोपहर बाद चंदवा थाना पहुंचकर मामले की जानकारी पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस के द्वारा घायल चालक का उपचार चंदवा सीएचसी में कराया गया किया गया। इधर मामले में पुलिस ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। भुक्तभोगी चालक को प्रमाण के साथ आवेदन देने के लिए कहा गया है, आवेदन आने के बाद अग्रतर कार्रवाई की जाएगी।

## महुआ चुनने गई महिला को हाथी ने पटका, मौत


मृतक महिला सुनिता देवी।

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत मारंगलोइया ग्राम स्तिथ छोटका महुवाटांड जंगल में शनिवार को महुआ चुनने गई एक महिला को जंगली हाथी के झुंड ने पटक कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद परिजनों द्वारा घायल अवस्था में महिला को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद महिला की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया। जहां रांची रिम्स ले जाने के क्रम में महिला की मौत हो गई। महिला की पहचान सुनीता देवी 38 वर्ष पति धर्मदेव उरांव ग्राम मारंगलोइया थाना बालूमाथ निवासी के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि महिला महुआ चुनने जंगल में गई थी। जहां 16-17 की संख्या में हाथी के झुंड मौजूद थे। महुआ चुनने के दौरान हाथी के झुंड उस पर हमला कर दिया। और उसे पटक कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वहीं महिला के साथ गई अन्य महिलाओं ने किसी प्रकार भाग कर अपनी जान बचाई। वहीं महिला की मौत हो जाने के बाद गुस्साए परिजनों एवं ग्रामीणों ने बालूमाथ-खलारी मुख्य पथ को मारंगलोइया ग्राम के पास दोपहर 3 बजे से जाम कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि आए दिन इसी इलाके में हाथियों का झुंड उत्पात मचाता है। बावजूद वन विभाग जंगली हाथियों को भगाने के लिए कोई कार्रवाई नहीं करता। सड़क जाम कर रहे लोगों ने परिजनों के लिए 10 लाख मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का मांग किया है। समाचार लिखे जाने तक वन विभाग की टीम नहीं पहुंचने के कारण ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है।

## बुलेट ट्रेन का सपना दिखाने वालों, पलामू-संथाल को ट्रेन कब दोगे ?




**बरवाडीह।** देश में बुलेट ट्रेन, वंदे भारत और हाईस्पीड रेल की गूंज सुनाई दे रही है, लेकिन झारखंड के पलामू और संथाल परगना के लोग आज भी एक साधारण रेल सेवा के लिए तरस रहे हैं। झारखंड बने 24 साल गुजर गए, लेकिन इन दोनों प्रमंडलों को जोड़ने वाली एक भी ट्रेन अब तक नहीं चली। हर चुनाव में वादे होते हैं, घोषणाएं होती हैं, लेकिन चुनाव के बाद सब कुछ ठंडे बस्ते में चला जाता है।

**नेताओं की बेरुखी, अफसरशाही की लापरवाही :** बरवाडीह, लातेहार, गढ़वा, पलामू से लेकर गोड्डा, देवघर, दुमका, जामताड़ा, साहिबगंज और पाकुड़ तक के लोग आज भी बसों और निजी गाड़ियों में धक्के खा रहे हैं। सरकारी कर्मचारी, छात्र, मरीज और व्यापारी सभी एक अदद ट्रेन के इंतजार में हैं, जो नेताओं के भाषणों और कागजी फाइलों में ही दौड़ती रही।

**चिरमिरी रेल लाइन समेत कई बड़े प्रोजेक्ट अधूरे :** बरवाडीह से अंबिकापुर तक प्रस्तावित चिरमिरी रेल लाइन की परियोजना भी वर्षों से लटकी पड़ी है। न सर्वे पूरा हुआ, न मंजूरी मिली। सिर्फ बयान और दिखावा। सरकार और रेलवे विभाग के अफसर इस मुद्दे पर आंख मूंदे बैठे हैं।

**बरवाडीह स्टेशन पर नहीं रुकती कई एक्सप्रेस ट्रेनें :** बरवाडीह रेलवे स्टेशन की हालत भी बदतर है। कई एक्सप्रेस ट्रेनों का यहां ठहराव नहीं है। जो गाड़ियां रुकती भी हैं, वो भी घंटों लेट चलती हैं। मुसाफि रों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बुलेट ट्रेन की बात करने वाले नेता क्या ये बता सकते हैं कि झारखंड के इन प्रमंडलों के लोगों को ट्रेन सेवा कब मिलेगी?

## झूल रहा है विजली खंभा, हादसे का दे रहा है आमंत्रण

**बारियातू।** प्रखंड के राजगुरु गोनिया के बीच गुरुकुल पॉब्लिक स्कूल के पास तार के सहारे विजली की खम्भा झूल रहा है। जिससे हादसे होने की प्रबल सम्भवना बन रही है। राजगुरु पॉब्लिक स्कूल के पास प्रतिदिन दर्जनों बच्चे पढ़ने आते हैं। दरवाजा से सटे आने जाने वाले मुख्य सड़क के किनारे से विजली कनेक्शन दिया गया है। विजली कनेक्शन वाले विजली खम्भा टुटा हुआ है। तेज हवा आने के बाद कभी भी विजली खम्भा गिर सकता है। उक्त सड़क से बेसरा, बाराखाड़, नावाडीह, मकरा, झीरमतकोमा, कुशमाहा, भाटचतरा, व सिबला से ग्रामीण प्रतिदिन राजगुरु होते हुए आते जाते हैं। सड़क के किनारे विजली खंभा है। गिरने के बाद बड़ी हादसा होने की सम्भवना बनी हुई है साथ ही गुरुकुल स्कूल मे पढ़ने वाले छात्र को भी खतरा का संभवना है।

## कब्रिस्तान की दीवार पर साजिश फर्जी ग्राम सभा की खुली खेल

खबर मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बेतला पंचायत के अघारा बरहगोड़ी में कब्रिस्तान की चारदीवारी निर्माण पर ऐसी साजिश उजागर हुई है, जिसे सुनकर हर कोई हैरान है। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन पर खुलेआम धांधली और फर्जी ग्राम सभा करने का सनसनीखेज आरोप लगाते हुए पूरे सिस्टम को कटघरे में खड़ा कर दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि कब्रिस्तान की दीवार बनाने के नाम पर एक बंद कमरे में फर्जी ग्राम सभा कर दी गई, जिसमें न ग्राम प्रधान मौजूद थे, न पंचायत सेवक और न ही गांव का कोई आम नागरिक। पारा शिक्षक ने खुद अध्यक्ष पद का प्रस्ताव पारित कर दिया, और दूसरे शिक्षक के भी दस्तखत करवा लिए। मुखिया पूनम देवी के नाम पर इस बैठक की खानापूर्ति कर दी गई। गांव में न ढिंढोरा, न सूचना, न आमंत्रण। चार महीने से कब्रिस्तान की बाउंड्री अटकी आईटीडीए ने 19 दिसंबर 2024 को बीडीओ को ग्राम सभा कराने का निर्देश दिया था। 3 जनवरी को बीडीओ ने पत्र भेजा और 5 जनवरी को आनन-फानन में ये फर्जी खेल खेल लिया गया। जब ग्रामीणों को इसकी भनक लगी, तो उन्होंने 9 जनवरी को आवेदन देकर दोबारा ग्राम सभा की मांग की। बीडीओ ने भी 11 जनवरी को पुरानी ग्राम सभा को रद्द कर नई कराने का आदेश दिया। मगर हद तो तब हो गई जब न नई बैठक हुई, न लोगों को बुलाया गया और पुरानी फर्जी ग्राम सभा की कॉपी ही आईटीडीए भेज दी गई।

**कौन चला रहा है ये पर्दे के पीछे खेल ?**

31 जनवरी को जब ग्रामीणों ने डीसी और परियोजना निदेशक से लिखित शिकायत कर दी, तब जाकर मामला तूल पकड़ा। आईटीडीए ने बीडीओ से जवाब-तलब कर लिया है कि आपकी जानकारी में पुरानी ग्राम सभा रद्द हुई थी, फिर किसके इशारे पर फर्जी कागज भेज दिए गए?

**कब्रिस्तान की जमीन में भी घुसी राजनीति**

शिकायतकर्ता हसीबुल अंसारी समेत दर्जनों लोगों ने साफ कहा कि ये कब्रिस्तान की दीवार है या सत्ता की साजिश? उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। सवाल ये भी है कि कब्रिस्तान की बाउंड्री पर भी खेल हो सकता है, तो आम जनता की जमीनों और हक का क्या होगा?

## एनएचएआइ की लापरवाही के कारण होती है दुर्घटनाएं: अमीत



**लातेहार।** आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष अमीत कुमार पांडेय ने कहा कि एनएचएआई की लापरवाही के कारण बीते शुक्रवार की शाम एक सड़क दुर्घटना में लातेहार थाना क्षेत्र के गोवा गांव की महिला की दर्दनाक मौत हो गयी। उन्होने कहा की लातेहार शहर एनएच 75 पर सड़क के फ्लैंक किनारे कहीं एक फीट तो कहीं दो फीट तक है। जब सड़क में जब अधिक वाहन होते हैं तो छोटे वाहन बाइक साइकिल आदि को सड़क से नीचे उतारना पड़ता है, ऐसे में ही दुर्घटना होती है। उन्होने कहा की अक्सर ऐसी दुर्घटना होती है और ये दुर्घटना नहीं हत्या है और इसके लिए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों पर मुकदमा दर्ज होना चाहिए। उन्होने कहा कि लोग एनएच व नगर पंचायत को टैक्स देते हैं। जिसके बावजूद सड़क दुरूस्त नहीं होता है। जनता से टैक्स लिया जाता है और उन्हें लॉलीपॉप थमा दिया जाता है।

## देश के विकास में हर जाति का योगदान: विजय


गायत्री शक्तिपीठ चंदवा के सभागार में बैठक।

**चंदवा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के झारखंड प्रांत समरसता प्रमुख विजय घोष ने कहा कि देश के विकास में हर जाति का योगदान है। समाज में सभी जातियों ने महान लोग दिए हैं। वे गायत्री शक्तिपीठ चंदवा के सभागार में बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि श्मशान, मंदिर और जलाशय पर हिंदू समाज की सभी जातियों का बराबर का हक है। समरसता सिर्फ संघ का काम नहीं है, बल्कि हर स्वयंसेवक का स्वभाव होना चाहिए। उन्होंने बताया कि संघ में कई लोग सालों से साथ काम कर रहे हैं और उन्हें एक-दूसरे की जाति तक नहीं पता। संघ चाहता है कि समाज में हर कोई इसी तरह रहे। स्वयंसेवक अपने काम और व्यवहार से ऐसी सोच को पूरे समाज में फैलाते हैं। समरसता स्वयंसेवक का स्वभाव है, इसलिए संघ से जुड़ने वाले हर व्यक्ति में ये भावना अपने आप आ जाती है हम सभी स्वयंसेवक समरसता के संदेश को हर व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए संकल्पित भाव से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि हमारे पांच आयाम में सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी और आत्मनिर्भरता समेत नागरिक कर्तव्य शामिल हैं। इन्हीं संदेश को लेकर लोगों के बीच पहुंचना है। बैठक में अगले एक वर्ष तक संघ के कार्यों के विस्तार और इन्हें अधिक प्रभावी बनाने पर खास जोर दिया जाने की बात कही गई। संघ का संगठन हर स्तर पर शताब्दी वर्ष में आत्मचिंतन का काम करेगा। इसके विषय अलग-अलग होंगे। सामाजिक सद्भाव बैठकें होंगी जिनमें समाज के सभी वर्गों के एक साथ मिलकर रहने पर बल दिया जाएगा। इन बैठकों का उद्देश्य सांस्कृतिक आधार और हिन्दू चरित्र को खोए बिना आधुनिक जीवन जीने का संदेश देना होगा। जिला स्तर पर प्रमुख नागरिक संवाद कर समाज में प्रचलित गलत विमर्श को दूर करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। हर उम्र के वर्ग के लोगों के लिए अलग-अलग कार्यक्रम होगा। राजेश चंद्र पाण्डेय ने स्वरोजगार, धर्मांतरण और सामाजिक समरसता का मंत्र स्वयंसेवकों को दिया। नरेश प्रसाद गुप्ता ने अनुसूचित जाति व जनजाति के बीच सामाजिक समरसता और बेरोजगारी की समस्या के समाधान का रास्ता खोजने के साथ-साथ स्वरोजगार से लोगों को जोड़ने पर जोर दिया। इस मौके पर श्यामकरण साहू, नरेंद्र अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल, महेंद्र साहू, निर्मल शर्मा, अरूण शर्मा, राहुल कुमार, निरंजन प्रसाद, हरदेव प्रसाद, सुशील पटवारी, रवींद्र प्रसाद, गणेश पासवान, रामवृक्ष चौधरी, नारायण प्रसाद, अरूण कुमार, सुरेश गंझू, वीरेंद्र गंझू, मोहन उरांव, बीरवल तिर्की, बालजीत उरांव समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने किया लीगल लिट्रेसी कैंप



**गढ़वा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान से पोषण पखवाड़ा दिवस पर शनिवार को शहर के सहिजना स्थित साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल में लीगल लिट्रेसी कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पीएलवी रमाशंकर चौबे ने सर्व धर्म प्रार्थना से की। इस दौरान रमाशंकर चौबे ने पोषण के बारे में जानकारी दी। वहीं पीएलवी सुधीर कुमार चौबे ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार की संरचना, लोक अदालत में मध्यस्थता के माध्यम से विवाद के निपटारा की जानकारी दी। साथ में महिलाओं की साक्षरता दर के घटने पर चिंता जताई और बच्चों को सरकार के द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। पीएलवी संगीता सिन्हा ने बाल विवाह, बाल श्रम, श्रमाधान के माध्यम से अप्रवासी मजदूरों का निबंधन की जानकारी दी। वहीं पीएलवी मुरली श्याम तिवारी ने बच्चो को छात्र जीवन में अनुशासन की महत्वता, अनाथ बच्चों का बाल कल्याण समिति के द्वारा स्पॉन्सरशिप योजना के बारे में जानकारी दी। मौके पर विद्यालय के शिक्षक सहित काफी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

## कलश स्थापना कार्यक्रम संपन्न


शोभा यात्रा में उपस्थित श्रद्धालु।

**रमना।** प्रखंड सदर पंचायत के मुरती टोला बगौंधा रमना स्थित श्री हनुमान मंदिर के गुंबद पर कलश स्थापना भव्य शोभा यात्रा के साथ संपन्न हो गया। शोभा यात्रा के पूर्व श्रद्धालुओं के द्वारा श्री हनुमान मंदिर में विधिवत पूजा पाठ किया गया। जानकारी के अनुसार सात घोड़े के रथ पर कलशा सजाया हुआ था। श्रद्धालु हाथ में महावीरी झंडा के साथ कतार में चल रहे थे। बैंड बाजा और जय श्री राम, जय हनुमान के जयकारे से पूरा रमना इलाका भक्ति भाव से भरा था। शोभा यात्रा मन्दिर से प्रारंभ होकर ब्लॉक मोड़, प्रजापति टोला, थाना गेट, गोसाईबागी, बेलामा, ब्रम्ह स्थान, शिव स्थान, एनएच 75 होते मंदिर वापस होकर वट वृक्ष, छठ घाट और हनुमान मंदिर का परिक्रमा के पश्चात संपन्न हो गया। शोभा यात्रा में काफी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु शामिल थे।

## हजारों एकड़ भूमि बंजर सोन नदी में समाती जा रही है

अनुप कुमार सिंह


जानकारी देते रामलला दुबे।

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सोनपुरा स्टेट काल खंडहर में प्राय विलुप्त होता जा रहा है। यहां कभी 52 गली, 53 बाजार का ये गढ़ में कभी कई राजाओं के सभा का नेतृत्व सोनपुरा स्टेट के द्वारा किया जाता था। लेकिन आज अजादी के 78 साल बीत जाने के बाद भी कोई पूछने वाला नहीं है। इस अध्याय को जानकारी देते हुए भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा कार्य समिति सदस्य रामलाला दुबे, धर्मेंद्र दुबे, गिरवर दुबे, भुवनेश्वर दुबे एवं फोटू दुबे सोनपुर स्टेट के धरोहर को देखते हुए कहा कि प्रकालांतर में सोनपुरा स्टेट के बावन गली, 53 बाजार के साथ साथ दर्जनों गांव सोन नदी की बाढ़ में समा गई। क्षेत्र के लोग हजारों एकड़ भूभाग अपने राजा के खंडहर को देख कर रो रहे हैं। श्री रामलला दुबे ने कहा कि सरकार और प्रशासन का इस पर कोई ध्यान नहीं है, हमने लगातार कई बार सरकार एवं प्रशासन से इस प्राकृतिक धरोहर को विकसित करने सोन नदी में तट बंध बनवाने, खाली पड़े हजारों एकड़ भूखंड में सोलर प्लांट लगाने की मांग की, लेकिन आज तक किसी ने कोई पहल नहीं की तट बंध के लिए सिंचाई विभाग एवं जल संसाधन विभाग द्वारा सर्वे भी कराया गया, लेकिन आज तक स्थल पर कोई काम शुरू नहीं हुआ। हमलोगों के आग्रह पर सांसद बीडी राम के प्रयास से सोलर प्लांट के सर्वे किया गया, लेकिन स्थानीय प्रशासन की उदासीनता से इस भूमि की सकारात्मक रिपोर्टर नहीं दिया जा सका। जिससे आज तक यह भूखंड बेकार पड़ा है। फिर हम सब एक बार प्रशासन और सरकार से आग्रह करेंगे कि सकारात्मक सोच के साथ इस हजारों एकड़ जमीन को प्रकृति पर्यटक स्थल के रूप में सोन नदी में तट बंध और सोलर प्लांट के रूप में विकसित कर जिला के आधी आबादी को रोजगार का मार्ग सुगम करने की कृपा करें।

## आक्रोश मार्च कार्यक्रम को लेकर भाजपाईयों ने की बैठक

**गढ़वा।** भाजपा आक्रोश मार्च कार्यक्रम को लेकर जिला कार्यालय में बैठक हुई। बैठक में आगामी 21 अप्रैल को समाहरणालय पर आक्रोश मार्च कार्यक्रम को लेकर चर्चा किया गया। कार्यक्रम का आयोजन चिनियां रोड से लेकर समाहरणालय तक किया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि झामुमो सरकार के मंत्री हफीजुल अंसारी ने संविधान से पहले सरीयत को मानने की बात कही जो देश के संविधान का भारी अपमान हुआ है। उन्होंने कहा कि जिसे अंबेडकर जी द्वारा निर्मित भारत का संविधान स्वीकार नहीं उसके लिए भारत में कोई स्थान नहीं है।

## भवनाथपुर सीएचसी में एमएमडीपी किट का वितरण



खबर मन्त्र संवाददाता

भवनाथपुर। प्रखंड के सीएचसी अस्पताल में फाइलेरिया (हाथी पांव) के रोकथाम के लिए एमएमडीपी किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मलेरिया (भीभीटी) जिला सलाहकार अरविंद द्विवेदी ने मरीजों के बीच एमएमडीपी किट प्रदान किया। जिसमें डेटॉल साबुन, एंटीसेप्टिक क्रीम, टब, मग, तौलिया सहित और अन्य सामग्री दी गई। ताकि बीमारी से पीड़ित मरीज फाइलेरिया ग्रसित अंगों की नियमित रूप से देखभाल कर सकें। मौके पर सलाहकार अरविंद द्विवेदी ने मरीजों को स्वयं की देखभाल के लिए आवश्यक प्रशिक्षण देते बताया कि नियमित दवा के सेवन से तथा मिले उक्त किट के उपयोग से हांथी पांव से ग्रसित अंग की नियमित साफ-सफाई करके प्रभावित अंग में संक्रमण को रोका जा सकता है। उन्होंने बताया कि मौनसून के दौरान किट जनित रोग मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनियां आदि बीमारियों का संक्रमण बढ जाने की संभावना रहती है। इसकी ससमय प्रबंधन की तैयारी करना आवश्यक हो जाता है। उन्होंने बताया कि इसके लिए सरकार के निर्देशानुसार 15 से 25 अप्रैल तक सभी गांवों में सहिया के माध्यम से बुखार पीड़ितों का सर्वे कर आरडीके से जांच किया जा रहा है, ताकि मलेरिया संक्रमण की सही स्थिति का पता लगाया जा सके। जिन्हें भी हांथीपांव हो उसके लिए बीमारी से रोकथाम के लिए ससमम एमएमडीपी किट का प्रबंध कराया जा सके।

मौके पर अस्पताल के डॉ रंजन दास, आयुष डॉक्टर अभिनीत विश्वास, प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रदीप कुमार पाठक, विद्यानन्द प्रजापति, अनुप कुमार, सुनील पटेल, चन्द्रशेखर प्रसाद, आमोद कुमार आदि उपस्थित थे।

# डीसी ने अपराधी प्रवृति के लोगों के बीच बांटा हथियार का लाइसेंस : सत्येंद्र नाथ तिवारी

खबर मन्त्र संवाददाता


सत्येंद्र नाथ तिवारी।

**गढ़वा।** मेराल प्रखंड के रेजो गांव में शुक्रवार की रात घटित गोली कांड की घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए गढ़वा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने कहा है कि यह घटना जिला प्रशासन की लापरवाही का नतीजा है। गढ़वा डीसी ने रेवड़ी की तरह हथियार का लाइसेंस अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को दिया है। इसी वजह से आज इस तरह की घटना घटित हो रही है। श्री तिवारी ने कहा कि रेजो गांव निवासी रमाशंकर चौबे के घर शुक्रवार की रात तिलक समारोह में कुछ आपराधिक और सामंती प्रवृत्ति के लोगों द्वारा लाइसेंसी हथियार से गोली चलाई गई। जिससे कई लोग घटनास्थल पर घायल हो गए। विधायक श्री तिवारी ने कहा कि उन्होंने पहले भी प्रशासन को सचेत करते हुए कहा था कि रेवड़ी की तरह हथियार का लाइसेंस बांटने की वजह से गढ़वा में अपराध में बढ़ोतरी होगी। जो अब सच साबित हो रही है। प्रशासन की लापरवाही की वजह से आमजनों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। ऐसी अराजकता की वजह से लोगों में भय का माहौल है। उन्होंने कहा कि वे आगामी विधानसभा सत्र के दौरान इस बात को प्रमुखता से उठायेंगे। प्रशासन अविलंब एफआईआर दर्ज कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करे अन्यथा भाजपा आंदोलन करने को बाध्य होगी।

# बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने की विहिप व बजरंग दल ने की मांग

## राष्ट्रपति के नाम का डीसी को सौंपा चार सूत्री ज्ञापन , बंगाल घटना की एनआईए से जांच कराने की अपील

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बंगाल में वक्फ कानून के नाम पर हिंदू माताओं और भाइयों के साथ हुए अत्याचार और उनके पलायन को लेकर शनिवार को राष्ट्रपति के नाम चार सूत्री ज्ञापन उपायुक्त कार्यालय में सौंपा। ज्ञापनके माध्यम से बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने, बंगाल में हुए हिंसा की एनआईए से जांच कराकर दोषियों को सजा देने, बंगाल की कानून व्यवस्था का संचालन केंद्रीय सुरक्षा बलों को देने एवं बंग्लादेशी-रोहिग्या घुसपैठियों की पहचान कर उनको बाहर निकालने की मांग की।

साथ ही बंग्लादेशी की सीमा को कटिले तारों से अविलंब सुरक्षित करने की मांग की गई। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि बंगला में राष्ट्र विरोधी और हिंदू विरोधी तत्वों को निर्बाध रूप से षडयंत्र के तहत क्रियान्वित किया जा रहा है। बंगाल के मुर्शीदाबाद से प्रारंभ हुई हिंसा की घटना पूरे राज्य में फैलता जा रहा है। राज्य की शासकीय तंत्र दंगाईयों के आगे झुकी हुई है। इससे पहले की स्थिति नियंत्रण से बाहर हो जाए केंद्र सरकार दखल करते हुए बंगाल के प्रशासन को नियंत्रित करे। इधर शुक्रवार की संध्या में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की बैठक में निर्णय लिया गया कि 20 अप्रैल को बंगाल हिंसा को लेकर गुमला में जुलूस निकाली जाएगी। जिसमें सभी सनातनियों से उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की गई। उपायुक्त से मिलने पहुंचने वालों में मुकेश सिंह, संतोष यादव, शिवा गुप्ता, सानू कुमार नितेश कुमार आदि शामिल थे। वहीं बैठक में विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष अजय सिंह राणा, विभाग संयोजक मुकेश सिंह बजरंग दल जिला संयोजक संतोष यादव, बजरंग दल जिला सेवा प्रमुख अमन राणा, विहिप जिला प्रचार प्रसार प्रमुख अमित कुमार, बजरंग दल नगर संयोजक बृज गोप, प्रकाश भगत, श्याम मंत्री, नितेश सिंह, मातृ शक्ति प्रमुख शैल सिंह, विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष पूनम सिंह, मनीष कुमार मिश्रा, चंदन कुमार, नागमणि बाबा, जयंत प्रसाद, विकास कुमार सिंह, कुमार शानू, शिवम चौधरी, रामदेव सिंह उपस्थित थे।



उपायुक्त कार्यालय में ज्ञापन सौंपते विहिप व बजरंग दल के पदाधिकारी

स्पीड न्यूज

### जिला स्वास्थ्य समिति की हुई बैठक, डीसी ने दिए कई निर्देश

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में प्रसव पूर्व जांच (एएनसी), प्रथम तिमाही में प्रसव पूर्व जांच,संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, टीबी रोग, कुष्ठ रोग, मातृ मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर समेत अन्य कार्यों की समीक्षा की गई और विभिन्न निर्देश चिकित्सा पदाधिकारियों को दिये गये। आयुष्मान भारत योजना का लाभ उठा रहे लाभार्थियों के दस्तावेजों की जांच, अबुआ स्वास्थ्य योजना में उपलब्धि व कार्ड निर्माण, पोषण माह अंतर्गत कुपोषित बच्चों व अतिगंभीर कुपोषित बच्चों की देखभाल, प्रखंडवार बीमारियों का प्रोफाइल बिंदुओं पर चर्चा की गई और आवश्यक निर्देश दिए गए। संस्थागत प्रसव के पश्चात बच्चों की नियमित मॉनिटरिंग व उनका पूर्ण टीकाकरण का निर्देश दिया गया। बैठक में वित्तीय प्रगति संबंधी रिपोर्ट की भी समीक्षा की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, सिविल सर्जन डॉ शंभूनाथ चौधरी व जिला स्वास्थ्य समिति की टीम उपस्थित थी।

### मजदूरों के साथ लूटपाट करने वाले आरोपी को भेजा जेल

**भंडरा।** भंडरा पुलिस ने शनिवार को मजदूरों से मोबाइल लूट के आरोपी रांची जिले के खलारी थाना क्षेत्र के चुरी बस्ती निवासी विनोद यादव उम्र 28 वर्ष पिता गलू यादव को उसके घर से लूट के मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस सम्बन्ध मे थाना प्रभारी अरबिंद कुमार सिंह ने बताया की भंडरा थाना क्षेत्र के नंदनी डैम मे आठ अप्रैल 2023 मे पुल निर्माण मे काम कर रहे मजदूरी से दो अज्ञात अपराधियों द्वारा सात मोबाइल फोन की लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसके बाद संवेदक ने भंडरा थाने मे अज्ञात अपराधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किया गया था। भंडरा पुलिस ने घटना को काफी गंभीरता से लेते हुई घटना मे शामिल प्रकाश यादव को पूर्व मे ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। एक अन्य आरोपी काफी दिनों से फरार था। पुलिस ने गुप्तचारो के सुचना पर शुक्रवार की रात आरोपी विनोद यादव के घर खलारी थाना के चुरी बस्ती से गिरफ्तार कर भंडरा थाना लाया। जहाँ मेडिकल व अन्य कानूनी प्रक्रिया कर शनिवार को आरोपी को जेल भेज दिया।

### जिला स्वास्थ्य समिति की हुई बैठक, डीसी ने दिए कई निर्देश

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में प्रसव पूर्व जांच (एएनसी), प्रथम तिमाही में प्रसव पूर्व जांच,संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, टीबी रोग, कुष्ठ रोग, मातृ मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर समेत अन्य कार्यों की समीक्षा की गई और विभिन्न निर्देश चिकित्सा पदाधिकारियों को दिये गये। आयुष्मान भारत योजना का लाभ उठा रहे लाभार्थियों के दस्तावेजों की जांच, अबुआ स्वास्थ्य योजना में उपलब्धि व कार्ड निर्माण, पोषण माह अंतर्गत कुपोषित बच्चों व अतिगंभीर कुपोषित बच्चों की देखभाल, प्रखंडवार बीमारियों का प्रोफाइल बिंदुओं पर चर्चा की गई और आवश्यक निर्देश दिए गए।

# चाचा व चचेरे भाइयों से जमीन विवाद होने पर फौजी पहुंचा अंचल कार्यालय

## विवाद से परेशान होकर शरीर पर पेट्रोल छिड़कर दिया आत्महत्या की धमकी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के गम्हरिया ग्राम निवासी फौजी लक्ष्मण उरांव ने अपने चाचा और चचेरे भाइयों से परेशान होकर जमीन बंटवारे को लेकर अपने परिवार संग अंचल कार्यालय घाघरा पहुंचा। इस क्रम में फौजी लक्ष्मण उरांव ने अपने साथ जर्किन में रखे पेट्रोल को अपने शरीर पर डाल लिया और जमीन दिलाने को लेकर शोर मचाने लगा। साथ ही जमीन नहीं दिलाने की स्थिति में आग लगाकर आत्महत्या करने की धमकी दी। जिससे बाद ग्रामीणों की काफी भीड़ लग गई और उसे रोकने का प्रयास किया गया। घटना की सूचना मिलने पर अंचलाधिकारी आशीष कुमार मंडल पहुंचे और अपने चैंबर में बुलाया। इस संबंध में फौजी लक्ष्मण उरांव ने बताया कि उसके चचेरे चाचा और चचेरे भाइयों द्वारा अपने हिस्से के जमीन के साथ-साथ हमारे हिस्से का भी जमीन बेच रहा है। तीन साल से हम सभी लोग काफी परेशान है। इन लोगों द्वारा काफी परेशान हम सभी परिवार के लोगों को किया जा रहा है। थाना में जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। मेरी जमीन मेरे हिस्से की जमीन मुझे आज ही दिलाए अन्यथा मैं पत्नी बच्चों के साथ आत्महत्या कर लूंगा। इसके बाद अंचलाधिकारी आशीष कुमार मंडल ने कहा कि मंगलवार को थाना दिवस के दिन आप सभी आए और आपके चाचा और उनके बेटों को भी बुलाया जाएगा और मामले का निपटारा किया जाएगा। साथ ही कर्मचारियों को जांच के निर्देश भी दी जा रही है। ताकि जल्द इसकी जांच की जा सके। हालांकि फिर भी लक्ष्मण अपने बातों पर अडिग था। इसके बाद उनके साथ आए परिजनों को अंचलाधिकारी द्वारा समझाया गया। वही जिसके बाद घाघरा पुलिस उक्त फौजी को थाना लेकर गई। जहां पुलिस द्वारा समझाने के बाद लक्ष्मण अपने परिवार और बच्चों के साथ गम्हरिया घर वापस लौट गए। परिजनों ने बताया कि उक्त फौजी लक्ष्मण अरुणाचल प्रदेश में कार्यरत है। छुट्टी में वह घर लौटा है।



अंचल कार्यालय के सामने जमीन विवाद पर हंगामा करता फौजी

### कुगांव तालाब में डूबे वृद्ध भिखुवा का एनडीआरफ की टीम ने खोज निकाला शव



तालाब से शव निकालने के बाद उसे लाते एनडीआरएफ की टीम

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के कुगांव तालाब में डूबे वृद्ध भिखुवा उरांव का शव एनडीआरएफ की टीम द्वारा निकाला गया। वहीं एनडीआरफ के टीम द्वारा 2 घंटे तक कड़ी मशक्कत के बाद शव को निकाल लिया गया। घटनास्थल पर बीडीओ दिनेश कुमार,सीओ आशीष कुमार मंडल, थाना प्रभारी पुनीत मिंज शामिल थे। एनडीआरएफ की टीम में दो दर्जन से ऊपर कर्मी शामिल थे। साथ ही दो एनडीआरएफ टीम के कर्मी पानी में नीचे जाकर खोजबीन और काफी मशक्कत किया। जिसके बाद शव का पता चल सका। वहीं पुलिस शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया।

एक नजर में

### रसोईया-संयोजिका संघ भरनो प्रखंड की बैठक संपन्न

**गुमला।** झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोईया संयोजिका अध्यक्ष संघ की बैठक भरनो प्रखंड में जिला अध्यक्ष सह प्रदेश उपाध्यक्ष देवकी देवी की अध्यक्षता में हुई। संचालन प्रखंड अध्यक्ष रोकशना बेगम ने की। बैठक में स्कूल कमिटी बनाते हुए प्रखंड सम्मेलन करने की तैयारी करने पर जोर दिया गया। साथ ही बकाया मनदेय भुगतान जल्द से जल्द करने की मांग की गई। बैठक में कहा गया कि रसयोईया-संयोजिका के कार्य वाले साठ साल की समस्या का समाधान नहीं होने पर जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय में ताला जड़ा जाएगा। जिसकी तैयारी भी की जा रही। बैठक में अध्यक्ष कलावती देवी, दुखनी देवी सहित कई लोग शामिल थी।

### सेन्हा मुर्की पथ पर बन रहे पूल निर्माण कार्य में की जा रही लीपापोती

**लोहरदगा।** सेन्हा प्रखण्ड के उपप्रमुख, मुखिया, एवं ग्रामीणो के द्वारा सांसद सुखदेव भगत को आवेदन देकर सेन्हा मुर्की पथ पर बना रहे पूल निर्माण कार्य में भारी अनियमितता की शिकायत की गई थी। सांसद के निर्देश पर लोहरदगा जिला सांसद प्रतिनिधि साजिद अहमद ने स्थल पहुंचकर अर्ध निर्मित पुल का जायजा लिया। मौके पर मुखिया एवं ग्रामीण के द्वारा बताया गया की सेट्रिंग करने के उपरान्त जो छड़ बांधा गया था वर्षा के कारण सेट्रिंग दब गया ग्रामीणो ने कार्यस्थल पर आपाति दर्ज कराई पर उनकी नही सुनी गई। लीपापोती कर जेक लगाकर उठाने का प्रयास गया और बिम्ब आदी ढाल दिया गया दबाव के कारण पूल साफ तौर पर दब गय। निचे लगाये गए चैनल साफ तौर पर दबे नजर आ रहे है। सबसे ताजुब की बात की विभाग के अधिकारी भी देखने नही आते । एजेंसी द्वारा स्थानिये जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों की नहीं सुनने और इस प्रकार की लापरवाही पर सांसद प्रतिनिधि साजिद अहमद में नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि बाहर की एजेंसियां जो काम कर रही है लोहरदगा को चारागाह समझ बैठी है और लूट मचा रहे हैं। उन्होंने उपस्थित जनों से कहा कि सांसद को सारी शिकायतों से अवगत करायेंगे इस पर कारवाई अवश्य होगा। इधर इस मामले पर जब विशेष कार्य प्रमंडल विभाग के कार्यपालक अभियंता सुरेश पासवान से बात हुई तो उन्होंने कहा कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है अगर लिखित रूप से शिकायत की जाएगी तो फिर जांच की जाएगी।

### विश्व हिंदू परिषद का राष्ट्रव्यापी धरना प्रदर्शन

**लोहरदगा।** पश्चिम बंगाल मुर्शिदाबाद में वक्फ बिल संशोधन कानून 2025 का विरोध के आड़ में सनातनी हिंदुओं के साथ वीभत्स घटना अंजाम देने के विरोध में विहिप द्वारा शनिवार को सांकेतिक आक्रोश प्रदर्शन करते हुए डीसी को ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर कहा गया कि सनातनी हिंदुओं की हत्या की जा रही है, धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया जा रहा है और घर छोड़ने हेतु मजबूर किया जा रहा है। इस पूरी घटनाक्रम को ममता सरकार की समर्थन प्राप्त है, ऐसा प्रतीत होता है। अतः पूरी घटना की निंदा करते हुए सनातनी हिंदुओं की रक्षार्थ पश्चिम बंगाल में तुरन्त राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग स्वरूप शनिवार को पावरगंज सुभाष चौक से विश्व हिंदू परिषद की अगुवाई में बजरंग दल के साथ साथ श्रीराम समिति, योगी सेना, राष्ट्रीय हिन्दू संगठन, केंद्रीय महावीर मंडल, केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के लोग पैदल मार्च करते हुए लोहरदगा जिला उपायुक्त कार्यालय पहुंचे तथा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन उपायुक्त से मिलकर सौंपा। मौके पर विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष रितेश कुमार, बजरंग दल संयोजक प्रियांशू कुमार, श्रीराम समिति अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, महासचिव प्रदीप साहू, केन्द्रीय महावीर मंडल महासचिव कपिलदेव मिश्रा, केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति महासचिव मिथुन तमेड़ा, योगी सेना अध्यक्ष प्रवीण ठाकुर समेत ओमप्रकाश सिंह, अजय पंकज, मनोज गुप्ता मन्ना, सुषमा सिंह, देबाशीष कार, बाबई दत्ता, प्रवीर दत्ता, राजी पड़हा बेला लक्ष्मी नारायण भगत, अनिल उरांव, सोहन साहू, सुशील पटनायक, यशस्वी ओझा, आर्यन, आयुष, रितिक वर्मा, हैप्पी, अनुभव, सतीश, गोलू सिंह, आर्यन साहू, विवेक, विनोद साहू समेत कई लोग मौजूद थे।

**बंगाल में अविलंब राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की:** राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि आज यह हिंसा मुर्शिदाबाद से निकलकर संपूर्ण बंगाल में फैलती जा रही है। अब यह बंगाल तक भी सीमित नहीं रहेगी। इसलिए देश की जनता मांग करती है कि बंगाल में अविलंब राष्ट्रपति शासन लगाया जाए ,बंगाल की हिंसा की जांच एनआईए के द्वारा करवाई जाए और दोषियों को अविलंब दंडित किया जाए , बंगाल की कानून व्यवस्था का संचालन केंद्रीय सुरक्षा बलों के हाथों में दिया जाए, बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठियों की पहचान कर उनको निष्कासित किया जाए साथ ही बंगाल व बांग्लादेश की 450 किलोमीटर की सीमा पर तार लगाने का काम अविलंब प्रारंभ किया जाए जिसे ममता बनर्जी ने रोका हुआ था।हमें विश्वास है की राष्ट्र की सार्वभौमिकता और साम्प्रदायिक सदभाव बनाये रखने के लिए आप अविलम्ब और त्वरित कार्यवाही करेंगी।

### ई-जनशिकायत निवारण दिवस पर डीडीसी ने सुनी लोगों की ऑनलाईन समस्या

**गुमला।** उप विकास आयुक्त श्री दिलेश्वर महतो ने शनिवार को ई-जनशिकायत कार्यक्रम में भरनो एवं चैनपुर प्रखंड के नागरिकों की ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर समस्या सुनी। कार्यक्रम में चैनपुर एवं भरनो प्रखंड से लगभग 20 आवेदकों ने अपनी समस्याओं का विवरण दिया। इन समस्याओं में आवास,भूमि विवाद,जलमीनार की समस्या, पेयजल समस्या, ट्रांसफार्मर खराब, सड़क निर्माण,पेंशन,जन्म प्रमाण पत्र निर्गत नहीं किया गया एवं अन्य सरकारी योजनाओं से संबंधित मुद्दे शामिल थे। उप विकास आयुक्त ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को आवश्यक समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान करने का निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य रूप से आवास निर्माण करने के सम्बन्ध में कई नागरिकों ने भीसी के माध्यम से समस्याओं को रखा। इसके अलावा भी कई समस्याओं का समाधान प्रखंड स्तरों पर संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से ऑन द स्पॉट किया गया। नागरिकों द्वारा उठाए गए मुद्दों में सड़क निर्माण, पेंशन योजना, सड़क निर्माण, राशन कार्ड में नाम जोड़ने, जलमीनार मरम्मती, आवास संबंधित सहित अन्य समस्याएं थी। उप विकास आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सभी समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निष्पादन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्थानीय रूप से जिन समस्याओं का समाधान किया जा सकता है उसका त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया। इस माह 26 अप्रैल को सिसई एवं बसिया प्रखंड में होगा जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन।

## राज्य में दिनों दिन गिरती कानून व्यवस्था से व्यापारियों में असंतोष: रमेश



प्रेस कान्फ्रेंस में शामिल चेंबर के पदाधिकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** झारखंड फेडरेशन ऑफ चैंबर ऑफ कॉमर्स के निदेर्शानुसार शनिवार को गुमला चेंबर के पदाधिकारियों ने बस स्टैंड स्थित चेंबर कार्यालय में प्रेस कान्फ्रेंस किया। जिसमें चेंबर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश चीनी ने कहा कि राज्य में दिनों दिन गिरती कानून व्यवस्था राज्य के व्यापारियों में असंतोष की स्थिति उत्पन्न कर रही है। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ने कहा के गुमला जिले के साथ पूरे राज्य में जिस तरह से कानून व्यवस्था बिगड़ती जा रही है। अपराधिक घटनाएं बढ़ती जा रही है। हत्या लूट चरम पर है। यह चिंता का विषय है। व्यापारियों तथा आम नागरिकों में एक भय का माहौल बनते जा रहा है। लोग अपने आप को असहज महसूस कर रहे हैं। जिला प्रशासन विशेष कर पुलिस प्रशासन और झारखंड के मुखिया हेमंत सोरेन से आग्रह है कि बिगड़ती विधि व्यवस्था को यथाशीघ्र सुधार करने का प्रयास करें। ऐसा नहीं होने से राज्य के व्यापारी पलायन को विवश हो जाएंगे। चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा कि जिला प्राशासन युवाओं में बढ़ते नशापान में अंकुश लगाये। नशापान भी अपराध की वजह है। निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने कहा कि अगर इसी तरह से कानून व्यवस्था बिगड़ती रही तो चेंबर आंदोलन के लिए विवश होकर झारखंड बन्द का आह्वान करेगी।

# हमसब मिलकर लोहरदगा के विकास का नया अध्याय लिखेंगें: नीरू शांति भगत

## आजसू छोड़कर झामुमो में शामिल होने वाले लोगों का किया गया स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कार्यालय लोहरदगा में जिला अध्यक्ष मोजमिल अहमद की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें लोहरदगा जिला झारखंड मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने पूर्व लोकप्रिय विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी और पूर्व प्रत्याशी नीरू शांति भगत के नेतृत्व में आजसू पार्टी छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल नेताओं का भव्य स्वागत किया एवं एक दूसरे के साथ परिचय करते हुए पार्टी संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नेत्री नीरू शांति भगत ने कहा कि आइये हम सब मिलकर लोहरदगा क्षेत्र के विकास का एक नया अध्याय लिखे और जनांकांक्षाओं को पूरा करने मैं अपना योगदान निश्चित करें। उन्होंने कहा कि मेरे जीवन का उद्देश्य ही मेरे स्वर्गीय पति के अधूरे सपनों को पूरा करना है और इसके लिए मैं इस क्षेत्र की जनता के लिए अपना तन मन धन ही नहीं बल्कि पूरा जीवन समर्पित करने का निश्चय कर चुकी हूं और मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सबों के सक्रिय सहयोग और झारखंड के हरदिल अजीज युवा एवं कर्मठ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी का कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन पाकर मैं अवश्य सफलता प्राप्त करूंगी। जिला अध्यक्ष मोजमिल अहमद ने कहा कि किसी भी पार्टी की रीढ़ कार्यकर्ता होते हैं। मुझे खुशी है कि आजसू छोड़कर भारी संख्या में लोहरदगा जिला के कर्मठ, पदाधिकारी एवं वरीय कार्यकर्तागण झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हुए हैं। मैं आप सबो का पार्टी की ओर से हार्दिक स्वागत करता हूँ। हमें उम्मीद है कि आप सबों के सहयोग से पार्टी मजबूती के साथ आगे बढ़ेगी और आने वाले दिनों में हम सब मिलकर बिकास का एक नया इतिहास लिखेंगे। उन्होंने कहा कि हम सभी मिलकर गांव-गांव जाएंगे और हमारी सरकार की उपलब्धियां को लोगों को बताने का काम करेंगे। जिला सचिव अनिल उरांव ने कहा कि अबुआ आवास योजना, मैया समान योजना आदि जनकल्याण कारी योजनाओं से जो लोग वंचित रह गए हैं उन्हें लाभ दिलाने का काम करेंगे। बैठक को पार्टी के अन्य पदाधिकारीगण एवं शाहिद अंसारी, कलीम खान, विजय कुमार आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे।



नीरू शांति भगत का स्वागत करते मुजम्मिल अहमद

# एमबी डीएवी विद्यालय में महात्मा हंसराज जयंती मनाई गई



कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** एमबी डीएवी विद्यालय में प्राचार्य जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में धर्म शिक्षक जितेंद्र मेहेर, सीसीए प्रभारी शिक्षा शितेश कुमार पाठक, आरती कुमारी तथा अपराजिता कुमारी द्वारा महात्मा हंसराज की जयंती पर कार्यक्रम तथा हवन का आयोजन किया गया।मौके पर बताया गई कि महात्मा हंसराज एक भारतीय शिक्षाविद् और आर्य समाज आंदोलन के संस्थापक स्वामी दयानंद के अनुयायी थे। उन्होंने गुरुदत्त विद्यार्थी के साथ मिलकर 1 जून 1886 को लाहौर में दयानंद एंग्लो-वैदिक स्कूल (डीएवी) की स्थापना की , जहाँ दयानंद की याद में पहला डीएवी स्कूल स्थापित किया गया था। हंसराज ने 25 वर्षों तक डीएवी कॉलेज के प्रिंसिपल के रूप में कार्य किया और अपना शेष जीवन समाज सेवा में समर्पित कर दिया। विद्यार्थियों को महात्मा हंसराज जीके जीवन से परिचित करवाने तथा उनके आदर्शों को अपनाने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए महात्मा हंसराज की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा हंसराज की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कक्षा सातवीं की छात्रा आर्या सिंह ने महात्मा हंसराज पर आधारित प्रभावी भाषण प्रस्तुत किया। प्राचार्य जी पी झा ने महात्मा हंसराज के जीवन आदर्शों पर संक्षिप्त प्रकाश डालते हुए शिक्षा तथा आत्मविश्वास के महत्व को विद्यार्थियों को समझाया।

साथ ही कक्षा छठवीं से ग्यारहवीं तक के वार्षिक परीक्षा सत्र 2024-25 में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। जिसमें कक्षा छठवीं में मिनसा नाज, प्रेरित बंका, प्रियंका साहू तथा रश्मि कुमारी ने प्रथम , आकाश कुमार, ओम आचार्य, साक्षी प्रिया, आराध्या आनंद तथा आशीष कुमार रजक ने द्वितीय तथा हर्षिता कुमारी, आन्वी वंदिता, मरियम परवीन, श्लोक सागर तथा अव्या आनंद ने तृतीय स्थान अर्जित किया। कक्षा सातवीं में सिमरत कौर, आदिति पाठक, माहिका कुमारी, अथर्व कुमार तथा आदर्श कुमार ने प्रथम, नव्या समृद्धि, तान्या कुमारी, दिव्यांशु कुमार, तथा लक्ष्य प्रताप सिंह ने द्वितीय स्थान तथा अनुष्का अग्रवाल, शिवन्या श्री, अंसराज, तथा दिव्या कुमारी ने तृतीय स्थान अर्जित किया। कक्षा आठवीं में अनुज अंजन, साहिल रौनिया, आतुफ कबीर, तथा अनुष्का प्रकाश ने प्रथम, रानी साहू, आदित्य कुमार महतो, शुभम कुमार सिंह तथा सृष्टि कुमारी ने द्वितीय

तथा सव्यता स्वराज, स्वास्तिक नमन, सक्षम कुमार तथा अंतरा कुमारी साहू ने तृतीय स्थान अर्जित किया।

## महात्मा हंसराज ने अपना सारा जीवन शिक्षा व समाज सुधार के कार्यों में लगाया: प्रधानाचार्य

### डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में महात्मा हंसराज की जयंती धूमधाम से मनी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में महात्मा हंसराज की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। इस अवसर पर कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कक्षा तृतीय से पंचम के लिए रोल प्ले तथा कक्षा षष्ठ से अष्टम के लिए भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसका विषय महात्मा हंसराज का जीवन, दर्शन एवं उपलब्धियां थी। कक्षा नवम से द्वादश के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रधानाचार्य डा रमाकान्त साहु ने महात्मा हंसराज के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्नीसवीं शताब्दी के अंत में जिन महापुरुषों ने देश में शिक्षा व समाज-सुधार के क्षेत्र में महान योगदान दिया। उनमें महात्मा हंसराज जी का नाम उल्लेखनीय है। एक ओर जहां वे डी.ए.वी. शिक्षा संस्थाओं के संस्थापक थे, वहीं दूसरी ओर वे महान समाज सुधारक भी थे। उन्होंने अपना सारा जीवन ही शिक्षा और समाज-सुधार के कार्यों के लिए अर्पित कर दिया और बड़ी-से-बड़ी बाधा उन्हें पथ से डिगा नहीं सकी।



महात्मा हंसराज को जयंती पर श्रद्धांजलि देते प्रधानाचार्य व अन्य

# नारायणा के बाणी ब्रत माजी को जेईई मेन जेनरल कैटेगरी में मिला प्रथम स्थान

■ नारायणा जमशेदपुर के उज्जवल आदित्या को मिला ऑल इंडिया रैंक 390

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

साकची स्थित देश की अग्रणी इंजिनियरिंग एवं मेडिकल कोचिंग संस्थान नारायणा आई.आई.टी./नीट एकेडमी, जमशेदपुर के छात्र-छात्राओं ने पुनः एक बार जे.ई.ई. मेन-2025 में अपार सफलता अर्जित की है। नारायणा के नेशनल एकाडेमिक हेड श्री श्याम भूषण ने कहा कि नारायणा जमशेदपुर सेन्टर में रिजल्ट जांचे जाने तक 138 छात्र सफल हुए है। सफल छात्रों की सूची जारी की गई की है, जबकि अभी रिजल्ट जांच होनी बाकी है।

नारायणा जमशेदपुर से जे.ई.ई. (मेन) 2025 में जेनरल कटेगेरी में ऑल इंडिया रैंक 5000 के अन्दर रैंक पाने वाले छात्रों की सूची जारी की गई है।



नारायणा जमशेदपुर के छात्र खुशी मनाते हुए।

उज्जवल आदित्य (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-390), अभिनव क्षितीज (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-557) ध्रुव एच. बदोदरिया (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-951), अश्विनी कुमार (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-2491) इमरान वकील (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-3121), दिव्यांशु समल (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-3244), आदित्य प्रभात (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-3360), मयंक गुप्ता (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-3970), गुरूवंश सिंह (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-4091) जयन्त, प्रियांशु सिंह, आदित्य कुमार, अनुभव सेन, उत्कर्ष कुमार, मो. जीशान, मयंक कुमार, साहिल गौतम, अनुराग सेनगुप्ता, भाव्या श्री तेजस झुनझुनवाला, सहज सिंह, मयंक राज एवं रितिका वर्मा सफल हुए हैं।

श्री भूषण ने छात्रो के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामना देते हुए आगे बताया कि ये छात्र-छात्राए आगामी जे.ई.ई. (एडवान्स) - 2025 की परीक्षा में भी शहर के टॉपर होंगे। नारायणा आई.आई.टी.ध्नीट एकेडमी न केवल अपने बेहतर शिक्षक, कोर्स मेटेरियल्स के लिए विख्यात है, बल्कि बेहतर अनुशासित शैक्षणिक वातावरण एवं एक पूर्ण लाईब्रेरी के अलावा सबसे महत्वपूर्ण कि नारायणा द्वारा पूरे भारत स्तर पर एक एकेडेमिक कैलेण्डर के तहत योजनाबद्ध तरीके से तैयारी करायी जाती है।

# जेईई मेन 2025 (अप्रैल सत्र) में आकाशियन्स का शानदार प्रदर्शन

**आकाश इंस्टिट्यूट, जमशेदपुर**


■ जमशेदपुर के वेदांत सारस्वत को मिला 99.83 पर्सेंटाइल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

जेईई मेन-2025

**जमशेदपुर।** आकाश इंस्टिट्यूट, जमशेदपुर के छात्रों ने जेईई मेन 2025 के अप्रैल सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान, शहर और राज्य का नाम रोशन किया है। आज घोषित हुए परिणामों में आकाश के छात्र वेदांत सारस्वत ने 99.83 पर्सेंटाइल प्राप्त कर संस्थान को गौरवान्वित किया।

शीर्ष प्रदर्शन करने वाले छात्रों की सूची इस प्रकार है : वेदांत सारस्वत : 99.83 पर्सेंटाइल, आदित्य सहाय : 99.20 पर्सेंटाइल, अभिजीत मिश्रा : 98.96 पर्सेंटाइल, यश करण : 97.21 पर्सेंटाइल, प्रत्यूष जायसवाल : 96.64 पर्सेंटाइल, सुभेच्छा दत्ता : 96.26 पर्सेंटाइल, कुशाल अग्रवाल : 95.52 पर्सेंटाइल,विद्या सतसंगी : 95.50 पर्सेंटाइल, ऋषि चौबे : 95.09 पर्सेंटाइल, स्नेहा दास : 94.93 पर्सेंटाइल, परिमल मंडल : 93.89 पर्सेंटाइल, शीला महतो : 93.66 पर्सेंटाइल, सृष्टि मिश्रा : 93.18 पर्सेंटाइल ।



जेईई मेन की सफलता मनाते आकाश के छात्र- छात्राएं एवं शिक्षकगण।

आकाश इंस्टिट्यूट के इस शानदार प्रदर्शन का श्रेय संस्थान की उच्च गुणवत्ता वाली शैक्षणिक रणनीति, अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन और छात्रों की अथक मेहनत को जाता है। नियमित अभ्यास, मॉक टेस्ट और व्यक्तिगत परामर्श ने छात्रों को सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक श्री राजेश प्रसाद एवं सह-निदेशक श्री रमन प्रसाद ने सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा, यह उपलब्धि आकाश इंस्टिट्यूट के विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और संस्थान की विशिष्ट शिक्षण प्रणाली का प्रतिफल है। हम छात्रों को भविष्य में भी निरंतर मार्गदर्शन और प्रेरणा प्रदान करते रहेंगे। संस्थान में एक अभिनंदन समारोह का आयोजन भी किया गया, जिसमें सफल छात्रों और उनके अभिभावकों ने भाग लेकर इस उपलब्धि को साझा किया।

इस वर्ष आकाश इंस्टिट्यूट, जमशेदपुर शाखा के 46% छात्रों ने जेईई मेन में सफलता प्राप्त की है, जो यह दर्शाता है कि संस्थान उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और समर्पित मार्गदर्शन प्रदान करने में अग्रणी बना हुआ है।

## स्पीड न्यूज

### बाइक चोरी कर भाग रहे युवक को पकड़ा

**गम्हरिया।** आदित्यपुर थाना अंतर्गत गम्हरिया प्रखंड मुख्यालय के समीप स्थित ईएसआई डिस्पेंसरी से बाइक चोरी कर भाग रहे एक युवक को स्थानीय लोगों ने खदेड़कर ऊषा मोड़ के पास दबोच लिया। इसके बाद घटना की जनकारी गम्हरिया थाना को दी गयी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस उंक्त युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पीड़ित चांडिल के रूदिया के दुर्योधन गोप ने बताया कि वह अपने साला मुकेश प्रधान का बाइक लेकर डिस्पेंसरी गया था। बाहर निकलने पर एक युवक उसकी बाइक को लेकर भागते देखा। उसके द्वारा शोर मचाए जाने पर उसके साथियों व अन्य लोगों ने पीछाकर उषा मोड़ के पास उसे दबोच लिया।

### कंपनी पर 1.47 एकड़ जमीन हड़पने का आरोप

**गम्हरिया।** औद्योगिक क्षेत्र स्थित उषा मार्टिन (अब टाटा स्टील लांग प्रोडक्ट्स लि. ) प्रबंधन पर बड़ा गम्हरिया निवासी अवनी कुमार दास ने अपनी खेतिहर 1.47 एकड़ जमीन पर आठ साल से कब्जा करने की शिकायत जिला उपायुक्त समेत अन्य सम्बंधित अधिकारियों से किया है। शिकायत पत्र में उन्होंने बताया है कि वे इस संबंध में उषा मार्टिन के साथ टाटा स्टील के अधिकारियों से त्रिपक्षीय वार्ता कर चुके हैं। लेकिन, कंपनी ना तो उंक्त जमीन को कब्जामुक्त कर रही है और न ही अधिग्रहण कर मुआवजा ही दे रही है जबकि वह जमीन खेतिहर है और उसपर वे खेती कर परिवार का भरण पोषण करते थे।

### खाते से साइबर ठगों ने उड़ाये 1.49 लाख रुपये

**गम्हरिया।** प्रखंड के जगन्नाथपुर निवासी सुमित कुमार सिंह के खाते से साइबर ठगों ने 1.49 लाख रुपए उड़ा लिये। इस बावत उन्होंने गम्हरिया थाना में लिखित शिकायत कर कार्रवाई की गुहार लगायी है। ने शिकार बनाया है। इस क्रम में ठगों ने उसके खाते से 1.49 लाख रुपए निकासी कर ली। भुक्तभोगी सुमित ने बताया कि शुक्रवार को उसके पास क्रेडिट कार्ड से संबंधित बैंक के नाम से निधि शर्मा नामक व्यक्ति का कॉल आया था। उसने सुमित से कार्ड से संबंधित कुछ जानकारी मांगी। उसके बाद मोबाइल पर एक लिंक भेज उसे लाग इन करने कहा।

### निर्मल स्पोर्टिंग को हरा कर सरना तारुब विजेता

**सरायकेला।** सरायकेला प्रखंड के सुदूर हुदू पंचायत अंतर्गत तुमसा गांव में रॉयल टाइगर तुमसा की ओर से शनिवार को एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की मुख्य अतिथि सिंहभूम सांसद जोबा माझी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विस प्रत्याशी गणेश महाली, झामुमो केंद्रीय सदस्य कृष्णा बास्के तथा हुदू पंचायत की मुखिया सुगी मुर्मू उपस्थित रही। प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला सरना तारुब और निर्मल स्पोर्टिंग के बीच खेला गया।

# जेईई मेन में जमशेदपुर का आर्यन बना झारखंड टॉपर, परिवार में खुशी की लहर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल के छात्र आर्यन मिश्रा जेईई मेन में 99.99 परसेंटाइल अंक लाकर झारखंड टॉपर बने हैं। वहीं आर्यन को ऑल इंडिया में 40वीं रैंक मिली है। आर्यन जेईई एडवांस की तैयारी कर रहे हैं। आर्यन ने बताया कि वह वैज्ञानिक बनकर देश के लिए काम करना चाहते हैं। खबर मन्त्र ने आर्यन और उनके माता-पिता से खास बातचीत की।


अपने परिजनों के साथ झारखंड टॉपर आर्यन मिश्रा।

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने इस साल आयोजित जेईई मेन का फाइनल रिजल्ट घोषित कर दिया है। इस परीक्षा में जमशेदपुर का नाम एक बार फिर चर्चा में है। कदमा डिंडली एन्क्लेव में रहने वाले छात्र आर्यन मिश्रा को झारखंड टॉपर होने का गौरव प्राप्त हुआ है। वहीं देशभर में उनका 40वां रैंक है। स्टेट टॉपर आर्यन मिश्रा ने 99 ।99 परसेंटाइल अंक हासिल किए हैं। आर्यन के पिता अखिलेश मिश्रा टाटा स्टील में आईबीएमडी विभाग के चीफ हैं, वहीं मां नीतू मिश्रा गृहिणी हैं। आर्यन के रिजल्ट पर उनके माता पिता काफी खुश हैं। परिवार वालों ने आर्यन को मिठाई खिलाकर आशीर्वाद दिया।

**आर्यन के परिवार में खुशी की लहर :** आर्यन वर्ष 2025 में सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में स्कूल के सेकेंड टॉपर रहे थे। खबर मन्त्र से बातचीत में आर्यन ने बताया कि उनका पूरा फोकस जेईई एडवांस की तैयारी पर है। यहां सफलता मिलने के बाद उनका लक्ष्य आईआईटी में दाखिला लेकर कंप्यूटर साइंस में बीटेक करना है। उनका सपना वैज्ञानिक बनने का है।

## खड़िया बस्ती में युवक की गोली मार कर हत्या

■ बढ़ई का काम करता था युवक, स्थानीय रंगदारों की करतूत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** यहां उलीडीह थाना अंतर्गत मानगो शकोसाई खड़िया बस्ती के रहने वाले 27 वर्षीय ननकू लाल की बीती रात गोली मारकर हत्या कर दी गई। सुबह आसपास के लोगों ने खेत में देखा कि एक व्यक्ति का शव पड़ा है जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को आपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसके बाद पुलिस ने घर वालों को सूचना दी घर वाले पहुंचकर शव की पहचान की। ननकू लाल के भाई ने कहा कि कल हम लोगों को बस्ती के शादी पार्टी में जाना था सभी तैयार हो रहे थे और भाई पार्टी में जा रहे हैं। बोलकर निकाला इसके बाद वह घर नहीं पहुंचा।


मृतक ननकू लाल की फाइल फोटो।

# कांड्रा में बिजनेस मैन संजय बर्मन को गोली मारी, गंभीर

■ रंगदारी देने से इंकार करने पर बाइक सवार चार अपराधियों ने गोली मारी

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**गम्हरिया।** सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत कांड्रा थाना अंतर्गत कांड्रा-डुमरा मुख्य मार्ग पर बाइक सवार अपराधियों ने दिन दहाड़े एसबी ट्रेडर्स के मालिक संजय बर्मन को गोली मार दी। घटना के बाद अपराधी मौके से फरार हो गये। घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों द्वारा गंभीर रूप से घायल संजय को उठाकर कांड्रा थाना पहुंचाया गया। वहां से पुलिस उन्हें लेकर इलाज के लिए टीएमएच ले गयी जहां उनका इलाज चल रहा है। उनकी स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है।


कार में गोली लगने के बाद संजय वर्मन।

घायल संजय के भतीजे यश बर्मन ने बताया कि चार की संख्या में पहुंचे बाइक सवार अपराधियों ने पहले उसके चाचा से 10 लाख की रंगदारी की मांग की। पैसे देने से इंकार करने पर पिस्टल के बट से सर पर हमला कर दिया। उसके बाद भगाने के क्रम में दो गोलियां मार दी।

बताया गया है कि एक गोली उनके पैर में और दूसरी गोली जांघ में लगी है। घटना की सूचना पर कांड्रा थाना प्रभारी विनोद मुर्मू भी टीएमएच पहुंचे और मामले की जानकारी ली।

# एनटीटीएफ के 14 छात्रों का श्नाइडर इलेक्ट्रिक कंपनी में किया गया चयन

■ सभी 14 छात्र तीन-तीन लाख के पैकेज पर किये गये लॉक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** एनटीटीएफ के गोलमुरी स्थित आर डी टाटा तकनीकी संस्थान मे बीते दिनों कंपनी श्नाइडर इलेक्ट्रिक ने कैंपस सिलेक्शन किया। जिसमें सर्वप्रथम लिखित परीक्षा, छात्रों की व्यक्तिगत प्रतिभा, तकनीकी क्षमता को परखा गया एवं फाइनल सिलेक्शन इंटरव्यू राउंड के बाद किया गया। जिसमें छात्रों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देते हुए संस्थान को गौरवान्वित किया।


चयनित छात्र प्राचार्या एवं अन्य पदाधिकारियों संग।

गुजरात स्थित कंपनी श्नाइडर द्वारा एनटीटीएफ के 14 छात्रों को 03.00 लाख के पैकेज पर लॉक किया गया। सभी छात्रों ने तीनों राउंड के सिलेक्शन प्रक्रिया में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दे अपनी जगह इस कंपनी में बनायी। सभी चयनित छात्र एनटीटीएफ के फाइनल ईयर के टूल एंड डाई इंजीनियरिंग के है।

## नवल टाटा हॉकी अकादमी और बड़ी मैदान में दो बायोगैस संयंत्रों का उद्घाटन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूआईएसएल ने आज नवल टाटा हॉकी अकादमी और बड़ी मैदान में दो नए बायोगैस संयंत्रों का उद्घाटन किया। यह पहल विकेन्द्रीकृत अपशिष्ट प्रबंधन और नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करती है। इन संयंत्रों का उद्घाटन श्री चाणक्य चौधरी, उपाध्यक्ष, कॉर्पोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील द्वारा किया गया। मौके पर ऋतुराज सिन्हा, प्रबंध निदेशक, टाटा स्टील यूआईएसएल; वरुण बजाज, चीफ, टाउन इंफ्रास्ट्रक्चर, टाटा स्टील; संजीव चौधरी, अध्यक्ष, टाटा वर्कर्स यूनियन; सतीश कुमार सिंह, महासचिव, टाटा वर्कर्स यूनियन; रवींद्र सिंह, महाप्रबंधक, टाउन ओ एंड एम; तथा टाटा स्टील और टाटा स्टील यूआईएसएल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



## देव नगर गांधी आश्रम जल हादसा पर विधायक पूर्णिमा ने दौरा कर हालात का लिया जायजा

■ प्रभावित परिवारों को भेंट की राशन सामग्री, शीघ्र पुनर्वास का दिया आश्वासन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बाराद्वारी के देव नगर स्थित गांधी आश्रम से गुजर रही टाटा स्टील यूआईएसएल (पूर्व में जुस्को) की हाई प्रेशर रॉ वॉटर सप्लाई पाइप फट जाने से क्षेत्र के कई कच्चे घरों को भारी क्षति पहुंची है। तेज जलप्रवाह के कारण कई परिवारों के घरों की छतें टूट गईं और उनका घरेलू सामान व राशन पानी में भीगकर पूरी तरह नष्ट हो गया। इस घटना के बाद शनिवार को जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने तत्परता दिखाते हुए स्वयं मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया। उन्होंने प्रभावित परिवारों से बातचीत की और उनकी समस्याओं से अवगत हुईं। इस दौरान मानवीय आधार पर राहत पहुंचाते हुए उन्होंने पीड़ित परिवारों के बीच खाद्य सामग्री का वितरण किया और इस कठिन समय में हर संभव सहायता का भरोसा दिया। वहीं, शौचालय और पीने के पानी की समस्या की जानकारी मिलने पर उन्होंने स्थिति सामान्य होने तक प्रतिदिन टैंकर द्वारा जलापूर्ति की व्यवस्था की।



क्षतिग्रस्त घर का अवलोकन करतीं और जल हादसे से पीड़ित एक महिला को राशन प्रदान करतीं विधायक पूर्णिमा दास साहू।

मौके पर विधायक पूर्णिमा साहू ने जिला प्रशासन और टाटा स्टील यूआईएसएल से समन्वय स्थापित कर शीघ्र ही उचित मुआवजा और पुनर्वास की व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए टाटा स्टील युआईएसल के अधिकारियों से बात कर तकनीकी निरीक्षण और निगरानी व्यवस्था को भी सुदृढ़ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि घटना के बाद प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत पहुंचाने के उद्देश्य से खाद्य सामग्री भेंट की गई है। इसके साथ ही, वे जिला उपायुक्त से भी मिलेंगे और शीघ्र पुनर्वास संबंधी कार्यों पर सहयोग की अपील करेंगे।

इस दौरान विधायक प्रतिनिधि गुंजन यादव, भाजपा नेता पवन अग्रवाल, रंजीत सिंह, गौरव साहू, मितरू प्रधान, संतोष सेठ, रीता कुमारी समेत अन्य मौजूद रहे।

## एक नजर में

### आम जनता को समय पर, पर्याप्त और प्रेसर के साथ पानी देने में टाटा स्टील यूआइएसएल असफल



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के कार्यालय पर प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन मोहरदा जलापूर्ति योजन के घोर अनियमितता के खिलाफ शनिवार को जोरदार ढंग से किया। प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी का उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने एक मांग पत्र नगर आयुक्त के नाम से विशेष पदाधिकारी को सौंपा गया। इस विषय पर विशेष पदाधिकारी ने कहा कि आगामी सोमवार को त्रिस्तरीय वार्ता होगी। जिसमें नगर आयुक्त, जुस्को के अधिकारी और कांग्रेस जिलाध्यक्ष भी रहेंगे। आप के विभाग द्वारा संवेदक के रुप में जुस्को को योजना के कार्य को सम्पन्न करने की जिम्मेदारी सौंपी गई, परन्तु बहुत ही अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि मोहरदा जलापूर्ति योजना के क्रियान्वयन में शिथिलता बरती जा रही है। इससे आम जनता को परेशानी हो रही है।

### भुइयांडीह में में पांच एमएलडी वाटर ट्रिटमेंट प्लांट और वाटर सप्लाई सिस्टम का उद्घाटन



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूआईएसएल ने आज भुइयांडीह में अत्याधुनिक 5 एमएलडी जल उपचार संयंत्र और बिष्टुपुर के सेंट्रल वाटर टावर में स्वचालित जल आपूर्ति प्रणाली का उद्घाटन किया। इन सुविधाओं का उद्घाटन टाटा स्टील के कॉर्पोरेट सर्विसेज के उपाध्यक्ष चाणक्य चौधरी ने टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक रितु राज सिन्हा की उपस्थिति में किया। आज के उद्घाटन के बाद टाटा स्टील ने अपने सेवा क्षेत्रों के लिए लगभग 100 प्रतिशत पेयजल उत्पादन क्षमता हासिल कर ली है। 5 एमएलडी भुइयांडीह जल उपचार संयंत्र को टाटा स्टील की जमशेदपुर के असेवित क्षेत्रों में 100 प्रतिशत पाइप जलापूर्ति कवरेज के प्रति प्रतिबद्धता का समर्थन करने के लिए विकसित किया गया है। इस कार्यक्रम में टाटा स्टील के टाउन इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रमुख वरुण बजाज, जल एवं अपशिष्ट जल सेवा के महाप्रबंधक संजीव झा, टाउन ओएंडएम के महाप्रबंधक रवींद्र सिंह के साथ टाटा स्टील और टाटा स्टील यूआईएसएल के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

### आधुनिक पावर के शिविर में 47 यूनिट रक्त संग्रह




**गम्हरिया।** सरायकेला-खरसावां जिले के पदमपुर स्थित बिजली उत्पादक कंपनी आधुनिक पावर एंड नेचुरल रिसोर्सेज लिमिटेड में रक्तदान शिविर आयोजित कर कुल 47 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। शनिवार को आधुनिक पावर एंड नेचुरल रिसोर्सेज लिमिटेड एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गम्हरिया के संयुक्त तत्वावधान में एमजीएम अस्पताल के सहयोग से कंपनी परिसर स्थित स्वास्थ्य केंद्र जीवनदायिनी में इस शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर में एमजीएम अस्पताल से आई टीम में डॉ श्वेता सहाय, हुस्ना आरा, राघव कुमार, पूनम शबनम बाला, जनार्दन महतो, चांदनी परवीन, प्रेम कुमार, मनीषा मुंडा, अद्यजलि नारायण, अनूप शाह और सुधाकर सोरेन के अलावा सामुदायिक स्8ास्थ्य केंद्र, गम्हरिया की प्रभारी डॉ लक्ष्मी कुमार, आशीष कुमार, सुजीत कुमार और आशुतोष कुमार मौजूद रहे। मौके पर कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण कुमार मिश्रा ने कहा कि किसी व्यक्ति की जान बचाने से बड़ा कोई पुण्य नहीं है। इसलिए रक्तदान को महादान कहा जाता है।

### मिथिला के व्यंजनों की गमक और मनोहरी संगीत के साथ प्रारंभ हुआ मिथिला महोत्सव



**जमशेदपुर।** ललित नारायण मिश्र सामाजिक एवं सांस्कृतिक कल्याण समिति, जमशेदपुर द्वारा आयोजित दो दिवसीय मिथिला महोत्सव का रंगारंग कार्यक्रमों के साथ शुभारंभ हुआ। इसके प्रथम चरण में मैथिली महिलाओं ने भव्य आनंद मेला का आयोजन किया, जिसका उद्घाटन जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने किया। रंगारंग सजे हुए स्टॉल और उस पर विविध व्यंजनों की सौंधी गमक दर्शकों को लगातार अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। आज मिथिला पेंटिंग के प्रदर्शनी के साथ-साथ मैथिली पुस्तकों के स्टॉल का भी उद्घाटन किया गया। मैथिली पुस्तकों, हस्तकला और मिथिला पेंटिंग के स्टॉल पर भी काफी भीड़ देखी गयी। विशेष रूप से मछली भूजा, मखाना का खीर, मालपुआ, मुरही कचरी आदि स्टॉल पर लोगों की ज्यादा भीड़ दिख रही थी। मंचीय कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन मुख्य अतिथि श्रीमती पूर्णिमा साहू विधायिका पूर्वी सिंहभूम, डॉक्टर अशोक अविचल पूर्व संयोजक नॉर्थ ईस्ट रीजन साहित्य अकादमी संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार, एवं जिला कांग्रेस के अध्यक्ष आनंद विहार दुबे ने संयुक्त रूप से किया। मनोज झा ने स्वस्तिवाचन पाठ कर वातावरण को मंगलमय किया।

# नया आधार पंजीकरण की धीमी प्रगति पर डीसी नाराज



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव ने जिले में आधार पंजीयन/सुधार कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उपायुक्त ने आधार पंजीयन की प्रगति की जानकारी ली। इस क्रम में जनवरी से मार्च माह तक मात्र 185 लोगों के नया आधार पंजीयन होने पर उन्होंने नाराजगी जताई। कहा कि चंद्रपुरा - चास - पेटरवार प्रखंड में शून्य एवं चंदनकियारी में मात्र 02 नया पंजीयन हुआ है। वहीं शून्य से 05 वर्ष के बच्चों के लिए भी 28 फरवरी से 08 मार्च तक आयोजित शिविर में मात्र 133 नये बच्चों का पंजीयन हुआ है जिसमें चंद्रपुरा प्रखंड में 02 जरीडीह झ पेटरवार प्रखंड में मात्र 02 बच्चों का पंजीयन हुआ है। इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए उपायुक्त ने डीपीओ यूआईडी शैलेंद्र मिश्रा से स्पष्टीकरण पूछने का अपर समाहर्ता को निर्देश दिया। वहीं माह के अंतिम सप्ताह में पंचायत/प्रखंड स्तर पर विशेष शिविर आयोजित करने को लेकर डीपीओ यूआईडी/सीएससी मैनेजर को तैयारी करने का निर्देश दिया। मनरेगा अबुआ आवास पीएम आवास झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना प्री मैट्रिक झ पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना आयुष्मान भारत योजना किसान क्रेडिट कार्ड योजना मुख्यमंत्री पशुधन योजना मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना आदि सभी योजनाओं के लाभ में आधार नंबर का बैंक खाता से आधार लिंकेज जरूरी है।

# मैट्रिक परीक्षा के मूल्यांकन केंद्र में लगी आग, कांपियां जलकर हुई नष्ट

## असमाजिक तत्वों ने ज्वलनशील पदार्थ डाल लगाया आग, करीब एक हजार कॉपियां जलकर हुई राख

खबर मन्त्र संवाददाता



नष्ट काफपिया एवं प्राथमिकी दर्ज कराने पहुंचे स्कूल प्रबंधन

**दुमका।** झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक), दुमका द्वारा ली गई मैट्रिक परीक्षा की लगभग आठ से नौ सौ कॉपियां मूल्यांकन केंद्र में जल कर राख हो गई। असामाजिक तत्वों ने ज्वलनशील पदार्थ से इस घटना को अंजाम दिया है। इनमें से दो-ढाई सौ कापियां पूर्ण रूप से जल गई है। जबकि शेष कापियां आंशिक रूप से जली है। राहत की बात यह रही है कि इस घटना में जली हुई कॉपियों का मूल्यांकन कर लिया गया था। यह घटना दुमका शहर के दुधानी इलाके में स्थित श्रीराम कृष्ण आश्रम प्लस टू उच्च विद्यालय की है। इस बावत विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापिका सह मूल्यांकन केन्द्र निदेशक प्रियंका कुमारी ने नगर थाना में अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी है। गौरतलब हो कि मैट्रिक की उत्तर पुस्तिका दूसरे जिले से मूल्यांकन के लिए आई है। इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी भूतनाथ रजवार ने बताया कि जिले में उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए चार मूल्यांकन केंद्र बनाये गये थे। जिनमें से एक मूल्यांकन केंद्र श्रीरामकृष्ण आश्रम प्लस टू उच्च विद्यालय के एक कमरे में बीती रात दो बजकर आठ मिनट पर आग लगने की सूचना उन्हें मिली। मूल्यांकन केंद्र की निदेशक और स्कूल की प्रभारी प्रधानाध्यापिका प्रियंका कुमारी ने फोन पर उन्हें जानकारी दी। इससे पहले वहां के गार्ड ने प्रभारी प्रधानाध्यापिका को बताया कि एक कमरे में आग लगी है। प्रधानाध्यापिका के अलावा कुछ शिक्षक स्कूल पहुंचे। हालांकि आग पर जल्द काबू पा लिया गया। उन्होंने बताया कि जली हुई उत्तर पुस्तिका किस विषय की है। यह जांच के बाद ही बताया जा सकता है। इस संबंध में नगर थाना में एफआईआर दर्ज कराया गया है। शनिवार को भूमि सुधार उप समाहर्ता अब्दुस समद, जिला शिक्षा पदाधिकारी भूतनाथ रजवार, एसडीपीओ सदर विजय कुमार उक्त विद्यालय पहुंच बारिकी से जांच पड़ताल की। बहरहाल इस मामले में थाना में शिकायत दर्ज करायी गयी है।

**क्या कहते हैं थाना प्रभारी :** इस पूरे मामले पर नगर थाना प्रभारी नंदकिशोर प्रसाद में बताया कि बीते देर रात जब उन्हें उत्तर पुस्तिका जलने की सूचना मिली तो वे मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों के द्वारा विद्यालय के उस कमरे को जिसमें उत्तर पुस्तिका रखी थी। उसके खिड़की के नीचे जो थोड़ा सा गैप है। उससे ज्वलनशील पदार्थ अंदर डाल दिया गया और पॉलिथीन-कपड़े को जलाकर उसके अंदर फेंक दिया गया। जिस कमरे में आग लग गई। इसमें मैट्रिक की उत्तर पुस्तिका के अलावा कमरे में रखें कुर्सी, टेबल और कई अन्य सामान भी जल गए। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। इस बात की जांच की जा रही है कि आग लगाने के पीछे कौन है और किस तरह की साजिश है।

## खबर एक नजर में

### ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका ने वर्षों पुरानी परेशानी से दिलाया छुटकारा

**गोड्डा /महागामा।** वर्षों से उपेक्षा का शिकार रहा झारखंड बिहार के सीमावर्ती क्षेत्र हनवारा से सन्हौला जाने वाला मुख्य मार्ग आखिरकार अब पूरी तरह से चकाचक हो गया है। इस बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण ने स्थानीय लोगों के जीवन में नई राहत और उम्मीद की किरण जगाई है। क्षेत्र के लोग इस बदलाव का श्रेय विकास के नाम से जानने वाले लोकप्रिय और कर्मठ ग्रामीण विकास मंत्री सह महागामा विधानसभा क्षेत्र के विधायक दीपिका पाण्डेय सिंह को दे रहे हैं, जिन्होंने अपने कार्यकाल में इस परियोजना को प्राथमिकता दी और इसे धरातल पर उतारने में कोई कसर नहीं छोड़ी। पहले यह सड़क इतनी खराब स्थिति में थी कि बारिश के दिनों में यहां से गुजरना किसी चुनौती से कम नहीं था। स्कूल जाने वाले बच्चे हों या अस्पताल जाने वाले राहगीर, सभी को कीचड़, गड्ढों और धूल-धक्कड़ से जूझना पड़ता था एवं जान को हथेली पर रखकर गुजरना पड़ता था आए दिन दुर्घटनाएं होती थीं और इसको लेकर आमजन में भारी असंतोष व्याप्त था दीपिका पाण्डेय सिंह, जो शुरू से ही जमीनी स्तर पर कार्य करने के लिए जानी जाती हैं, ने इस समस्या को गंभीरता से लिया और लगभग 2 करोड़ की लागत से सड़क को बनवाने का काम क्या है चौमुखी विकास में यातायात यानी सड़क की अहम भूमिका होती है इन सबको ध्यान में रखते हुए जनता की समस्याओं को अपनी प्राथमिकता मानते हुए उन्होंने न सिर्फ विभागीय स्तर पर लगातार संघर्ष किया, बल्कि खुद कार्य प्रगति की निगरानी भी की।

### माननीय मंत्री योगेन्द्र प्रसाद ने किया टिकाहारा पंचायत भवन का उद्घाटन

**बेरमो/ललपनिया।** पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्द निषेध विभाग मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने शनिवार को गोमिया प्रखंड अंतर्गत टीकाहारा पंचायत के नवनिर्मित पंचायतभवन का शुभ उदघाटन फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर किया। इसके अलावे उन्होंने सरना स्थल की चहारदीवारी निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर शिलान्यास किया।इस मौकेपर गोमिया प्रखंड विकास पदाधिकारी महादेव कुमार महतो मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर माननीय मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के मार्फत जनता को अधिक से अधिक सहूलियतें प्रदान करने का काम कर रही है। टीकाहारा का अपना पंचायत भवन होने से पंचायत प्रतिनिधियों व आम जनता को सहूलियतें मिलेंगी। पंचायत के कामकाज सुचारू रुप से संपादित किए जा सकेंगें। उन्होंने कहाकि क्षेत्र में लगभग हर सरना स्थल की चहारदीवारी करायी जा रही है। इस मौके पर उन्होंने टीकाहारा पंचायतभवन में ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं कोभी सुना और प्राथमिकता साथ समाधान का भरोसा दिया। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों और ग्रामीणों ने माननीय मंत्री जी का परंपरागत रूप से जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया। वही इसके पहले माननीय मंत्री जी ने महुआटांड़ में आयोजित श्री श्री 108 श्री शिव परिवार सात दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा रूद्र महायज्ञ के प्रारंभ के अवसर पर सम्मिलित हुए। वे कलश यात्रा में शामिल हुए।

### कथारा बाजारटांड़ व क्षेत्रीय अस्पताल में दो गुटों में आपसी भिड़ंत, सात घायल

**कथारा।** बोड़िया दक्षिणी पंचायत के बाजारटांड़ कथारा में देर संध्या दो गुटों में आपसी भिड़ंत हो गई, जिसमें दोनों गुट से कई घायल हो गए। घायल जब अस्पताल पहुंचे वहां भी दोनों पक्ष आपस में भीड़ गए। क्षेत्रीय अस्पताल कुछ देर के लिए रणक्षेत्र बन गया। इस क्रम में दोनों पक्ष से कुल सात महिला पुरुष घायल हो गए।

### जनता मजदूर संघ छोड़कर दर्जनों लोग आरसीएमयू में हुए शामिल

**बेरमो।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन अमलो की ओर से ढ़ोरी क्षेत्र के एएडीओसीएम (अमलो) एकसाभेशन परिसर में मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जनता मजदूर संघ छोड़कर दर्जनों कोयला मजदूरों ने एरिया कार्यकारी अध्यक्ष सह शाखा सचिव गणेश मल्लाह के समक्ष राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन का दामन थामा। मौके पर गणेश मल्लाह ने कहा कि कई जमसं छोड़कर विधायक कुमार जयमंगल सिंह पर आस्था रखते हुए मजदूर अब हमारे साथ जुड़ रहे हैं। श्री मल्लाह ने कहा कि यूनियन की रीति नीति से प्रभावित होकर 30-35 मजदूर सदस्यता ग्रहण की हैं। शाखा अध्यक्ष जयराम सिंह सहित महफूज आलम और प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि हमारी संगठन श्रमिकों के हित के लिए काम करता है। इसी से प्रभावित होकर लोग यूनियन की सदस्यता ग्रहण की है। जिससे संगठन को मजबूती मिलेगी।

### डॉ राजकुमार को निदेशक पद से हटाना दुर्भाग्यपूर्ण : अमर बाउरी

**बेरमो।** फुसरो स्थित 16 वी लोकसभा सांसद रविंद्र कुमार पांडेय के आवासीय कार्यालय मे पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने रिम्स निदेशक डॉ राजकुमार को रिम्स निदेशक पद से हटाने दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई इसिलए की गयी क्योंकि उन्होंने दो दिन पूर्व रिम्स शासी निकाय की हुई बैठक में करोड़ों के गलत भुगतान करने का सरकारी आदेश नहीं माना और सही बात कह दी. उनके द्वारा रिम्स में किया जा रहा सुधार सरकार को रास नहीं आया। उन्होंने कहा है कि स्वास्थ्य मंत्री और विभागीय अधिकारियों के भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की वजह से डॉ राजकुमार पर यह कार्रवाई हुई है।

### माहेर संस्था ने विधिक जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन, थाना प्रभारी ने दिए कई टिप्पस

**फुसरो।** फुसरो नप क्षेत्र के अंबेडकर कॉलोनी स्थित सामुदायिक भवन में माहेर संस्था ( माँ का घर) के द्वारा विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की ललिता किंडो ने की. यहाँ मुख्य रूप से मौजुद बेरमो थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने महिलाओ से कहा कि समाज में गरीबी कबूल मगर गंदगी कबूल नही है. कहा कि स्वच्छता को लेकर जिस प्रकार कोरोना काल में लो।गों ने ध्यान दी, उसी प्रकार वर्तमान समय में की महिलाए व लोग स्वच्छता पर जरूर ध्यान दे. बच्चो को शिक्षित करने में शौक के कारण अधिक खर्च न करें, क्योंकि आपके द्वारा बचत किया गया रुपया आपके बुरे समय में काम आता है. महिलाओ को मुढ़ी बाँधकर रखना है, कभी- कभी मुठी खोलकर रुपये का सदुपयोग करें. किसी काम को बड़ा या छोटा नही होता हर व्यक्ति का अपना काम सर्वश्रेष्ठ होता है।

### कोयला उपलब्ध नहीं होने के कारण नहीं हो रहा उठाव : सेल कमिटी

**बेरमो।** सीसीएल के बीएंडके एरिया के सभी परियोजना में लोकल सेल में ई-ऑक्शन के माध्यम से कोयला उठाव होता है। कारो परियोजना मे कोयला की मांग को लेकर सेल कमेटी ने शनिवार को कारो मोड़ मे सड़क जाम कर दिया। जिससे कोयला परिवहन बाधित हुआ है। इन दिनों कारो परियोजना मे ई-ऑक्शन के अनुपात में कोयला उपलब्ध नहीं रहने के कारण कोयला का उठाव नहीं हो पा रहा है। सेल कमिटि के अध्यक्ष मोनु सिंह का कहना है कि कोयला नहीं मिलने के कारण कोयला का उठाव नहीं होता है। व्यवसायियों ने कहा कि प्रबंधन ऑक्शन के हिसाब से लोकल सेल में पर्याप्त मात्रा में कोयला उपलब्ध कराये। ताकि कोयला से जुड़े सभी तरह के व्यापारियों को इसका लाभ मिल सके। कहा कि ई-ऑक्सन से कोयले का उठाव होने से सीसीएल को भी अधिक फायदा होता है। मौके पर लोकल से जुड़े सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## कसमार प्रखंड के मंजूरा में धूमधाम से हुआ संपन्न

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के मंजूरा गांव स्थित नाइया जेहराथान में मंजूरा पंचायत के आदिवासी कुड़मी समाज ने सरहुल पर्व धूमधाम से मनाया। गांव के नाइया जानकी महतो गुलिआर ने खीर का भोग चढ़ाकर सरना स्थल नाइया जेहराथान में पूजा की। तत्पश्चात नाइया जेहराथान से ही ग्रामीणों ने नाया को झागड़ हाड़ी से सर पर पानी डालते हुए घर तक लाए। अपने पुरखों के वास स्थल भुतपिढ़ा के समक्ष नाया को बैठाकर गांव की महिलाओं एवं बच्चियों ने नाया को तेल हल्दी लगाकर उनके सिर पर पानी डाल आशीर्वाद लिया।

## कैथिया बहियार में मिली अज्ञात महिला के शव की हुई शिनाख्त

**गोड्डा।** जिले के बंसतराय थाना क्षेत्र अंतर्गत अमरपुर कैथिया बहियार में गुरुवार की सुबह अज्ञात महिला का शव मिला था जिसकी शिनाख्त कर ली गई है। मृतका का नाम रूही खातून, उम्र करीब 25 वर्षीय, पिता हारून राशिद है जो बिहार के धोरैया थाना अंतर्गत रविडीह का बताया गया। मृतिका के पिता हारून ने दूरभाष पर बताया कि उनकी लड़की का किसी लड़के के साथ प्रेम प्रसंग था और ईद के दो दिनों के बाद मेरी लड़की घर से उस लड़के के साथ भाग गई थी। मृतका के पिता ने अपने स्तर से काफी खोजबीन किया था लेकिन लड़की का पता नहीं चल पाया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए गोड्डा सफर अस्पताल भेज दिया था।

# ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका ने वर्षों पुरानी परेशानी से दिलाया छुटकारा



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा /महागामा।** वर्षों से उपेक्षा का शिकार रहा झारखंड बिहार के सीमावर्ती क्षेत्र हनवारा से सन्हौला जाने वाला मुख्य मार्ग आखिरकार अब पूरी तरह से चकाचक हो गया है। इस बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण ने स्थानीय लोगों के जीवन में नई राहत और उम्मीद की किरण जगाई है। क्षेत्र के लोग इस बदलाव का श्रेय विकास के नाम से जानने वाले लोकप्रिय और कर्मठ ग्रामीण विकास मंत्री सह महागामा विधानसभा क्षेत्र के विधायक दीपिका पाण्डेय सिंह को दे रहे हैं, जिन्होंने अपने कार्यकाल में इस परियोजना को प्राथमिकता दी और इसे धरातल पर उतारने में कोई कसर नहीं छोड़ी। पहले यह सड़क इतनी खराब स्थिति में थी कि बारिश के दिनों में यहां से गुजरना किसी चुनौती से कम नहीं था। स्कूल जाने वाले बच्चे हों या अस्पताल जाने वाले राहगीर , सभी को कीचड़, गड्ढों और धूल-धक्कड़ से जूझना पड़ता था एवं जान को हथेली पर रखकर गुजरना पड़ता था आए दिन दुर्घटनाएं होती थीं और इसको लेकर आमजन में भारी असंतोष व्याप्त था दीपिका पाण्डेय सिंह, जो शुरू से ही जमीनी स्तर पर कार्य करने के लिए जानी जाती हैं, ने इस समस्या को गंभीरता से लिया और लगभग 2 करोड़ की लागत से सड़क को बनवाने का काम क्या है चौमुखी विकास में यातायात यानी सड़क की अहम भूमिका होती है इन सबको ध्यान में रखते हुए जनता की समस्याओं को अपनी प्राथमिकता मानते हुए उन्होंने न सिर्फ विभागीय स्तर पर लगातार संघर्ष किया, बल्कि खुद कार्य प्रगति की निगरानी भी की। उनकी सक्रियता और मजबूत इच्छाशक्ति के चलते यह सड़क आज एक आदर्श मार्ग के रूप में सामने आई है। सड़क निर्माण पूर्ण होने के बाद पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। ग्रामीणों ने दीपिका पाण्डेय सिंह के प्रति आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने न सिर्फ सड़क बनवाई, बल्कि हमारे जीवन को भी सरल बनाया। स्थानीय ग्रामीण ने बताया, ह्नदीपिका पांडे सिंह जी ने जो काम किया है, वह वर्षों से किसी ने नहीं किया। अब इस रास्ते से गुजरना आसान हो गया है, एम्बुलेंस भी बिना परेशानी के गांव तक पहुंचती है। यह किसी सौगात से कम नहीं है।स्वय सहायता समूह की महिलाओ ने कहा, दीपिका दीदी हमारे लिए आशा की किरण हैं।

## कारगली मे भाजपा का सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ आयोजित

**बेरमो।** बेरमो विधान सभा के फुसरो नगर परिषद क्षेत्र स्थित कल्याण मंडप करगली में भारतीय जनता पार्टी का सक्रिय सदस्यता सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमे कार्यकर्ताओ से पार्टी की नीतियाँ जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। जिसमे पूर्व मंत्री सह चंदनक्यारी के पूर्व विधायक अमर बाउरी ने कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए कहा की आज कार्यकर्ताओ की वजह से पार्टी एक विशाल पार्टी का रूप ले पायी है।

## पूर्व की भांति रीजनल अस्पताल करगली में होगी इलाज : श्यामल

**बेरमो।** आरसीएमयू के रीजनल अध्यक्ष श्यामल कुमार सरकार ने शनिवार को अपने आवासीय कार्यालय में प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि सीसीएल बीएंडके प्रक्षेत्र के करगली रीजनल अस्पताल को केन्द्रीय अस्पताल ढ़ोरी मे मर्ज नही की जायेगी। इस दौरान उन्होंने कहा कि अब पूर्व की भांति इस अस्पताल के वार्ड में लोग भर्ती हो सकेंगे और आउटडोर में भी उपचार करा सकेंगे। श्री सरकार ने कहा कि सीसीएल की डीपी हर्ष नाथ मिश्रा ने कहा है कि रिजनल अस्पताल करगली को चार डॉक्टर सहित समुचित मात्रा में दवा उपलब्ध कराई जाएगी। इस मौके पर जयनाथ तांती, रोशन सिंह ,प्रताप सिंह ,किशोरी शर्मा, हरिमोहन सिंह, गौतम सिंह गुप्ता ,शरण सिंह राणा सुकुमारी जी आदि मुख्य रूप उपस्थित थे।

# सीओ के रोक के बावजूद अवैध रूप से हो रहा है मकान का निर्माण



अवैध निर्माण भवन

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सदर प्रखंड में जबरन जमीन कब्जाने का मामला सामने आया है। इसकी जानकारी प्रथम पक्ष मधुर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि सदर प्रखंड के करहड़बिल मौजा 14 के दाग नंबर 1414 के कुल रखवा एक बीघा आठ कट्ठा जमीन बासौडी मलिकान के नाम से पर्चा में दर्ज है। जिसमें 1414 के अंश तीन कट्ठा जमीन शंकरी देवी पति स्व शारदा प्रसाद सिंह के नाम से ऑनलाइन पंजी टू में दर्ज है। यह भूमि स्व शारदा प्रसाद सिंह को जमींदारी व्यवस्था में सहयोग के लिए यह जमीन प्राप्त हुआ है। वर्तमान में इस जमीन पर जबरन मकान बना लिया गया है। जबकि इस बावत अंचलाधिकारी द्वारा यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया गया था। लेकिन जबरन इस जमीन पर मकान का निर्माण कर लिया गया। चुकी मकान निर्माण करने वाला द्वितीय पक्ष बद्रीदयाल गुप्ता मोहल्ले में बहुसंख्यक है। इस जमीन पर जबरन मकान निर्माण को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी के न्यायालय में एचआरसी बाद 07 2022-23 लंबित है एवं भूमि सुधार उपसमाहर्ता दुमका के यहां वाद संख्या 17/2023-24 लंबित है। जिसका निष्पादन अभी तक नहीं हो पाया है। लंबित वाद में अंचलाधिकारी के रिपोर्ट की मांग की गई है। लेकिन अभी तक पांच बार रिमाइंडर के बावजूद अंचलाधिकारी के द्वारा किसी प्रकार का कोई रिपोर्ट समर्पित नहीं किया गया है। किस परिस्थिति में किस कागजात के आधार पर नामांतरण बाद 61/2022-23 का निष्पादन हुआ है। यह जांच का विषय है। इस मकान निर्माण में रोक के बावजूद जबरन बद्रीदयाल गुप्ता के द्वारा शंकरी देवी के जमीन को मिलाकर बना लिया गया। दोनों पक्षों के बीच कानूनी विवाद चल रहा है। फैसला आना अभी बाकी है। जब तक फैसला नहीं आ जाता है।

# कसमार में जल संरक्षण पखवाड़ा कार्यक्रम संपन्न




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** कसमार स्थित पीएम श्री + 2 उच्च विद्यालय में आयोजित जल संरक्षण पखवाड़ा कार्यक्रम में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डा रणजीत कुमार झा ने जल संरक्षण हेतु सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है- जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। जल बचाने का करो जतन- ये है जीवन का अनमोल रतन। संसार के कई नगर जल के बिना उजड़ गये। हमारे देश में गर्मी के दिनों में लातूर जैसे स्थानों पर ट्रेन से पानी भेजवाना पड़ता है। झारखंड के भी कुछ नगरों में गर्मी के दिनों में पानी का घोर अभाव हो जाता है और कुछ अपार्टमेंट वालों को पानी का टैंकर मंगाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थी जल संरक्षण के प्रति जागरूक होकर अपने घरवालों को आस-पड़ोस में टोले-मुहल्ले एवं गांव वालों को भी जल संरक्षण के प्रति जागरूक करें। गर्मी के दिनों में कोई जीव-जन्तु प्यासा न मरे इसलिए सभी विद्यार्थी अपने घर के पास छाया में एक बर्तन में प्रतिदिन जल अवश्य भरें। जल की कहीं बबार्दी न हो इसका विशेष ध्यान रखेंगे। जल संरक्षण हेतु कुएं व तालाब एवं डोभा आदि का जीर्णोद्धार करवाने हेतु जनप्रतिनिधियों को कहेंगे। अपने-अपने घरों में वर्षा जल के संरक्षण हेतु वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाएंगे। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति की संयोजिका संगीता कुमारी सुजाता कुमारी सीमा ठाकुर सुमन कुमारी रितेश महथा अजय कुमार दूबे नितेश प्रजापति दिनेश महतो मेहताब खातून नजरूल अंसारी रिजवान अंसारी नीलिमा बान सिंह त्रिभुवन पाण्डेय प्रीतम कुमार आदि शिक्षक/शिक्षिकाएं व विद्यार्थीगण एवं अन्य सामाजिक व्यक्ति उपस्थित थे।

## डीआरडीए निदेशक ने की समीक्षा बैठक, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**बोकारो।** उपायुक्त विजया जाधव के निर्देशानुसार डीआरडीए निदेशक मेनका ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में पूर्व में आयोजित जिला स्तरीय विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक के अनुपालन प्रतिवेदन की विभागवार समीक्षा बैठक किया। मौके पर सभी विभागों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। डीआरडीए निदेशक ने बताया कि कुछ दिनों में दिशा की बैठक प्रस्तावित है।

## बकरे की बलि चढ़ाने के दौरान व्यक्ति का कटा हाथ

**गोड्डा।** कझिया नदी के पास छुरिया बाबा स्थान के पास बलि देने के नाम पर युवक का हाथ काटने की घटनाएं की घटनाएं सामने आई है। जहां एक युवक बकरे की बलि चढ़ाने गया था, लेकिन बलि नहीं चढ़ पाने के कारण बाबा ने उनके बायां हाथ काट डाला।इस घटने से हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। आस-पास के लोगों में सनसनी फैल गई। लोगों के बीच भय का माहौल बन गया। हालांकि इस घटना में स्थानीय प्रशासन अपनी जांच में जुट गई है।

# मंत्री ने विधुत विभाग के जीएम के समक्ष अधिकारियों एंव संवेदकों को लगाई फटकार

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट।** मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने विद्युत विभाग के महाप्रबंधक के समक्ष अधिकारियों एवं संवेदकों को लगाई कड़ी फटकार ।गोमिया विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न पंचायतों प्राथमिकता के आधार पर बिजली आपूर्ति बहाल करने की दी हिदायत मेरे कार्यकाल में नजर अंदाजी बर्दाश्तनहीं। गोमिया विधान सभा अंतर्गत कथारा टी आर डब्ल्यू बनाया जाएगा ताकि उसका स्थल निरीक्षण भी किया गया है।टी आर डब्ल्यू बने से सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के ग्रामीणों को काफी सहूलियत होगी ट्रांसफार्मर खराब होने पर बोकारो और धनबाद जाना पड़ता था जो काफी दूरी तय करना पड़ता था उस परेशानी से लोग अब बचेंगे। तेनुघाट टूरिस्ट कांप्लेक्स बिजली विभाग के वरीय अधिकारियो के साथ बैठक की ।जिसमें अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुवा, महा प्रबंधक सह मुख्य अभियंता विद्युत आपूर्ति धनबाद अशोक कुमार सिन्हा,अधीक्षण अभियंता विद्युत प्रमंडल चास डी के सिंह,विद्युत कार्यपालक अभियंता तेनुघाट प्रभाकर कुमार ,अंचल अधिकारी गोमिया आफताब आलम,गोमिया प्रखंड विकास पदाधिकारी महादेव महतो शामिल थे।अनुमंडल पदाधिकारी,बिजली विभाग के मुख्य अभियंता ने पुष्प गुच्छ दे कर मंत्री महोदय का स्वागत किया। बोकारो जिला में कैसे बेहतर बिजली बहाल हो उस बात को लेकर चर्चा की और सख्त निर्देश दिया कि हर हाल गर्मी को देखते हुए जर्जर बिजली तार एवं बिजली पोल को सुदृढ़ करे ताकि लोगों तक बेहतर बिजली पहुंच सके। अधिकारियों को निर्देश दिया कोई कमी या परेशानी का सीधा संवाद हमसे करे। उन्होंने कहा प्राथमिकता का मापदंड क्या तय किया है आपने जिस गांव में बिजली नहीं है पहले उस गांव में बिजली बहाल हो । जिस गांव में कई माह से ट्रांसफार्मर खराब के कारण विद्युत नहीं मिल रहा है उसे तुरंत विद्युत आपूर्ति करे छोटे छोटे त्रुटी के कारण कोई गांव अंधकार में है तो उसे तुरंत विद्युत आपूर्ति करे । और जो संवेदक कार्य के प्रति लापरवाही बरतती है तो उसे ब्लैकलिस्टेड करे। सरकार का मतवाकांक्षी योजनाओं से क्षेत्र के गरीब गुरबों को कैसे लाभ पहुंचे इस दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है। सरकार के द्वारा ग्रामीणों का बिजली बिल माफी को लेकर भी सरकार गंभीर है जिस गरीब का अबतक बिजली बिल माफ नहीं हुआ है उसका भी लिस्ट तैयार करे।जर्जर बिजली की तार ,पोल को दुरुस्त करने का अविलंब निर्देश विभाग को दिया है। इस मौके पर पेटरवार प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष महतो, तेनुघाट ओपी प्रभारी अजीत कुमार,सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### मोदी कल लोकसेवकों को करेंगे सम्मानित



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17वें लोक सेवा दिवस के अवसर पर 21 अप्रैल को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में लोक सेवकों को संबोधित करेंगे। पीएमओ के अनुसार इस साल प्रधानमंत्री लोक सेवकों को जिलों के समग्र विकास, आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम और नवाचार की श्रेणियों में 16 पुरस्कार प्रदान करेंगे। इसके माध्यम से उन्हें आम नागरिकों के कल्याण के लिए किए गए कार्यों के लिए सम्मानित किया जाएगा।

### बीजापुर में नक्सलियों के 12 डम्प बरामद

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के कैम्प जीड़पल्ली से कोबरा 208 की टीम ने माओवादी विरोधी अभियान के दौरान मुर्कराजगुटटा की जंगल पहाड़ी में माओवादियों के द्वारा बंकरनुमा संरचना में छिपाया गया 12 डम्प बरामद किया। डम्प को माओवादियों के द्वारा कांक्रीट आरसीसी स्लेब से बने बंकरनुमा कक्ष में छिपाकर रखा गया था। बंकरनुमा कमरा 20गुणा08 फिट साईज का था। उक्त बंकर से माओवादियों द्वारा छुपाकर रखे गये छह सोलर प्लेट, छह जरकीन, दो माओवादी वर्दी, दो नग सिलिंग पंखा बरामद किया गया।

### 'निकिता रॉय' 30 मई को होगी रिलीज




**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा की फिल्म निकिता रॉय 30 मई को रिलीज होगी। इस फिल्म में एक पावर-पैक्ड कास्ट नजर है,जिसमें सोनाक्षी सिन्हा, अर्जुन रामपाल, परेश रावल और सुहैल नय्यर जैसे बेहतरीन कलाकार मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म को कुश एस सिन्हा ने निर्देशित किया है। निकिता पाई फिल्म्स लिमिटेड के बैनर तले बनी निकिता रॉय का नेतृत्व किंजल अशोक घोने ने निकी खेमचंद भगनानी, विक्की भगनानी, अंकुर टकरानी, दिनेश रतिराम गुप्ता व क्रेटोस एंटरटेनमेंट के सहयोग से किया है।

### इटली की जेल में बना सेक्स रूम

**रोम।** इटली की जेलों में एक नया प्रयोग किया गया है। यहां जेल के अंदर ही सेक्स रूम बनाया गया गया। शुक्रवार को एक कैदी ने पहली बार अपनी महिला मित्र से यहां मुलाकात की। कोर्ट के आदेश के बाद जेल में सेक्स रूम बनाया गया है। इटली की अदालतों का मानना है कि कैदी जेल से बाहर रहने वाले अपने पार्टनर के साथ अंतरंग पल बिता सकते हैं। कोर्ट से हरी झंडी मिलने के बाद जेलों में सेक्स रूम का निर्माण किया जा रहा है। पहला सेक्स रूप टेर्नी की जेल में बनाया गया है। अम्ब्रिया के लोकपाल यूसेप्पे कैफोरियो ने कहा कि इसमें शामिल लोगों की निजता की सुरक्षा को बनाए रखना भी आवश्यक है।

### पहली बार समुद्र के रास्ते न्यूयार्क पहुंचा भारतीय अनार

**नयी दिल्ली।** भारतीय अनार को दूर-दराज के बाजारों में पेश करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल के तहत इस फल की वाणिज्यिक खेप पहली बार समुद्र के रास्ते न्यूयॉर्क पहुंचायी गयी है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने भारत के ताजे फलों के निर्यात में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है। मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि ताजे फलों की अंतर्राष्ट्रीय मांग बढ़ रही है और इस खेप के अमेरिका पहुंचने से वहां के प्रतिस्पर्धी बाजार में भारतीय अनार के एक पसंदीदा विकल्प बनने की संभावना का संकेत मिल रहे हैं।

# गलवान और सियाचिन में भी मोबाइल कनेक्टिविटी

## सेना ने पूरे लद्दाख क्षेत्र में भी पहुंचाया 5 जी मोबाइल नेटवर्क

**एजेंसी**

**लद्दाख।** गलवान और सियाचिन ग्लेशियर सहित दुनिया के कुछ सबसे दुर्गम इलाकों में तैनात सैनिक अब अपने प्रियजनों के साथ संपर्क में रह सकते हैं, क्योंकि सेना ने लद्दाख क्षेत्र में विश्वसनीय हाई-स्पीड मोबाइल कनेक्टिविटी की सुविधा प्रदान की है। पहली बार दुनिया के कुछ सबसे दुर्गम इलाकों जैसे डीबीओ, गलवान, डेमचोक, चुमार, बटालिक, द्रास और सियाचिन ग्लेशियर में तैनात सैनिकों तक विश्वसनीय 4 जी और 5 जी मोबाइल कनेक्टिविटी तक पहुंच है। सेना के अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि पूर्वी लद्दाख, पश्चिमी लद्दाख और

**▸▸ सेना की इस पहल से 18 हजार फीट से अधिक ऊंचाई पर अग्रिम चौकियों पर तैनात सैनिकों का बढ़ेगा मनोबल**

सियाचिन ग्लेशियर के अग्रिम स्थानों सहित लद्दाख के दूरदराज और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में अभूतपूर्व मोबाइल कनेक्टिविटी की सुविधा प्रदान कर दी गई है। सेना की इस पहल से 18 हजार फीट से अधिक ऊंचाई पर अग्रिम चौकियों पर तैनात सैनिकों के लिए एक बड़ा मनोबल बढ़ाने वाला साबित हुई है, जिससे उन्हें अपने परिवार और प्रियजनों के साथ जुड़े रहने में मदद मिली है। भारतीय सेना ने अपने





मजबूत ऑप्टिकल फाइबर केबल बुनियादी ढांचे का लाभ उठाते हुए दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) और लद्दाख के केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन के साथ भागीदारी की है।सेना के अधिकारियों ने कहा कि फायर एंड फ्यूरी कॉर्प्स ने इस तालमेल को सक्षम करने में अग्रणी भूमिका निभाई है, जिसके तहत सेना के बुनियादी ढांचे पर कई मोबाइल टावर लगाए गए हैं, जिनमें अकेले लद्दाख और कारगिल जिलों में चार प्रमुख टावर शामिल हैं। विशेष रूप से सियाचिन ग्लेशियर पर 5 जी मोबाइल टावर की सफल स्थापना थी। अधिकारियों ने कहा कि स्थानीय आबादी ने इस पहल का अत्यधिक आभार के साथ स्वागत किया है। मोबाइल कनेक्टिविटी केवल एक संचार उपकरण नहीं है, बल्कि यह भारतीय सेना की दूरदर्शी पहल राष्ट्रीय एकीकरण और विकास के लिए अपनी स्थायी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

## अफगानिस्तान में भूकंप के झटके

**पाकिस्तान, जम्मू-कश्मीर और दिल्ली में भी डोली धरती**


**काबुल।** अफगानिस्तान में शनिवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये। भूकंप के झटके पाकिस्तान, जम्मू-कश्मीर और दिल्ली में भी महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंपीय निगरानी केंद्र ने बताया कि रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.8 मापी गयी। अफगानिस्तान में शनिवार को दोपहर 12:17 बजे (भारतीय समयानुसार) यह भूकंप आया। दिल्ली-एनसीआर और जम्मू-कश्मीर समेत उत्तर भारत के कई इलाकों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। अफगानिस्तान में और भारत में भी अभी तक किसी नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

# बांग्लादेश में हिंदू नेता की पीट-पीटकर हत्या

## अल्पसंख्यकों की सुरक्षा दे यूनुस सरकार : भारत

**एजेंसी**

**ढाका/नयी दिल्ली।** बांग्लादेश के दिनाजपुर जिले में हिंदू नेता को घर से अगवा करके उसकी बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। ढाका से लगभग 330 किलोमीटर दूर उत्तर पश्चिम में दिनाजपुर के बसुदेवपुर गांव के निवासी भावेश चंद्र रॉय का शव बरामद किया गया। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार भावेश चंद्र रॉय इलाके में हिंदू समुदाय के प्रमुख नेता थे, जो बांग्लादेश पूजा उद्यापन परिषद की बिराल इकाई के उपाध्यक्ष भी थे। वहीं, एक अन्य घटना में हिंदू प्रधानाध्यापक कांतिलाल आचार्य को बंधक बनाकर उन्हें अपने पद से त्यागपत्र देने के लिए मजबूर कर दिया गया। स्थानीय मीडिया के अनुसार, भवेश चंद्र अपने इलाके में हिंदू समुदाय के एक प्रमुख नेता थे। वह बांग्लादेश पूजा उत्सव परिषद की बिराल इकाई के उपाध्यक्ष भी थे। भावेश की पत्नी शांतना के मुताबिक उनके पति को 17 अप्रैल को शाम करीब 4:30 बजे एक फोन आया था। ये फोन अपराधियों ने ये जानने के लिए



**बांग्लादेश पूजा उद्यापन परिषद की बिराल इकाई के उपाध्यक्ष भावेश चंद्र को घर से अगवा कर अपराधियों ने मार डाला**

**▸▸ बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं पर हो रहे हैं अत्याचार : खड़गे**

किया था कि वे घर पर है या नहीं। शांतना ने बताया कि फोन के आने लगभग आधे घंटे बाद 5 बजे, दो मोटरसाइकिलों पर 4 लोग आए और भावेश को घर से उठाकर ले गए। गवाहों का कहना है कि उसके बाद भावेश को बदमाश लोग नाराबारी गांव ले गए, जहां उन्हें बेरहमी से पीटा गया। उसके बाद बेहोशी की हालत में भावेश को एक वैन में भरकर घर भेज दिया गया। आनन-फानन में जब हम भावेश को अस्पताल ले गए तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। भारत ने शनिवार को बांग्लादेश में एक हिंदू अल्पसंख्यक नेता के कथित अपहरण और हत्या की निंदा की और ढाका की अंतरिम सरकार से अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की अपनी जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि भावेश चंद्र रॉय की क्रूर हत्या ने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न की प्रवृत्ति नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि हमने बांग्लादेश में एक हिंदू अल्पसंख्यक नेता भावेश चंद्र रॉय के अपहरण और क्रूर हत्या को देखा है। जायसवाल ने कहा कि यह हत्या अंतरिम सरकार के तहत हिंदू अल्पसंख्यकों की योजनाबद्ध उत्पीड़न की प्रवृत्ति का एक तरीका है, जबकि पिछली ऐसी घटनाओं के अपराधी दंड से बचकर (अब तक) घूम रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम इस घटना की निंदा करते हैं और एक बार फिर अंतरिम सरकार को याद दिलाते हैं कि वह बिना किसी बहाने के या भेदभाव के हिंदुओं समेत सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा करने की जिम्मेदारी को पूरा करें। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं पर अत्याचार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों पर भी हमले जारी हैं। हाल ही में बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार ने भारत के पूर्वोत्तर राज्यों के बारे में बहुत ही निंदनीय और निराशाजनक टिप्पणी की। बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों पर अत्याचार, मानवाधिकारों का उल्लंघन, 1971 के मुक्ति संग्राम की यादों को मिटाने की कोशिश, भारत व बांग्लादेश के बीच संबंधों को कमजोर करने का प्रयास है।

## फिर एकसाथ आ सकते हैं उद्धव और राज ठाकरे

**मुंबई।** महाराष्ट्र में शनिवार को शिवसेना यूबीटी और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के बीच राजनीतिक गठबंधन होने के संकेत मिलने लगे हैं। मनसे के अध्यक्ष राज ठाकरे ने कहा कि उनके बीच कोई बड़े मसले नहीं हैं, इसलिए वे उद्धव ठाकरे के साथ गठबंधन के लिए तैयार हैं। उद्धव ठाकरे ने भी गठबंधन के लिए तैयार होने की इस शर्त के साथ हामी भरी है कि राज ठाकरे को भाजपा और शिंदे समूह से दूर रहना होगा। मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे ने अपने मित्र और फिल्म अभिनेता महेश मांजरेकर के पॉडकास्ट में एक साक्षात्कार दिया था। इसमें महेश मांजरेकर ने सीधे राज ठाकरे से उद्धव ठाकरे के साथ गठबंधन के बारे में पूछा था। इस सवाल का जवाब देते हुए राज ठाकरे ने कहा कि हमारे बीच विवाद, झगड़े, बातें छोटी-मोटी हैं। महाराष्ट्र उससे कहीं बड़ा है। महाराष्ट्र और मराठी लोगों के अस्तित्व के लिए वे उद्धव ठाकरे के साथ काम कर सकते हैं। राज ठाकरे ने कहा कि उनके अंदर कोई ईगो नहीं है, महाराष्ट्र की भलाई के लिए वे उद्धव ठाकरे के साथ मिलकर काम करने को तैयार हैं। राज के इस बयान के बाद उद्धव ठाकरे ने कहा कि मैं साथ आने के लिए तैयार हूं। मैंने भी सभी विवादों को भुला दिया, लेकिन पहले यह तय कर लें कि मेरे साथ आना आपके हित में है या भाजपा के साथ।

## सत्य का साधक हूं : राहुल

**कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष बोले सच्चाई के लिए खड़े होना गांधी-नेहरू की परंपरा रही है**

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि सच्चाई के लिए खड़े होना गांधी-नेहरू की परंपरा रही है तथा वह खुद को नेता के रूप में नहीं देखते बल्कि सत्य का साधक (सीकर ऑफ ट्रुथ) मानते हैं। उन्होंने पूर्व सांसद और कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित के साथ एक पॉडकास्ट में नेहरू की राजनीति, आदर्श, विचार और योगदान के बारे बात की। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने इस संवाद के दौरान अमेरिकी शुल्क से जुड़े विषय का भी उल्लेख किया और दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी झुक गए, जबकि नेहरू और इंदिरा ऐसी परिस्थिति में कभी नहीं झुकते। उन्होंने अपने परिवार के राजनीतिक दर्शन का जिक्र करते हुए कहा कि राजनीति वास्तव में सत्य के लिए होती है। राहुल गांधी का कहना था कि नेहरू जी ने हमें राजनीति नहीं सिखाई, उन्होंने हमें डर का सामना करना और सच्चाई के लिए खड़ा होना सिखाया। उन्होंने भारतीय नागरिकों को उत्पीड़न का विरोध करने और अंततः स्वतंत्रता का उदघोष करने का साहस दिया। उनकी सबसे बड़ी विरासत सत्य की उनकी निरंतर खोज में निहित है। एक ऐसा सिद्धांत है जिसने उन सभी चीजों को आकार दिया जिनके लिए वे खड़े थे। उनके अनुसार, जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी ने कभी खुद को नेता के रूप में नहीं देखा और उनके परिवार का हमेशा यही मानना रहा कि राजनीति सच्चाई के लिए होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं भी खुद को नेता के रूप में नहीं देखता, बल्कि सत्य का साधक हूं। कांग्रेस नेता ने कहा कि भारत को उन स्थितियों का सामना करने की हिम्मत करनी पड़ेगी जो आज उसके सामने हैं। उन्होंने दावा किया, हआज भयंकर बेरोजगारी है, पूरा आर्थिक तंत्र विफल हो चुका है, देश में सद्भाव का अभाव है, यह सच्चाई है, इसे आपको स्वीकार करना पड़ेगा। राहुल गांधी का कहना था कि इस स्थिति से भारत के भविष्य को नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि गांधी, नेहरू, आंबेडकर, पटेल और बोस ने वास्तव में यही सिखाया कि डर से दोस्ती कैसे करें। राहुल ने कहा कि महात्मा गांधी एक साम्राज्य के सामने खड़े हुए और उनके पास सच्चाई के अलावा कुछ नहीं था। उन्होंने कहा कि चाहे मैं बिल गेट्स से बात करूं या रामचेत मोची से, मैं उनसे समान जिज्ञासा के साथ मिलता हूं।

## परिवारवादियों को सबका साथ सबका विकास स्वीकार नहीं

**एजेंसी**

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को विपक्षी दलों के नेताओं का नाम लिए बिना उनपर निशाना साधते हुए कहा कि जिन लोगों के मन में तानाशाही और अधिनायकवाद भाव है, वे विकास होते नहीं देखना चाहते। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग अपना और अपने परिवार का विकास चाहते हैं और इन लोगों को सबका साथ-सबका विकास स्वीकार्य नहीं है। आदित्यनाथ शनिवार सुबह रामगढ़ताल क्षेत्र में स्थित एक होटल के सभागार में एक प्रमुख मीडिया समूह के कार्यक्रम उत्सव अभिव्यक्ति का के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली

**पूर्व की सरकारों ने केवल अपना और परिवार का ही किया विकास : योगी**



सरकारों ने खुद को परिवार तक सीमित रखा और अपना व परिवार का ही विकास किया। आदित्यनाथ ने कहा कि उन्होंने प्रदेश के समग्र विकास को प्राथमिकता नहीं दी, जिसका नतीजा यह हुआ कि उत्तर प्रदेश के निवासियों के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया।

## पत्नी और दो बच्ची की हत्या में पति को फांसी और सास को उम्रकैद

**कटिहार।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश हेमंत कुमार त्रिपाठी ने पत्नी और दो नाबालिग बच्चियों की हत्या के मामले में दोषी पाते हुए पति मोहम्मद ताहिर को फांसी और उसकी मां आदीशन खातून को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इस मामले में न्यायालय ने ताहिर को शव छुपाने के आरोप में सात वर्ष की सजा और 50 हजार रुपये का आर्थिक दंड भी लगाया है, जबकि उसकी मां को तीन वर्ष की सजा और 50 हजार रुपये का आर्थिक दंड लगाया गया है। लोक अभियोजक पदाधिकारी शंभू प्रसाद ने बताया कि न्यायालय द्वारा सजा सुनाने के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया है। इस वाद में दो अन्य अभियुक्तों को दोष सिद्ध नहीं होने पर न्यायालय द्वारा रिहा कर दिया गया है।

## भारत-अमेरिका के बीच होगा ट्रेड एग्रीमेंट

**एजेंसी**

**▸▸ डील का मसौदा तैयार वाशिंगटन में होगी वार्ता**

**▸▸ वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल 23 से बातचीत का करेंगे नेतृत्व**

**नयी दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए दोनों देशों द्वारा अंतिम रूप दिए गए संदर्भ की शर्तों (टीओआर) में लगभग 19 अध्याय शामिल हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इनमें वस्तु, सेवाओं और सीमा शुल्क सुविधा जैसे मुद्दों को शामिल किया गया है। वार्ता को और गति देने के लिए, प्रस्तावित भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के लिए औपचारिक रूप से बातचीत शुरू करने से पहले कुछ मुद्दों पर मतभेदों को दूर करने के लिए एक भारतीय आधिकारिक दल अगले सप्ताह अमेरिका का दौरा कर रहा है। भारत के मुख्य वार्ताकार, वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल, दोनों देशों के बीच आमने-सामने की पहली वार्ता के लिए टीम का नेतृत्व करेंगे। अग्रवाल को 18 अप्रैल को अगले वाणिज्य सचिव के रूप में नियुक्त किया गया था। अधिकारी ने कहा कि वाशिंगटन में अमेरिकी समकक्षों के साथ तीन दिवसीय भारतीय टीम की वार्ता 23 अप्रैल से शुरू होगी। यह यात्रा एक उच्चस्तरीय अमेरिकी टीम के भारत दौरे के कुछ ही सप्ताह के भीतर हो रही है। यह बताती है कि बीटीए के लिए वार्ता गति पकड़ रही है। पिछले महीने दोनों देशों के बीच वरिष्ठ अधिकारी स्तर की वार्ता हुई थी। दक्षिण और पश्चिम एशिया के लिए सहायक अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ब्रेंडनलिंच भारतीय अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण व्यापार चर्चा के लिए 25 से 29 मार्च तक भारत में थे। दोनों पक्ष अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शुल्क पर नौ अप्रैल को घोषित 90 दिन की रोक का उपयोग करना चाहते हैं। 15 अप्रैल को वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा था कि भारत अमेरिका के साथ जल्द से जल्द वार्ता को समाप्त करने का प्रयास करेगा। उन्होंने कहा कि भारत ने अमेरिका के साथ व्यापार उदारीकरण का रास्ता अपनाने का फैसला किया है। दोनों पक्षों ने इस साल सितंबर-अक्टूबर तक समझौते के पहले चरण को पूरा करने का लक्ष्य रखा है, जिसका मकसद 2030 तक व्यापार को दोगुना करके 500 अरब डॉलर तक पहुंचाना है।

## मोतिहारी में छह अंतर्राष्ट्रीय साइबर अपराधी गिरफ्तार

**मोतिहारी।** पुलिस ने साइबर गिरोह के छह अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से बड़ी संख्या में मोबाइल फोन, फीचर फोन, सिम कार्ड, विभिन्न बैंकों के एटीएम कार्ड, पासबुक और 66,400 रुपए नकद बरामद किए गए हैं। इस नेटवर्क के तार पड़ोसी देश पाकिस्तान से जुड़े होने की बात भी सामने आई है। मोतिहारी एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि मोतिहारी साइबर थाने की पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर पहाड़पुर थाना क्षेत्र के सिसवा बाजार में छापेमारी कर छह साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनमें सिसवा बाजार चौबे टोला के अभिमन्यु कुमार उर्फ लालू, इमामुद्दीन अंसारी, क्यूम अंसारी, सहजाद आलम, सरवर सुल्तान और मनोवर आलम शामिल हैं।

# इस साल के अंत में भारत आयेंगे मस्क

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने शनिवार को कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी से बात करना उनके लिए सम्मानजनक है और वह इस साल के अंत में भारत आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

अरबपति बिजनेसमैन और पीएम मोदी ने इससे पहले कई मुद्दों पर चर्चा की, जिसमें टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाएं शामिल हैं। एलन मस्क ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया कि पीएम मोदी से बात करना सम्मानजनक है। मैं इस साल के अंत में भारत आने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। पीएम मोदी ने टेस्ला के सीईओ से कई मुद्दों पर



बातचीत की। पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, एलन मस्क से अलग-अलग मुद्दों पर बात की, जिसमें इस साल की शुरुआत में वाशिंगटन डीसी में हमारी बैठक के दौरान शामिल किए गए विषय भी शामिल हैं। हमने टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाओं पर चर्चा की। इन क्षेत्रों में भारत, अमेरिका के साथ अपनी साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। इससे पहले पीएम मोदी ने इस साल फरवरी में अमेरिका की अपनी यात्रा के दौरान वाशिंगटन में मस्क से मुलाकात की थी। बैठक के बाद पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा था कि वाशिंगटन डीसी में एलन मस्क के साथ बैठक अच्छी रही। हमने स्पेस, मोबिलिटी, टेक्नोलॉजी और इनोवेशन जैसे कई मुद्दों पर चर्चा की, जिनमें वे मुद्दे भी शामिल हैं,

**▸▸ टेस्ला के सीईओ बोले, मोदी से बात करना सम्मानजनक**

जिन्हें लेकर वे बेहद उत्साही हैं। मैंने सुधार और 'मिनिमम गवर्नमेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस' को आगे बढ़ाने की दिशा में भारत के प्रयासों के बारे में बात की। एक दूसरे पोस्ट में, पीएम मोदी ने मस्क के बच्चों के साथ बिताए गए कुछ क्षणों की झलकियां साझा कीं, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, हएलन मस्क के परिवार से मिलना और कई विषयों पर बात करना भी एक खुशी की बात थी! पीएम मोदी की मस्क के साथ बातचीत ऐसे समय में हुई है, जब टेस्ला भारतीय बाजार में प्रवेश करने के लिए तैयार है। यह घटनाक्रम भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए चल रही बातचीत की पृष्ठभूमि में भी हुआ है।

## पंजाब में आइएसआइ के 13 आतंकवादी गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए गए दो अभियानों में बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआइ) द्वारा विदेश से संचालित किए जा रहे आईएसआई समर्थित आतंकी मॉड्यूल का सफलतापूर्वक भंडाफोड़ किया है।

दोनों मॉड्यूल से 13 गुर्गों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 2 आरपीजी (लॉन्चर सहित), 2 आईईडी (2.5 किलो प्रत्येक), 2 किलो आरडीएक्स (रिमोट कंट्रोल), डेटोनेटर के साथ 2 ग्रेनेड, 5 पिस्तौल (बेरेटा और ग्लॉक), 44 जिंदा राउंड, वायरलेस सेट और 3 वाहन बरामद किए हैं।

गिरफ्तार आरोपियों में जतिंदर उर्फ हनी, जगजीत उर्फ जग्गा (कपूरथला), हरप्रीत और जगरूप (होशियारपुर) का नाम शामिल है।

